
हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
भोपाल, मंगलवार 17 जून 2025





# शांति के साथ समृद्धि और विकास की ओर बढ़ता बस्तर

**अब बस्तर एक संदेश है-**
**संभावनाओं का, समावेश का और स्वाभिमान का**

## सरकार की सकारात्मक नीतियों से खुले कृषि, उद्योग, पर्यटन, शिक्षा और तकनीकी उन्नयन के नए रास्ते

घने जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों से भरा-पूरा बस्तर वर्षों तक विकास से अछूता रहा। अपनी विशिष्ट जनजातीय संस्कृति और मनोरम प्राकृतिक दृश्यों से अक्सर चर्चा में रहने वाले बस्तर को माओवादी हिंसा का दंश भी झेलना पड़ा, लेकिन अब यहां शांति के साथ विकास के एक नए युग की शुरुआत हो रही है। बस्तर द्रुत गति से प्रगति पथ की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई में "विकसित बस्तर" का विजन धरातल पर उतरता दिख रहा है। यह एक समग्र रणनीति है, जिसमें कृषक, महिला, युवा उद्यमी और आदिवासी समुदायों के समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है। 'नियद नेल्ला नार' जैसे कार्यक्रम के जरिए माओवाद प्रभावित गांवों में सरकारी सेवाओं और सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है साथ ही, युवाओं का कौशल उन्नयन कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। कृषि में नवीनतम अनुप्रयोगों का दौर भी शुरू है। कृषकों को भरपूर सहायता दी जा रही है साथ ही सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार हेतु व्यापक प्रयास किया जा रहे हैं। इन सम्मिलित प्रयासों से बस्तर अब सतत् आगे बढ़ रहा है और प्रगति के नए आयाम गढ़ रहा है।

> विकसित बस्तर केवल एक नारा नहीं, यह उस बदलाव की कहानी है जो बस्तर को एक आत्मनिर्भर, समावेशी और सशक्त क्षेत्र के रूप में स्थापित करेगा। यह पहल न सिर्फ वर्तमान को संवार रही है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत नींव रख रही है। हमारा लक्ष्य केवल विकास नहीं, समावेशी विकास है। ऐसा विकास जिसमें बस्तर के हर किसान, महिला, युवा और आदिवासी भाई बहन की भागीदारी हो। विकसित बस्तर की यह योजना सिर्फ आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम है। हमने ठाना है, कि बस्तर को वह पहचान दिलाई जाए जिसका वह वास्तव में हकदार है। आत्मनिर्भर, गौरवशाली और प्रगतिशील बस्तर। यह परिवर्तन कोई सपना नहीं, बल्कि धरातल पर उतरती हकीकत है।
>
> **-श्री विष्णु देव साय**
> मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

### बस्तर में उद्योगों की वर्तमान स्थिति

**690** MSME इकाइयां संचालित

लौह अयस्क के निर्यात से **102** करोड़ रुपये की वार्षिक आमदनी

प्रमुख कंपनियाँ: NMDC, Essar, ब्रज इस्पात, AMNS इंडिया





## सरकार के वह प्रयास, जिनसे बदल रही बस्तर की पहचान

### कौशल विकास और रोज़गार

- मुख्यमंत्री कौशल विकास, पीएम कौशल योजना और नियद नेल्ला नार जैसे कार्यक्रमों से युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर
- 90,273 युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण
- 39.137 युवाओं को सीधे रोज़गार के अवसर
- 32 नए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना
- आत्मनिर्भर समर्पण नीति 2025 के तहत आत्मसमर्पित माओवादियों में से 222 को रोजगार हेतु प्रशिक्षण

### संस्कृति और प्रकृति के साथ विकास

- बस्तर दशहरा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का प्रयास
- बस्तर पर्यटन सर्किट का विकास
- स्थानीय संस्कृति और परंपरा के प्रचार-प्रसार पर जोर
- स्थानीय युवाओं को टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर
- तीरथगढ़ जलप्रपात पर ग्लास ब्रिज का निर्माण





**बस्तर में चहुंमुखी विकास**





### स्थानीय संसाधनों से समृद्धि

- औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत बस्तर संभाग को विशेष प्रोत्साहन
- स्टील उद्योग को 15 वर्षों तक रॉयल्टी प्रतिपूर्ति
- आत्मसमर्पित नक्सलियों हेतु रोजगार अवसर और वेतन सब्सिडी
- ST/SC वर्गों को उद्योग स्थापना हेतु अतिरिक्त 10% सब्सिडी
- 28 विकासखंडों में रखा MSME, खनिज, कृषि, फूड प्रोसेसिंग, वनोपज और पर्यटन उद्योगों को विशेष बढ़ावा
- नई औद्योगिक नीति में आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को विशेष प्राथमिकता
- बस्तर में बड़े उद्योगों की स्थापना की तैयारी
- घरेलू व लघु उद्योगों को भी बढ़ावा और क्षेत्रीय उत्पादों को बाज़ार से जोड़ना
- उद्योगों में 40% तक महिलाओं की सहभागिता का लक्ष्य

### किसानों की समृद्धि से बस्तर की खुशहाली

- जलवायु के अनुकूल मक्का और मिलेट्स उत्पादन के उत्पादन को प्रोत्साहन
- फसल विविधीकरण, जैविक खेती और सिंचाई का विस्तार
- किसानों की आय बढ़ाने के लिए खेती में आधुनिक तकनीकों का समावेश
- प्रोसेसिंग यूनिट और मार्केटिंग चैनल्स के जरिए कृषि उत्पादों का उचित मूल्य और बाज़ार उपलब्धता
- परंपरागत मोटे अनाजों को बढ़ावा देकर पोषण और आय दोनों बढ़ाना
- ऑर्गेनिक खेती को अंतरराष्ट्रीय बाज़ार से जोड़ने की दिशा में प्रयास
- मत्स्य पालन, बकरी पालन एवं शूकर पालन के लिए बजट में अतिरिक्त प्रावधान

### विगत डेढ़ वर्षों में...

- 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना
- 325 गाँवों में 17 विभागों की 53 योजनाओंऔर 31 सुविधाओं से विकास
- 435 से अधिक माओवादियों को न्यूट्रलाइज किया, 1432 से अधिक ने किया आत्मसमर्पण
- हेलीकॉप्टर नाइट लैंडिंग सुविधा के लिए 68 हैलीपैड पूर्ण, 13 निर्माणाधीन
- 275 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण
- 25,044 आयुष्मान कार्ड बना
- 45,287 ग्रामीणों का आधार कार्ड बना
- 98,172 ग्रामीणों का राशन कार्ड बना
- 607 नए मोबाइल टावरों की स्थापना
- 50 स्कूलों का पुन: संचालन शुरु

### सिंचाई सुविधाओं के विस्तार की भावी योजना

## बोधघाट और इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना

45 साल से अधर में लटकी बोधघाट परियोजना को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चर्चा की है और जल्द ही इस पर फिर से काम शुरू होगा। इस परियोजना से बस्तर सहित आधे छत्तीसगढ़ में दोनों सीजन में कुल मिलाकर सात लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, साथ ही 125 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होगा। इंद्रावती-महानदी लिंकिंग परियोजना से छत्तीसगढ़ के मैदानी इलाकों के किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। इंद्रावती नदी पर आधारित बोधघाट परियोजना का लक्ष्य दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर, राजनांदगांव, कवर्धा और मुंगेली जैसे जिलों में सिंचाई सुविधा प्रदान करना है। इसके अलावा, इससे हाइड्रो पावर के माध्यम से बिजली उत्पादन भी किया जाएगा।

### बस्तर का भविष्य: समृद्धि और विकास



**आत्मसमर्पित नक्सलियों को स्थायी आश्रय**
आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए 15,000 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति

**बस्तर ओलंपिक 2024**
बस्तर के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का मिला शानदार मौका

**मुख्यमंत्री सम्मान निधि**
बैगा, गुनिया और सिरहा को 5,000 रुपये की सालाना सम्मान निधि का लाभ

**अखरा निर्माण विकास योजना**
जनजातीय गांवों में खेल और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए नई योजना

**मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना**
माओवाद प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए ब्याज रहित ऋण व अन्य जिलों के विद्यार्थियों को 1% ब्याज दर पर ऋण

**वन अधिकार अधिनियम में बदलाव**
वन अधिकार पत्रधारकों के वारिसों को वन भूमि का हस्तांतरण मिलेगा

**सुशासन से समृद्धि की ओर...**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए Q.R. Code स्कैन करें

पर्यटन विकास | सांस्कृतिक पहचान से समृद्धि की ओर

## बस्तर दशहरा को अंतरराष्ट्रीय पहचान, पर्यटन सर्कल से खुलेंगे नए रास्ते

बस्तर दशहरा की अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान है, जिसे अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने की योजना बनाई गई है। यह न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को वैश्विक पहचान दिलाएगा। बस्तर पर्यटन सर्किट को विकसित करने, तीरथगढ़ जलप्रपात पर पारदर्शी पुल बनाने और स्थानीय युवाओं को पर्यटक गाइड के रूप में प्रशिक्षित करने की योजनाएं रोजगार, निवेश और सांस्कृतिक जागरूकता के तीनों पहलुओं को साधती हैं। बस्तर के धुड़मारास गांव को संयुक्त राष्ट्र संघ की तरफ से सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में मान्यता मिलना इस बात का प्रमाण है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में सरकार द्वारा बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे, कैंपिंग और ईको पर्यटन की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। बस्तर जिले में कोसारटेडा सिंचाई जलाशय को अब ईको-टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे यहां के महिला स्व-सहायता समूहों और ग्रामीण युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। चित्रकोट जलप्रपात क्षेत्र को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है।



### बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक

बस्तर में विकास के रास्ते बनाने के लिए सकारात्मक बेहद जरूरी है। युवाओं को खेल और सृजनात्मक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें भरम और भटकाव के रास्ते से दूर रखना भी बेहद जरूरी है। इसी बात को समझते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर 'बस्तर ओलंपिक' जैसे बड़े खेल महोत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन में 1 लाख 65 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इसके साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े 'बस्तर पंडुम महोत्सव' का भी विगत दिनों गरिमामय आयोजन हुआ। महोत्सव में जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य और वाद्ययंत्र, पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण, शिल्प-चित्रकला और जनजातीय व्यंजनों पर आधारित स्पर्धाएं और प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिससे बस्तर की संपन्न जनजातीय संस्कृति से लोगों को रूबरू होने का मौका मिला। 47000 से अधिक स्थानीय कलाकारों ने इस महोत्सव में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।




### अंदरुनी गांवों में 'नियद नेल्ला नार योजना' से समग्र विकास



बस्तर के माओवाद प्रभावित अंदरूनी इलाकों में 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना की गई है। इन सुरक्षा कैंपों के इर्द-गिर्द बसे गांवों में अब बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंच रही हैं। 'नियद नेल्ला नार योजना' के तहत चिन्हित 146 ग्रामों में 18 सामुदायिक सेवाएं और 25 तरह की सरकारी योजनाएं एक साथ क्रियान्वित की जा रही हैं। ग्रामीणों को राशन कार्ड, आधार, पेंशन, स्वास्थ्य परीक्षण, स्कूल प्रवेश, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला गैस जैसी योजनाओं का दिया जा रहा है।

### कृषि में नवाचार का दौर

बस्तर की अर्थव्यवस्था का मूल आधार आज भी कृषि और वनों पर आधारित जीवनशैली है। यहां किसानों की आय को दोगुना करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर विशेष ज़ोर है। मोटे अनाज जैसे कोदो, कुटकी और रागी को बढ़ावा देना 'मिलेट मिशन' का हिस्सा है, जो पोषण और आय दोनों में वृद्धि कर सकता है। इसके अलावा, कृषि यांत्रिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए हर ब्लॉक स्तर पर कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। यह कदम छोटे किसानों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने में मदद करेगा। ड्रोन दीदियों की मदद से फसलों पर दवा छिड़काव के साथ-साथ अन्य तकनीकी कृषि उपकरणों के प्रयोग से यहां के प्रगतिशील आदिवासी किसान उन्नत खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं।



### बेहतर भविष्य के लिए कौशल उन्नयन

बस्तर के युवाओं को अब तक या तो शहरी पलायन का विकल्प मिलता था या नक्सल संगठनों की ओर से बहकाने वाले रास्ते। "विकसित बस्तर" परिस्थिति को जड़ से बदलने का प्रयास है। इसमें 90 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और 40 हजार युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। 32 नए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना से यह प्रयास ज़मीन पर आकार लेता दिख रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नक्सल प्रभावित बस्तर के कांकेर और कोंडागांव जिलों में स्कूली बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत, बच्चों को रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शिक्षा दी जाएगी। यह पहल आदिवासी बच्चों के कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए की गई है।



### नई नक्सली पुनर्वास नीति

आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति 2025 में रोजगार और पुनर्वास की ठोस व्यवस्था है। यह केवल कानून-व्यवस्था का समाधान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता की ओर उठाया गया बड़ा कदम है। पुनर्वास की नई नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों और हिंसा के पीड़ितों को 15,000 घर बनाकर दिए जाएंगे। कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और 10,000 रुपए प्रति माह का वजीफा दिया जाएगा। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए पुनर्वास की ठोस नीति राज्य सरकार ने तैयार की है, जिससे उन्हें वापस समाज की मुख्य धारा में जुड़कर जीवन यापन करने में किसी भी तरह की दिक्कत ना हो। पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर राज्य में बड़ी संख्या में नक्सली, आत्म समर्पण के लिए आगे भी बढ़ रहे हैं।



### स्थानीय उद्यमियों के लिए सुनहरा अवसर

राज्य की नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत बस्तर संभाग के स्थानीय युवाओं, महिला उद्यमियों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को उद्यमिता की धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। नई नीति में इस क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जैसे इस्पात उद्योगों को 15 वर्षों तक रॉयल्टी की प्रतिपूर्ति और आत्मसमर्पित नक्सलियों को नौकरी देने वाले संस्थानों को 5 वर्षों तक उनके वेतन का 40% सब्सिडी देना। यह कदम न केवल बस्तर की सामाजिक संरचना को सुदृढ़ करेगा, बल्कि निजी क्षेत्र को भी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देगा। नई औद्योगिक नीति में बस्तर क्षेत्र में लघु उद्योगों को प्रोत्साहन के साथ पर्यटन विकास के लिए भी व्यापक प्रावधान किये गए हैं।



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 17 जून 2025


**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी किया संबोधित**



***सरकार या संगठन का जो भी दायित्व हम कार्यकर्ताओं को सौंपा जाता है, हम उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पूर्ण करते हैं***

जब व्यक्ति अपने चरित्र, मूल्यों और क्षमताओं का विकास करते हैं, तो वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद कर सकते हैं



सीएम मयूरासन करते हुए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार या संगठन का जो भी दायित्व हम कार्यकर्ताओं को सौंपा जाता है, हम उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पूर्ण करते हैं। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की परंपरा एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति के चरित्र, मूल्यों और क्षमताओं ▶▶ शेष पेज 2 पर

### सेना ने पराक्रम दिखाकर इतिहास रचा: वीडी

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि यह हम सभी को गौरवान्वित करने वाला क्षण है कि आज हमें भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का मार्गदर्शन मिला। पीएम मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा विशेषज्ञों के साथ स्वदेशी रक्षा सामग्री का प्रयोग कर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। देश की सेनाओं और स्वदेशी मिसाइलों ने ऑपरेशन सिंदूर में पराक्रम दिखाकर इतिहास रचा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवाद को नेस्तानाबूत करने का काम किया है। आज रक्षा क्षेत्र में भारत को दूसरे देशों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है, हमारी सेनाएं और रक्षा उपकरण स्वदेशी होने के साथ ही आधुनिक भी हैं।

▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

पचमढ़ी में पाठशाला का अंतिम दिन

*केंद्रीय मंत्री राजनाथ ने कहा- कार्यकर्ताओं को सम्मान दें, प्रेम से मिलें, उनकी बात सुनें*

# जनता की सेवा हमारे डीएनए में, हम जनसेवक हैं 'शासक' नहीं

## क्षमताओं का विकास कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें: डॉ. यादव



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सांसद और विधायक हमेशा संगठन से जुड़े रहें। संगठन तब भी था, जब सत्ता नहीं थी। इसलिए कार्यकर्ताओं को सम्मान दें, प्रेम से मिलें और उनकी बात सुनें। उन्होंने कहा कि भाजपा की असली ताकत जनता का भरोसा और कार्यकर्ताओं का परिश्रम ही है। जनता की सेवा हमारे डीएनए में है, हम जनसेवक हैं शासक नहीं है। जनता का भरोसा ▶▶ शेष पेज 2 पर



### राजनाथ का हेलीकॉप्टर पचमढ़ी में खराब, दूसरे विमान से हुए रवाना

पचमढ़ी में आए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का हेलीकॉप्टर खराब हो गया। हेलीकॉप्टर खराब होने से राजनाथ दूसरे हेलीकॉप्टर से देरी से रवाना हुए। पिछले एक सप्ताह से देश में हो रही विमान दुर्घटनाओं के बीच देश के रक्षा मंत्री का हेलीकॉप्टर खराब होने की सूचना मिलते ही नर्मदापुरम जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। पचमढ़ी में भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग में तैनात ▶▶ शेष पेज 2 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल न. 1155 | airtel चैनल न. 366



हरिभूमि सहेली

आज के अंक के साथ


**खबर संक्षेप**

### यूपीआई के यूजर्स को बड़ा तोहफा, बदले नियम



**नई दिल्ली।** भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) में कई बड़े बदलाव किए गए हैं। 16 जून से यूपाई ट्रांजैक्शन सपोर्ट करने वाली टेक्नोलॉजी में कई बड़े अपग्रेड किए गए हैं। नए बेनिफ्ट से ट्रांजैक्शन स्पीड बूस्ट होने के साथ ही पेमेंट रिवर्सल पहले से फास्ट होगा। यूपीआई की स्पीड को 66 प्रतिशत तक बूस्ट करने इरादे से कई एडवांस्ड अपग्रेड किए हैं। एनपीसीआई का लक्ष्य ओवरऑल सिस्टम एन्हेंस करने का है। यह सुविधा गूगल पे, फोन पे, पेटीएम, भीम, वॉट्सएप यूपीआई समेत सभी यूपीआई सर्विस प्रोवाइडर्स पर लागू होंगे। इससे ट्रांजैक्शन स्पीड को बूस्ट मिलेगा।

### मंत्री विजय शाह के खिलाफ अवमानना प्रकरण समाप्त



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए शर्मनाक बयान के बाद स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गई कार्रवाई बंद कर दी है। दरअसल, मामला अब सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। सुप्रीम कोर्ट ने 28 मई को मप्र हाईकोर्ट से निवेदन किया था कि मंत्री के खिलाफ कार्रवाई बंद कर दें। इस पर सोमवार को जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस एके सिंह की डिवीजन बेंच ने मामला खत्म कर दिया। दरअसल, हाईकोर्ट ने मंत्री के बयान को गटर छाप बताते हुए मामले पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की थी।

जी-7 समिट में पीएम मोदी सहित 14 देशों के राष्ट्रप्रमुखों का जमावड़ा

# पीएम मोदी को साइप्रस का 'सर्वोच्च सम्मान' जी-7 में शिरकत करने के लिए कनाडा पहुंचे



## पीएम मोदी ने बताया 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान

एजेंसी ▶▶ निकोसिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साइप्रस के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया है। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने प्रधानमंत्री मोदी को साइप्रस के सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस 3 से सम्मानित किया।

ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय साइप्रस की ओर से प्रदान किया जाने वाला नाइटहुड सम्मान है, जिसका नाम साइप्रस के प्रथम राष्ट्रपति आर्कबिशप मकारियोस तृतीय के नाम पर रखा गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साइप्रस से सीधे कनाडा के लिए रवाना हुए। वह कनाडा में जी-7 समिट में शिरकत करेंगे। कनाडा के कैननास्किस में इस समिट का आयोजन होने जा रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर पीएम ▶▶ शेष पेज 2 पर

*◆ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में साइप्रस और हमारी सक्रिय भागीदारी नई ऊंचाइयों को छुएगी। एक शांतिपूर्ण और सुरक्षित वैश्विक वातावरण के निर्माण में भी योगदान देंगे।*

**यह 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार था जो प्रधानमंत्री मोदी को किसी अन्य देश द्वारा दिया गया**



### पीएम मोदी का जोरदार स्वागत... साइप्रस की सांसद ने पैर छुए



प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों के दौरे पर हैं। इसी क्रम में पीएम मोदी साइप्रस पहुंचे, जहां पर उनका भव्य स्वागत हुआ। सोमवार को साइप्रस की एक सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छुए। पीएम मोदी साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ निकोसिया के ऐतिहासिक केंद्र पहुंचे था, जहां पर उनका भव्य स्वागत हुआ। सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे एक वीडियो में निकोसिया परिषद की सदस्य माइकेला ▶▶ शेष पेज 2 पर

### पीएम जेलेंस्की से भी करेंगे मुलाकात

पीएम मोदी जी-7 समिट में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लॉडिया शेनबॉम से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से भी पीएम मोदी की मुलाकात होगी। भारत जी -7 का सदस्य नहीं है लेकिन कनाडा के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर भारत ▶▶ शेष पेज 2 पर

### मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति को कालीन किया गिफ्ट

*मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस को कश्मीरी रेशमी कालीन भेंट किया। गहरे लाल रंग के इस कालीन में हलके पीले और लाल रंग के बॉर्डर हैं, जिसमें पारंपरिक बेल और अन्य आकृतियां हैं। यह दो-टोन प्रभाव को दर्शाता है, जो देखने के एंगल और लाइटिंग के आधार पर रंग बदलता हुआ प्रतीत होता है। इसके कारण एक में दो अलग-अलग कालीनों का भ्रम पैदा होता है। अगर इस गिफ्ट को तुर्की की भूमिका के परिप्रेक्ष्य में देखें तो संकेत और भी स्पष्ट हो जाते हैं। तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोआन ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर का मुद्दा उठाकर भारत विरोधी रुख अपनाया है। यूएन जैसी संस्थाओं में भी तुर्की, पाकिस्तान के साथ कदम मिलाकर चलता रहा है। साइप्रस वर्षों से तुर्की के खिलाफ खड़ा है। चाहे वो नौसेना विवाद हो या उत्तरी साइप्रस का अतिक्रमण। ऐसे में पीएम मोदी का साइप्रस को कश्मीरी गलीचा देना, एक 'सॉफ्ट मैसेज' नहीं बल्कि स्मार्ट डिप्लोमेसी है।*

▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

*विजय शाह प्रकरण से बदले राजनीतिक समीकरण*



वीडी शर्मा के बाएं गजेंद्र

## आदिवासी वर्ग से हो सकता भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष, गजेंद्र दौड़ में आगे

*विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल*

■ दावेदारों में फग्गन सिंह और सुमेर सिंह के भी नाम

*प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की घोषणा जुलाई के प्रथम सप्ताह में होने की संभावना है। ऑपरेशन सिंदूर और सेना को लेकर प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के एक बयान से भाजपा के अंदर राजनीतिक समीकरण बदले हैं। पहले प्रदेश अध्यक्ष के लिए पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा और विधायक हेमंत खंडेलवाल के नामों की चर्चा थी लेकिन अब यह पद आदिवासी वर्ग के पास जाता दिखाई पड़ रहा है। दावेदारों में खरगोन सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और राज्यसभा सदस्य सुमेर सिंह सोलंकी के नाम शामिल बताए जा रहे हैं। लेकिन दौड़ में गजेंद्र सिंह का नाम आगे बताया जा रहा है। पचमढ़ी में प्रशिक्षण* ▶▶ शेष पेज 2 पर

**रिश्वत लेने वालों पर लोकायुक्त की कार्रवाई**

**भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज**

## छतरपुर में पटवारी और नेपा नगर में वन चौकी प्रभारी को किया ट्रैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में लोकायुक्त ने छतरपुर और नेपानगर में रिश्वतखोरी के मामले में एक पटवारी और वन चौकी प्रभारी को रंगे हाथ ट्रैप किया है। लोकायुक्त की टीम ने भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

पूरा मामला यह है कि छतरपुर में गहरवार हल्का के पटवारी श्यामलाल अहिरवार को सागर लोकायुक्त ने सोमवार के दिन उसके निवास पर 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी



पटवारी ने ग्राम देवरिया निवासी पुष्पेंद्र अहिरवार से वसीयत का नामांतरण करने के एवज में 5 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। फरियादी ने इसकी सागर लोकायुक्त को शिकायत कर दी। लोकायुक्त ने आवेदन की तस्दीक की और शिकायत सही पाए जाने के बाद पटवारी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। इसके बाद लोकायुक्त की टीम ने पटवारी श्यामलाल अहिरवार को उसके निवास से रंगे हाथों 4 हजार लेते ट्रैप कर लिया।

इधर एक अन्य कार्रवाई में लोकायुक्त इंदौर की टीम ने मोहम्मद खान डिप्टी रेंजर और वन चौकी प्रभारी मांडवा को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए ट्रेप कर लिया। उप सरपंच संजय जाधव निवासी मांडवा ने लोकायुक्त एसपी इंदौर को शिकायत की थी कि पंचायत ▶▶ शेष पेज 2 पर

**पचमढ़ी में भाजपा के प्रशिक्षण शिविर के दौरान दो पुलिस अफसर भिड़े**

एडिशनल एसपी आशुतोष मिश्रा व उप निरीक्षक कमल किशोर मौर्य में विवाद

## पुलिस विभाग ने माना अनुशासनहीनता दोनों पर एक्शन, किया गया लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में आयोजित भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान ड्यूटी पर तैनात दो पुलिस अधिकारियों का विवाद हो गया।

एडिशनल एसपी आशुतोष मिश्रा और सागर जिले में पदस्थ उप निरीक्षक कमल किशोर मौर्य किसी बात को लेकर गेट पर दोनों आपस में भिड़ गए और वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस



मुख्यालय से आदेश जारी करते हुए दोनों अधिकारियों को नर्मदापुरम स्थित आईजी कार्यालय में लाइन अटैच किया गया है।

### डीजीपी ने एक्स पर दी जानकारी

*इस मामले पर डीजीपी कैलाश मकवाना ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस कार्रवाई का आदेश एक्स पर साझा किया और लिखा कि वर्दी में तैनात पुलिस अधिकारियों से हमेशा अनुशासित और मर्यादित आचरण की उम्मीद की जाती है। डीजीपी का यह बयान साफ तौर पर संकेत देता है कि पुलिस महकमा अपनी छवि को लेकर सजग है और अनुशासन भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वे किसी भी पद पर क्यों न हों।*

**रीवा में बिजली कंपनी कर्मचारियों पर हमला**

## कटी लाइन रिपेयर करने गए थे, लोगों ने चोर समझा...दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

■ चार कर्मचारी हुए घायल कार में भी तोड़-फोड़

कटी लाइन रिपेयर करने पहुंची बिजली कंपनी के कर्मचारियों को ग्रामीणों ने चोर समझकर दौड़ा-दौड़ा कर पिटाई कर दी, इस घटना में 4 कर्मचारी घायल हो गए तो कुछ ने किसी तरह भाग दौड़कर कर अपनी जान बचाई। मामले की शिकायत लाल गांव चौकी में दर्ज कराई गई है। घटना लाल गांव चौकी



अंतर्गत देऊर मोड़ की है। पनगडी फीडर कि 32 हजार केवी विद्युत लाइन खराब थी, अधिकारियों के आदेश पर कुछ कर्मचारी विद्युत लाइन सुधारने के लिए देऊर मोड़ पहुंचे, वहां ग्रामीणों ने बिजली कर्मियों पर अचानक हमला कर दिया। जो भाग नहीं पाए उन्हें बुरी तरह पीटा गया, चार कर्मचारियों को गंभीर चोटें आई हैं। ग्रामीणों ने गाड़ी में भी तोड़फोड़ की, वहीं भीड़ ज्यादा होने के कारण विद्युत कर्मी वीडियो नहीं बना सके। लालगांव क्षेत्र के देऊर गांव में कुछ समय पहले चोरों का आतंक था, ग्रामीण चोरों से परेशान थे। अचानक देर रात जब विद्युत कर्मी गांव पहुंचे तब ग्रामीण इन्हें चोर समझ बैठे, और इन्हें बुरी तरह पीटा। सीनियर ऑपरेटर अविनाश तिवारी ने शिकायत कर ▶▶ शेष पेज 2 पर

**दो फेज में होगी जनगणना, केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना**

# 'पहला फेज' लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्रों के लिए 1 अक्टू. 26 से शुरू होगा

## देश के बाकी हिस्सों के लिए दूसरा फेज 1 मार्च, 2027 को शुरू होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने सोमवार को जनगणना 2027 को अधिसूचित कर दिया है। इससे अब आधिकारिक तौर पर जनगणना का प्रोसेस शुरू हो गया है।

यह 2011 के बाद देश की पहली जनगणना होगी। जनगणना का काम दो फेज में पूरा होगा। पहला फेज लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्रों के लिए 1 अक्टूबर, 2026 को शुरू होगा। देश के बाकी ▶▶ शेष पेज 2 पर

### 35 लाख जनगणना करने वालों की जरूरत होगी



जनगणना को पूरा करने के लिए करीब 35 लाख जनगणना करने वालों की जरूरत होगी। इसमें ज्यादातर स्कूल के टीचर्स को तैनात किए जाने का अनुमान है। इसके अलावा डिस्ट्रिक्ट और सब डिस्ट्रिक्ट लेवल पर लगभग 1,20,000 वर्कर हैं। यह जनगणना के काम का मैनेजमेंट, देखरेख या मदद करते हैं। हाउस लिस्टिंग फेज में देश में हर संरचना का दौरा किया जाता है ताकि इमारतों और घरों की ▶▶ शेष पेज 2 पर

### ◆ 2027 की जनगणना भारत के इतिहास की पहली डिजिटल जनगणना

*इसमें ज्यादा फोकस व्यक्तिगत डेटा इकट्ठा करने पर रहता है। इसमें नाम, उम्र, जेंडर, डेट ऑफ बर्थ, घर के मुखिया, वैवाहिक स्थिति, एजुकेशन, धर्म, जाति, विकलांगता की स्थिति के बारे में डेटा इकट्ठा किया जाता है। 2027 की जनगणना भारत के इतिहास की पहली डिजिटल जनगणना होगी। इसमें मोबाइल एप और रियल टाइम मॉनिटरिंग का इस्तेमाल किया जाएगा। यह 1931 के बाद पहली जनगणना भी है जिसमें सभी समुदायों के लिए जाति डेटा इकट्ठा किया जाएगा।*

▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 17 जून 2025

3 नो पार्किंग में खड़े दोपहिया को टांगा ट्रैफिक...



5 रक्षाबंधन पर लाड़ली बहनों को दिया जाएगा...



### फिटनेस के लिए नो वेटिंग, कमर्शियल वाहन मालिकों को मिलेगी सुविधा

# अब प्रदेश में किसी भी जिले में हो सकेंगे वाहन फिटनेस टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यात्री बसों सहित अन्य कॉमर्शियल वाहन मालिकों के लिए अच्छी खबर है। अब सभी कमर्शियल वाहनों का फिटनेस प्रदेश में कहीं भी करवाया जा सकता है। अब तक वाहनों का फिटनेस टेस्ट सिर्फ उसी जिले के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में होता था, जिसमें वे रजिस्टर्ड होते थे। लेकिन परिवहन विभाग की ओर से दो साल पहले विभाग के सभी काम ऑनलाइन कर दिए हैं। इसके चलते जहां लाइसेंस तो पहले ही प्रदेश के किसी भी जिले में बनवाने की सुविधा शुरू हो गई। अब फिटनेस टेस्ट की भी सुविधा शुरू की जा रही है। दरअसल, परिवहन विभाग की ओर से प्रदेशभर में प्राइवेट फिटनेस सेंटर खोले जा रहे हैं। इसके चलते यह सुविधा शुरू की जा रही है। भोपाल में दो प्राइवेट फिटनेस सेंटर शुरू कर दिए गए। इसमें जहां एक फिटनेस सेंटर पिछले साल कान्हासैया में शुरू किया गया था, तो वहीं दूसरा सेंटर पिछले दिनों बरखेड़ी रोड ईटखेड़ी क्षेत्र में खोला गया है। परिवहन विभाग लगातार प्रदेशभर में प्राइवेट सेंटरों की संख्या बढ़ा रहा है। इसके चलते अब कमर्शियल वाहन मालिकों सुविधा मिल सकेगी। इस व्यवस्था का सबसे अधिक लाभ ऐसे वाहनों को मिलेगा जो अक्सर दूसरे जिलों में चलते हैं, क्योंकि फिटनेस सर्टिफिकेट की वैधता खत्म होने पर ऐसे वाहनों को सिर्फ टेस्ट के अभाव में कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ जाता है। इस दौरान उन्हें हजारों रुपए जुर्माने के तौर पर भरना पड़ता था।

#### जिले में चार लाख से अधिक वाहन



परिवहन कार्यालय में चार लाख से अधिक वाहनों का पंजीयन है। सबसे ज्यादा दुपहिया वाहन हैं, तो वहीं 70 हजार के करीब ट्रक, टैक्टर,जेसीबी सहित अन्य भारी कमर्शियल वाहन रजिस्टर्ड हैं, तो वहीं निजी बसों की संख्या आठ हजार से ज्यादा है। इसके अलावा सबसे अधिक निजी कार एवं जीप, ट्रक, मिनी ट्रकों और ट्रैक्टर सहित अन्य वाहन इसी श्रेणी में शामिल हैं।

#### यह रहेगा शुल्क

- दो पहिया वाहन- ऑनलाइन 200 रुपए।
- तिपहिया या हल्का मोटरयान या चार पहिया 200 रुपए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट फीस देने होगी, तो वहीं ऑटोमेटिक वाहन की फीस 600 रु. व अन्य फीस देनी होगी।
- इसी तरह मध्यम या भारी मोटरयान- ऑनलाइन अपाइंटमेंट फीस के रूप में 200 रुपए देने होंगे। इसके बाद 1000 रुपए अन्य फीस देनी होगी।

#### सुविधा मिलेगी

कमर्शियल वाहन मालिकों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग ने यह सुविधा शुरू की है। इससे वाहन मालिक को अभी जिस जिले में वाहन रजिस्टर्ड है, वहां लाने की जरूरत नहीं होगी।

जितेंद्र शर्मा, आरटीओ भोपाल

### जय प्रकाश की फार्मेसी में दवा जमा रहे वार्ड ब्वॉय की मौत

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित जय प्रकाश चिकित्सालय में वार्ड ब्वाय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह फार्मेसी में दवाइयां जमा रहे थे, तभी अचानक चक्कर आने के बाद गिर गए। उन्हें अस्पताल के ट्रामा सेंटर, फिर आईसीयू में भर्ती कराया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। अनुमान है कि उन्हें हार्ट अटैक आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार 57 साल के सुनील जोशी राजहर्ष कॉलोनी, कोलार में रहते थे और जय प्रकाश अस्पताल में वार्ड ब्वॉय थे। सोमवार सुबह वह ड्यूटी पहुंचे और साथियों के साथ चाय पीने के बाद फार्मेसी विभाग गए। सुबह करीब साढ़े दस बजे वे दवाइयां जमा रहे थे, तभी अचानक चक्कर आने के कारण गिर गए। साथी कर्मचारी उन्हें उठाकर ट्रामा सेंटर ले गए, वहां हालत नाजुक देखते हुए आईसीयू में भर्ती करा दिया। आईसीयू में करीब साढ़े 11 बजे के आसपास डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर कार्रवाई शुरू की। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का खुलासा होगा ।

### ड्राइवर और कंडक्टरों का वेतन नहीं मिलने से 40 बसों के थमे पहिए

# लो-फ्लोर के 12 रूट पर थमे बसों के पहिए यात्रियों को पकड़ना पड़ रहे कैब और ऑटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले दो साल से शहर के लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी लो फ्लोर बसें अब पूरी तरह से बंद होने की कगार पर आ गई हैं। वर्तमान में शहर के 12 रूटों पर सिर्फ 95 बसें ही चल रही थीं, जो फेरे लगाती थीं, लेकिन ड्राइवर और कंडक्टरों का वेतन नहीं मिलने से सोमवार से 40 बसों के पहिए पूरी तरह से थम गए। ऐसे में बसों के भरोसे अपने काम निपटाने वाले लोगों को खासी दिक्कत उठानी पड़ी। कुछ लोगों ने कैब से अपने काम निपटाए, तो कुछ को ऑटो के महंगे किराये ने परेशान किया।

राजधानी में बीसीएलएल (भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड) के तहत काम करने वाले इनक्यूबेट बस आपरेटर के ड्राइवर और कंडक्टरों ने वेतन, पीएफ और ग्रैच्युटी फंड की मांग को लेकर बेमियादी हड़ताल शुरू कर दी है। इस हड़ताल का असर सीधे तौर पर आम यात्रियों पर पड़ा है, जो रोज सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा करने को मजबूर हैं।

पहले से बंद पड़ी हैं तीन सौ से अधिक बसें | *12 रूट पर चल रही थीं 40 बसें, तीस पहले ही हो गईं बंद*



#### बस स्टॉप पर इंतजार करते रहे यात्री

*सोमवार सुबह से ही शहर की प्रमुख सड़कों पर लो-फ्लोर सिटी बसें नदारद रहीं। हड़ताल की वजह से 12 रूटों पर बस सेवाएं पूरी तरह ठप हो गईं, जिससे हजारों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। खासकर वे लोग जो दफ्तर, कालेज या बाजार आने-जाने के लिए इन बसों पर निर्भर हैं, उन्हें प्राइवेट वाहनों और ऑटो रिक्शा के भरोसे रहना पड़ा। सोमवार को बस ऑपरेटर्स की हड़ताल की वजह से सड़कों पर 55 बसें ही दौड़ सकीं।*

#### *पीएफ, ग्रेच्युटी भी नहीं मिली*

*लो फ्लोर बसें चलाने वाले ड्राइवर और कंडक्टरों को न तो नियमित वेतन मिल रहा है और न ही पीएफ और ग्रेच्युटी की राशि। इनक्यूबेट बस आपरेटर जिसके पास 70 बसें थीं, उनमें से 30 बसें पहले ही बंद हो चुकी हैं। केवल 40 बसें चल रही थीं, जिन्हें भी सोमवार से बंद कर दिया गया है। हालांकि दो अन्य ऑपरेटर्स की 55 बसें चल रही हैं।*

#### प्राइवेट वाहन चालकों की चांदी

नगर निगम और बीसीएलएल की लापरवाही की वजह से टिकट कलेक्शन की जिम्मेदारी अधर में लटकी थी, जिससे 149 बसें बंद पड़ी हैं। इस संकट के बीच आटो चालकों और प्राइवेट वाहनों की चांदी हो गई है। जिससे यह मनमाना किराया वसूल रहे हैं।

#### एक नजरः चार बस ऑपरेटर चला रहे बसें

- इनक्यूबेट बस आपरेटर- 40 बसों के पहिए थमे, 30 पहले से बंद
- मां एसोसिएट आपरेटर- 149 बंद हैं
- दुर्गमां बस आपरेटर- 20
- एपी मोटर्स- 40
- 55 बसें सड़कों पर चल रहीं

#### बातचीत से कर रहे समाधान



इनक्यूबेट बस आपरेटर के 70 बसें थी। तीस बसें पहले ही बंद थीं 40 बसों के ड्राइवर और कंडक्टरों ने नियमित वेतन नहीं मिलने से बेमियादी हड़ताल कर दी। नगर निगम आयुक्त से बात करके मामले का समाधान करने को कहा है। जल्द ही बसें दोबारा से सड़कों पर दौड़ेंगी।

मनोज राठोर, डारेक्टर बीसीएलएल

### प्राइवेट स्कूलों की मनमानी बरकरार

## एक दुकान से ही खरीद रहे कोर्स एसडीएम नहीं कर रहे निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के प्राइवेट स्कूल संचालकों की मनमानी जारी है। सोलह जून से स्कूल खुलने के बाद अधिकतर पालकों ने बच्चों के कोर्स भी खरीद लिए हैं। इधर, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने स्कूल संचालकों को चार से छह दुकानों से कोर्स लेने के निर्देश जारी किए थे, लेकिन स्कूल संचालकों ने इस आदेश पर अमल नहीं किया। स्कूल संचालकों ने तीन से चार दुकानों के नाम तो चस्पा किए हैं, लेकिन कोर्स सिर्फ एक ही दुकान से दिया जा रहा है। सिर्फ एक दुकान से ही कोर्स लेना पालकों की मजबूरी बनी हुई है।

स्कूल संचालकों का तर्क है कि अब तो अधिकतर छात्रों ने कोर्स ले लिया है। कोई अन्य दुकानदार सिलेबस नहीं रख पाएगा। बरहाल इस बार भी पालकों को स्कूल प्रबंधक की मोनोपाली के आगे झुकना पड़ रहा है। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र के स्कूलों की निगरानी करने की हिदायत दी गई है, लेकिन एसडीएम जांच करने नहीं पहुंचे। हालात यह है कि मंडी चौराहा अशोका गार्डन स्थित गुडलक स्टेशनरी पर पंद्रह से अधिक स्कूलों के कोर्स बेचे जा रहे हैं। संचालक मनमाने रेट में कोर्स दे रहा है। पालकों की भी मजबूरी है, उन्हें कोर्स तो लेना ही है।

#### यहां कर सकते हैं शिकायत

अगर कोई स्कूल संचालक या दुकानदार आप पर स्कूल ड्रेस या किताबों को लेकर दबाव या कोई और समस्या हो तो आप 0755-2992405 पर शिकायत कर सकते हैं। ये डीईओ कार्यालय का नंबर है।

#### गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई करेंगे

निजी स्कूल संचालकों से साफ कहा है कि एक दुकान की मोनोपॉली नहीं रहनी चाहिए। दो से अधिक दुकानों पर किताबें और ड्रेस की व्यवस्था हो। कोई स्कूल प्रबंधन दबाव बनाता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।


कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर

### पंजीयन, जांच से लेकर भर्ती होने पर भी नहीं लगेगा शुल्क

## बीएमएचआरसी में लागू 'जीरो बिल' नीति गरीबों को मिलेगा निःशुल्क में उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के बीएमएचआरसी में अब बीपीएल कार्ड धारकों के साथ-साथ ऐसे मरीज जिनके पास गरीबी रेखा का कार्ड नहीं है, लेकिन वे निर्धन और असहाय हैं, उनका अब निःशुल्क इलाज किया जाएगा। बीएमएचआरसी में 'जीरो बिल' नीति लागू की गई है। अब गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले मरीजों को बीएमएचआरसी में उपचार कराने पर कोई शुल्क नहीं देना होगा। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) से अनुमति मिलने के बाद इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक बीपीएल कार्ड धारकों से सिर्फ 10 रुपए पंजीयन शुल्क लिया जाता था और वार्ड में भर्ती पर कोई शुल्क नहीं लिया जाता था, लेकिन जांच, ऑपरेशन और अन्य चिकित्सकीय सेवाओं के लिए शुल्क लिया जाता था। अब से बीपीएल मरीजों को सभी चिकित्सकीय सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।





#### आपात स्थिति में पहले 24 घंटे की मुफ्त सेवा

*डॉ मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि आपात स्थिति में आने वाले किसी भी मरीज को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया जाएगा और पहले 24 घंटे का इलाज या भर्ती से पूर्व तक की सभी सेवाएं भी पूर्णतः निःशुल्क रहेंगी। अगर मरीज अकेला है या परिजन नहीं हैं, तो भी उसे चिकित्सा से वंचित नहीं किया जाएगा। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि इस दिशा में एक विस्तृत नीति व गाइडलाइन तैयार की जा रही है, ताकि यह व्यवस्था सुचारू रूप से लागू की जा सके और जरूरतमंद मरीजों को तत्काल राहत दी जा सके।*

#### 'पेशेंट वेलफेयर फंड' का गठन

निर्धन और असहाय मरीजों के इलाज में सहायक बनने हेतु 'पेशंट वेलफेयर फंड' का गठन किया जाएगा। जिसमें कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व, जन सहयोग और दान से राशि एकत्र कर उनका उपचार किया जा सकेगा। इस दिशा में एक विस्तृत नीति व गाइडलाइन तैयार की जा रही है, ताकि यह व्यवस्था सुचारू रूप से लागू की जा सके और जरूरतमंद मरीजों को तत्काल राहत दी जा सके।

*डॉ मनीषा श्रीवास्तव, प्रभारी निदेशक, बीएमएचआरसी*

## रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर वेंडर पटरियों पर उतरकर बेच रहे खाद्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व स्तरीय रानी कमलापति रेलवे स्टेशन एक ओर जहां आधुनिक सुविधाओं के लिए जाना जाता है, तो वहीं अब अव्यवस्थाओं का केंद्र बना रहा है। एक तरफ जब कभी एस्केलेटर व लिफ्ट बंद हो जाते हैं, तो कभी पटरियों पर कचरा बिखरा रहता है। तो वहीं मंगलवार को वेंडरों की मनमानी का नजारा देखने को मिला। दरअसल, यहां पर अवैध वेंडर बेखौफ पटरियों पर उतरकर खाद्य सामग्री बेचते नजर आए।

ये वेंडर न तो निर्धारित प्लेटफार्म एरिया में रहते हैं और न ही कोई वर्दी या पहचान पत्र पहनते हैं, जिससे उनकी पहचान कर पाना मुश्किल हो जाता है। कई वेंडर बिना किसी अधिकृत लाइसेंस या स्वास्थ्य जांच के खाने-पीने का सामान बेच रहे हैं, जिससे यात्रियों के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो सकता है, तो वहीं कभी खुद भी किसी हादसे का शिकार हो सकते हैं। इसको लेकर स्टेशन प्रबंधक व आरपीएफ गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। हालांकि इस संबंध में आरपीएफ थाना प्रभारी का कहना था कि जल्द ही सख्त कार्रवाई करेंगे।





#### *सुरक्षा नियमों का हो रहा उल्लंघन*

*सबसे चिंताजनक बात यह है जब ये वेंडर अपनी जान जोखिम में डालकर और रेलवे सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करते हुए सीधे पटरियों पर उतर जाते हैं। प्लेटफार्म पर ट्रेन के रुकते ही ये वेंडर पटरियों से होते हुए डिब्बों तक पहुंचते हैं और यात्रियों को सामान बेचते हैं। यह दृश्य किसी भी समय बड़े हादसे का सबब बन सकता है। चलती ट्रेन से उतरते या चढ़ते समय इन वेंडरों के साथ-साथ यात्रियों की सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा मंडराता रहता है। रेलवे ट्रैक पर चलना न केवल अवैध है, बल्कि जान का खतरा भी साबित हो सकता है। इसके बावजूद, यह सिलसिला बेरोकटोक जारी है।*

## शहर में दिनभर धूप, बादलों के बीच पारा चढ़ा देर रात बदला मौसम, कई इलाकों में बारिश

### *मानसून की एंट्री के बीच भोपाल सहित कई जिलों में उमस*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सोमवार को सुबह से ही धूप, बादलों के बीच गर्मी और उमस ने लोगों को परेशान किया। प्रदेश के दक्षिणी हिस्से से मानसून की एंट्री के साथ कुछ जिलों में झमाझम बारिश हुई, जबकि भोपाल सहित मध्य हिस्सों में पारा औसतन दो डिग्री तक बढ़ गया, वहीं देर रात शहर के कुछ हिस्सों में बौछारें पड़ीं। भोपाल में दिन का पारा 1.9 डिग्री बढ़कर 37.5 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 1.2 डिग्री अधिक है। रात का पारा 3 डिग्री बढ़कर 26.8 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार को भी शहर में मौसम ऐसा ही रहेगा। बादल, धूप के बीच बौछारें भी पड़ने की उम्मीद है।



भीषण गर्मी के बीच दोपहर करीब 1.30 बजे पॉलिटेक्निक चौराहे से गुजरता एक परिवार।

#### 20 के बाद बारिश में बढ़ोतरी

*सुबह से धूप बादलों के बीच भोपाल सहित नरसिंहपुर, नर्मदापुरम सहित कई जिलों में पारा 2 से 5 डिग्री तक बढ़ गया। सर्वाधिक बढ़त नरसिंहपुर में 5.4 डिग्री की रही। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार भोपाल में अभी तीन से चार दिन बारिश की गतिविधियां ज्यादा नहीं बढ़ेंगी। इससे तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। 20 जून के बाद बारिश में बढ़ोतरी की उम्मीद है, जिससे पारा तेजी से गिरेगा और उमस- गर्मी से काफी राहत मिलेगी। शहर में मंगलवार को भी तापमान में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मानसून ने प्रदेश में दस्तक दे दी है। लेकिन भोपाल में अभी बारिश में बढ़त नहीं होगी।*

#### यहां झमाझम के बाद 5 डिग्री तक पारा गिरा

बड़वानी, खरगोन, खंडवा और बुरहानपुर सहित डेढ़ दर्जन से अधिक जिलों में मध्यम से तेज बारिश के बाद पारे में गिरावट रही। मानसून की एंट्री वाले जिलों के साथ ही पूर्वी मप्र के अधिकांश जिलों में पारा 3 से 5 डिग्री तक गिरा। रतलाम, मंडला, मलाजखंड, सतना, नौगांव, टीकमगढ़, रीवा, सीधी, जबलपुर के साथ ही खंडवा, खरगौन, बड़वानी सहित कई जिलों में पारा 2 से 5 डिग्री तक गिरकर औसतन 35 डिग्री तक रहा। प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में मंगलवार को भी पारे में गिरावट की उम्मीद है। सोमवार दोपहर को बड़वानी, खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर, टीकमगढ़, अशोकनगर, रीवा सहित कई जिलों में तेज बारिश हुई।

### पेंडेंसी खत्म करने कलेक्टर ने अफसरों को दिया एक हफ्ते का वक्त

# सभी एसडीएम करेंगे जलभराव पॉइंट की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बारिश का मौसम आ गया है, ऐसे में सभी एसडीएम और अन्य अफसरों की जिम्मेदारी है कि वह बारिश के दौरान अलर्ट रहें। जहां-जहां जलभराव वाले हालात बनते हैं, वहां पर निगरानी रखी जाए। अफसर अपने मोबाइल फोन ऑन रखें, जिससे आम लोगों को किसी तरह की जनहानि न हो। इधर बारिश के मौसम में शहर भर में 8 लाख नए पौधे लगाने हैं, जिसके लिए वन विभाग, नगर निगम, जिला पंचायत और अन्य विभागों को टॉरगेट दिया गया है। यह बात सोमवार को टाइम लिमिट की बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने अफसरों से कही।

कलेक्टर ने बताया कि सभी एसडीएम के क्षेत्रों में पहले से जलभराव वाले एरिया चिन्हित हैं, इसलिए इन जगहों पर जलभराव को रोकने के लिए उपाए भी किए जा सकते हैं, जहां भी नालों की सफाई नहीं की गई है, वहां सफाई जारी रखी जानी चाहिए। शहर में नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्र में बाढ़ आपदा के कंट्रोल रूम वर्क कर रहे हैं, इसलिए अलर्ट रहने की जरूरत है।

#### वन विभाग लगाएगा पांच लाख पौधे





पिछली बार की तरह इस बार भी बारिश में बड़ी तादाद में पौधरोपण किया जाना है। जिसके लिए वन विभाग को पांच लाख, नगर निगम को डेढ़ लाख, जिला पंचायत पचास हजार सहित अन्य विभागों को पौधरोपण की जिम्मेदारी दी गई है। कलेक्टर ने नायब तहसीलदार, तहसीलदार और एसडीएम कोर्ट में चल रहे केसों को लेकर पेशियों को टाला न जाए। जिन प्रकरणों में केसों को विधिवत निपटाया जा सकता है, उन्हें निपटाया जाए। कोर्ट में आने वाले सभी तरह के प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज किया जाना चाहिए।

## तीन हजार नामांतरण का ऑनलाइन रिकॉर्ड अटका, खसरे में आ रहा पुराने मालिकों का नाम

### *ऑनलाइन रिकॉर्ड और बंटान डालने में आ रही दिक्कत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करोड़ों रुपए की प्रॉपर्टी खरीद चुके करीब तीन हजार से ज्यादा लोगों को अब ठगी की चिंता सताने लगी है। इनमें से अधिकतर ने जमीन की रजिस्ट्री करा ली है पर इनके नाम पर जमीन नामांतरण का (अमल) नहीं हो पा रहा है। इसलिए इनमें डर है कि कहीं ऐसा न हो कि जमीन का पुराना मालिक इसकी बिक्री किसी और को न कर दे। इनमें से कई नामांतरण ऐसे भी हैं, जिनका बंटान दर्ज नहीं किया गया है। जिससे इन जमीनों के मामले में फर्जीवाड़ा होने की संभावना बढ़ गई है।

राजस्व विभाग ने जमीनों का रिकार्ड ऑनलाइन कर दिया है, जिसके तहत जमीन और प्लॉट की रजिस्ट्री होने के बाद तहसील दफ्तर में नामांतरण कराया जाता है। इसकी जिम्मेदारी पटवारी की होती है, लेकिन राजधानी में करीब तीन हजार ऐसे नामांतरण हैं, जिनका रिकार्ड अब तक ऑनलाइन अपडेट नहीं किया गया है।

#### लोकसेवा केंद्र में मनमानी

कलेक्टोरेट के नजदीक स्थित लोकसेवा केंद्र में इन दिनों मनमानी का आलम है। यहां नए ठेकेदार ने काउंटर की संख्या कम कर दी है, जिससे भीड़ बढ़ रही है। इधर दलालों की वजह से ऑपरेटर्स दिन के समय में भी दलालों के आवेदन फार्म अपलोड करते रहते हैं, जिससे आम लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। बताया जाता है कि नए ठेकेदार ने केंद्र की जिम्मेदारी पेटी कांट्रेक्ट पर दे दी है, जिससे वह मनमानी कर रहा है।

भोपाल

मंगलवार, 17 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष–06
वर्ष : 12, अंक : 77
पृष्ठ : 16+8=24 मूल्य : 4 .00 **


मौसम
अधि. 35
न्यून. 24


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 महिला वनडे विश्व कप : भारत...





विचार पेज
08 साइप्रस यात्रा से तुर्किये....


## प्रदेश में मानसून का प्रवेश

### खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर व बड़वानी में झूमे बादल

# पहली बार प्रदेश को अलग-अलग तारीखों में दो तरफ से कवर करेगा मानसूनी सिस्टम

संजीव सक्सेना ▶▶ भोपाल

सोमवार को प्रदेश के दक्षिण पश्चिमी हिस्से से दक्षिण पश्चिम मानसून की एंट्री हो गई है। लेकिन यह पहली बार होगा जब प्रदेश में एंट्री के बाद मानसून भोपाल सहित आसपास के कई जिलों को छोड़ इंदौर के रास्ते प्रदेश में उत्तरी हिस्से में आगे बढ़ जाएगा।

भोपाल में बंगाल की खाड़ी से आने वाला सिस्टम मानसूनी बारिश करेगा, जिसके लिए अभी करीब 4 से 5 दिन भी लग सकते हैं। यह भी पहली बार है कि जब अरब सागर में स्ट्रांग सिस्टम होने के बावजूद भोपाल सहित मध्य हिस्से इस मानसूनी सिस्टम से छूट जाएंगे। प्रदेश में मानसून आमतौर पर बंगाल की खाड़ी से ही ऑनसेट होता रहा है। इससे पहले 2022 में भी यहां अरब सागर की बांच से मॉनसून ऑनसेट हुआ था, इसके बाद इस साल यह स्थिति बनी है।

**इंदौर तक आकर भोपाल को छोड़ आगे निकल जाएगा सिस्टम**


अशोक नगर में झमाझम

**भोपाल सहित करीब आधे प्रदेश में कुछ दिन बाद बंगाल की खाड़ी की ब्रांच से सिस्टम बढ़ेगा**

### इस बार ऐसा क्यों होगा?

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अरब सागर में सिस्टम भी स्ट्रांग है, लेकिन यह सिस्टम मध्य प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में ही आगे बढ़ेगा। भोपाल तक यह ऑनसेट न होकर इंदौर संभाग से आगे निकल जाएगा। भोपाल सहित मध्य के कई जिलों में मानसून ऑनसेट के लिए बंगाल की खाड़ी का सिस्टम कवर करेगा। जिसके लिए अभी कुछ समय लग सकता है। यह छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, ओडिशा से आगे बढ़कर भोपाल तक कवर होगा।


### अभी कौन से सिस्टम सक्रिय?


बड़वानी

शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश में मानसून ऑनसेट के साथ ही गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से, विदर्भ के बाकी हिस्से, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के कुछ और हिस्सों, पश्चिमी बंगाल और सिक्किम के और हिस्सों में मंगलवार तक मानसून आगे बढ़ेगा। बुधवार तक बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखांड, पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में इसके आगे बढने की परिस्थितियों अनुकूल हैं। पूर्वी मध्य अरब सागर के ऊपर एक सकुर्लेशन है, जो दो दिन में दक्षिणी गुजरात और उसी हिस्से में डिप्रेशन में बदकर उसी दिशा में आगे बढ़ जाएगा। एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन पंजाब और आसपास सक्रिय है। इन सभी कारणों से भोपाल तक बारिश होगी, लेकिन मानसून ऑनसेट के लिए कुछ दिन और लगेंगे।

## खबर संक्षेप

### एसबीआई ने घटाई ब्याज दरें, लोन हुआ सस्ता



**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपने सेविंग बैंक अकाउंट के सभी अकाउंट बैलेंस के लिए ब्याज दर घटाकर 2.5% कर दी है। पिछले सप्ताह आरबीआई द्वारा रेपो दर में 50 बेसिस पॉइन्ट की कटौती के बाद हुआ है। एसबीआई ने ब्याज दरों में 0.5 प्रतिशत की कटौती की है, जिससे मौजूदा और नए कर्जदारों दोनों के लिए लोन सस्ता हो गया है।

### महिला वनडे विश्व कप का कार्यक्रम घोषित



**नई दिल्ली।** क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने आईसीसी ने भारत और श्रीलंका की मेजबानी में इस साल होने वाले महिला वनडे विश्व कप का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इस वैश्विक टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत पांच अक्टूबर को कोलंबो के आर प्रेमादासा स्टेडियम में होगी। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में अभियान की शुरुआत 30 सितंबर को बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ मैच से करेगी।

### कांग्रेस नेता पर हमला गाड़ी में की तोड़फोड़



**गंजबासौदा।** नगर के करीब 10 किमी दूर ग्राम डायला में मंदिर के पास चार पांच दर्जन लोगों ने मप्र कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त प्रदीप अहिरवार पर रविवार की रात्रि में हमला कर दिया। प्रदीप कुरवाई से एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने साथी जगन्नाथ को ग्यारसपुर छोड़ने जा रहे थे, तभी रात्रि के 11:15 बजे कुछ लोगों ने उनकी कार रोककर हमला बोल दिया।

*24 घंटे में तीन बार आसमान में मची दहशत, दो विमानों को लेना पड़ा यू-टर्न, एक की हुई इमरजेंसी लैंडिंग*

# हांगकांग से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट लौटी, लखनऊ में विमान के टायरों में धुआं निकला




**250 हज यात्रियों** को लेकर जा रहे सऊदी एयरलाइंस के विमान में लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान लैंडिंग गीयर में तकनीकी खराबी आ गई। पहिए से चिंगारी और धुआं निकला।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले 24 घंटों में हवाई यात्रा करने वालों के लिए कुछ बेहद ही डरावनी खबरें आईं। तीन विमानों के साथ हवा में ही कुछ दिक्कतें आईं। दो विमानों को बीच रास्ते से वापस लौटना पड़ा। एक विमान को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। ये सब तब हो रहा है, जब लोग पहले से ही एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई-171 के हादसे से सहमे हुए हैं। उस हादसे में 279 लोग मारे गए थे, जिनमें 241 विमान यात्री थे।

बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान अहमदाबाद एयर पोर्ट से टेकऑफ होते ही क्रैश हो गया था। पहली घटना में, एक ब्रिटिश लड़ाकू विमान को केरल में इमरजेंसी में उतरना पड़ा। कहा गया कि उसमें ईंधन कम था। दूसरी घटना में, लुफ्थांसा की एक फ्लाइट को बम की धमकी के बाद ▶▶ शेष पेज 2 पर

**एयर इंडिया के पास कुल 33 ड्रीमलाइनर विमान, जिनमें पहला साल 2012 में शामिल हुआ था**




**विमान हांगकांग में सुरक्षित उतर गया, यात्रियों को जल्द से जल्द उनके गंतव्य दिल्ली तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही**



### हांगकांग वाली फ्लाइट में 200 यात्री सवार थे

हांगकांग से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट में हवा में ही कुछ दिक्कतें आने लगीं। पायलटों को लगा कि विमान में कोई तकनीकी खराबी है। इसलिए, सावधानी बरतते हुए बोइंग 787 विमान को हांगकांग से उड़ान भरने के थोड़ी देर बाद ही वापस बुला लिया गया। विमान में 200 से ज्यादा यात्री सवार थे। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि फ्लाइट एआई-315 जो 16 जून 2025 को हांगकांग से दिल्ली के लिए उड़ान भर रही थी, तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने ▶▶ शेष पेज 2 पर

### 33 में से 22 बोइंग 787 विमानों की जांच पूरी

*अहमदाबाद में लंदन जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट 12 जून 2025 को हादसे का शिकार हो गई थी। यह विमान बाइंग 787 ड्रीमलाइनर था। हादसे के बाद एयर इंडिया पास मौजूद 33 बोइंग 787 विमानों में से 22 की गहन जांच पूरी कर ली है। एयर इंडिया के पास कुल 33 ड्रीमलाइनर विमान हैं, जिनमें पहला साल 2012 में शामिल हुआ था। जो विमान एआई 171 हादसे का शिकार हुआ, वह 2014 से सेवा में था। इस जांच का आदेश डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) ने दिया था, जिसके तहत विशेष रूप से जेननेक्स इंजन वाले विमानों की टेकऑफ पैरामीटर्स, इलेक्ट्रॉनिक इंजन कंट्रोल सिस्टम और इंजन फ्यूल सिस्टम की गहन जांच की गई।*

### पूर्व सीएम रूपाणी समेत 47 के शव परिवारों को सौंपे गए

अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान की भीषण दुर्घटना के चार दिन बाद, अब तक डीएनए मिलान के माध्यम से 114 मृतकों की पहचान कर ली गई है। पूर्व सीएम रूपाणी समेत 47 लोगों के शवों को उनके परिवारों को सौंप दिया गया है। अधिकारी मृतकों की पहचान करने के लिए डीएनए टेस्ट कर रहे हैं, क्योंकि 12 जून को विमान दुर्घटना में कई लोग इतनी बुरी तरह जल गए थे कि उनके शव पहचाने नहीं जा सके। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी



**युवाओं के लिए इंटर्नशिप में सहायता देगी सरकार**

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की घोषणा

# बरेली नगर परिषद अब बनेगी नगर पालिका स्टेडियम भी बनेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकास की यह गति हम थमने नहीं देंगे। सबके सहयोग से अगले पांच साल में हम मप्र की तस्वीर बदल देंगे। इस मौके पर उन्होंने बरेली नगर परिषद को नगर पालिका बनाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि बरेली में स्टेडियम भी बनाया जाएगा, ताकि खेल प्रतिभाओं को अन्यत्र नहीं जाना पड़े। मेट्रोपोलिटन क्षेत्र विकसित होने से बरेली, औबेदुल्लागंज सहित पूरा क्षेत्र जगमगाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कई और घोषणाएं भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को रायसेन जिले की बरेली ▶▶ शेष पेज 2 पर

- ***मुख्यमंत्री ने बरेली में किया 138.96 करोड़ के 45 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन***
- ***किसानों को बनाएंगे बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर, पांच साल में बदल देंगे मध्यप्रदेश की तस्वीर***

### लाड़ली बहनों को आगामी रक्षाबंधन पर 1500 रुपए मिलेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की लाड़ली बहनों को आगामी रक्षाबंधन पर 1500 रुपए मिलेंगे। तय राशि 1250 के अलावा 250 रुपए रक्षाबंधन का तोहफा अलग से दिया जाएगा। कहा कि सरकार मेडिकल के साथ नर्सिंग कॉलेज की संख्या बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रही है। अगले 3 साल में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 50 करने का लक्ष्य है। प्रदेश के गांवों की बेटियों को भी नर्सिंग कॉलेजों में पढ़ाई और रोजगार का अवसर मिलेगा।

### अगले तीन सालों में किसानों को बिजली बिल से कर देंगे मुक्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की कोशिश है कि आने वाले 3 सालों में किसानों को बिजली बिल से पूरी तरह से मुक्त कर दें। हमारी सरकार ने किसानों के लिए सोलर पंप योजना की शुरुआत की है। किसान अपनी बिजली बनाएं, उपयोग करें और उनकी जरूरत से ज्यादा होने पर अतिरिक्त बिजली सरकार खरीदेगी। उन्होंने कहा कि मप्र सरकार ने किसानों को 5 रुपए में बिजली कनेक्शन देने का निर्णय लिया है। प्रदेश के हर खेत तक पानी पहुंचाने के लिए मध्यप्रदेश में केन-बेतवा लिंक, पार्वती-कालीसिंध-चंबल और तापी मेगा री-चार्ज परियोजना की शुरुआत की गई है।

## उज्जैन में महिला प्रताड़ना के दो केस

# कैमरे के सामने खाया जहर, मौत नोट में लिखा-अब सहा नहीं जाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

नीलगंगा थाना क्षेत्र के हाटकेश्वर कॉलोनी में रविवार शाम एक शादीशुदा महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली।



- महिला के वीडियो में पति सास-ननद पर आरोप

खुदकुशी से पहले उसने एक वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर शेयर किया। वीडियो में पति, सास और ननदों पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना के आरोप लगाए। वीडियो रिकॉर्ड करने के बाद नूपुर जाट (33) ▶▶ शेष पेज 2 पर

### थाने के बाहर युवती ने पीया जहर, पुलिस पर परेशान करने का आरोप

नीलगंगा थाने के बाहर एक युवती ने थाने के बाहर जहर पीकर सुसाइड का प्रयास किया। उसने पुलिस पर परेशान करने का आरोप लगाया। युवती ने कहा कि पुलिस ने उसके भाई को शुक्रवार को घर से उठा लिया था। कोर्ट में पेश नहीं किया। जब मैंने रविवार को थाने में आकर पूछताछ की तो उन्होंने कहा-हमें नहीं पता। युवती को चरक भवन ▶▶ शेष पेज 2 पर

## पं. प्रदीप मिश्रा पर भगवान चित्रगुप्त के अपमान का आरोप

**नहीं तो कानूनी कार्रवाई के दायरे में लाएंगे**

# कायस्थ समाज बोला-वे दंडवत होकर मांगें माफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पंडित प्रदीप मिश्रा अक्सर अपने विवादित टिप्पणी को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। अब एक बार फिर वे विवादों में घिर गए हैं। इस बार उनके एक प्रवचन को लेकर कायस्थ समाज नाराज है और उनसे दंडवत होकर माफी मांगने की मांग की है। चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर जगतगुरु चित्रगुप्ताचार्य डॉ. स्वामी सच्चिदानंद चित्रगुप्त का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे पं. प्रदीप मिश्रा की भाषाशैली पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने पंडित प्रदीप मिश्रा को धमकी देते हुए कहा कि वे उन्हें कानूनी कार्रवाई के दायरे में लाएंगे। उन्होंने कहा कि पं. मिश्रा ने जिस प्रकार से भगवान श्री चित्रगुप्त जी और भगवान यमराज पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया है यह दर्शाता है कि यह व्यक्ति न तो कथावाचक है और न ही यह व्यासपीठ पर विराजमान होने के लायक है। पहले मां राधा रानी पर पं. मिश्रा ने अभद्र टिप्पणी की थी।

## भीषण गर्मी में पहले दिन छोटी कक्षाओं में रही कम उपस्थिति

**प्राइवेट स्कूलों की कक्षाएं 23 जून से शुरु होंगी**

# डेढ़ माह बाद खुल गए सरकारी स्कूल, प्राइवेट ने बढ़ाईं छुट्टियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


सीएम राइज स्कूल में बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

करीब डेढ़ माह बाद सोमवार से प्रदेश के सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए खुल गए हैं। हालांकि, पहले दिन स्कूलों में भीषण गर्मी का असर देखने को मिला। गर्मी के चलते छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों की संख्या बहुत कम रही। वहीं 9वीं से 12वीं तक की कक्षाओं में स्थिति ठीक नजर आई। स्कूलों का समय सुबह 10:30 से शाम 4:30 तक कक्षाएं लगी। हालांकि, स्कूलों में भवन की व्यवस्था नहीं होने पर दो पाली में स्कूल लगाए जा रहे हैं। इधर प्रदेश के अधिकतर सीबीएसई स्कूलों में 6 जून से 9वीं से 12वीं कक्षाएं शुरू हो गई थी। हालांकि, मिडिल-प्राइमरी को लेकर सोमवार से कक्षाएं शुरू होनी थी, लेकिन स्कूलों ने निर्णय बदल लिया है। राजधानी के कई सीबीएसई स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियों के समय में एक सप्ताह की बढ़ोतरी की है। कक्षाएं सोमवार की बजाए 23 जून से शुरू होंगी। करीब 40 सीबीएसई स्कूलों ने बच्चों को एक हफ्ते और गर्मी की छुट्टी दे दी है।

## इजराइल से भीषण जंग के बीच ईरान ने मानी भारत की बात



# 10 हजार भारतीयों को बाहर निकालने की दी इजाजत, सुरक्षित रास्ता देने की 'घोषणा' की

- ईरान ने कहा कि फिलहाल देश में हवाई क्षेत्र बंद, इसलिए छात्र अजरबैजान, तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान के रास्ते अपने वतन लौट सकते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट के दो बड़े देशों के बीच भीषण जंग छिड़ चुकी है। पिछले सप्ताह से बढ़े तनाव के बाद ईरान और इजराइल एक-दूसरे पर लगातार मिसाइलें दाग रहे हैं। ईरान में अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है।

तनाव चरम पर पहुंचने के बाद ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं शुरू हो गई थीं। वहीं, ईरान ने अपनी हवाई सीमा को भी बंद कर दिया है, जिससे भारतीयों की मुसीबत और बढ़ गई। हालांकि, ईरान ने भारत सरकार की अपील मानते हुए बड़ा फैसला किया है। ईरान ने सोमवार को भारत के अनुरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए ईरान में फंसे कम से कम 10,000 ▶▶ शेष पेज 2 पर



### ईरान से कैसे लौटेंगे भारतीय छात्र

ईरान के अलग-अलग शहरों से भारतीय छात्र आर्मेनिया से लगे नॉरदुज बॉर्डर पहुंचेंगे। यहां से इन्हें बस से आर्मेनिया के येरेवन एयरपोर्ट ले जाया जा सकता है। इसके बाद इन छात्रों को हवाई रूट से भारत लाया जाएगा।

### न्यूज चैनल की बिल्डिंग को उड़ाया, एंकर बाल-बाल बची



**तेहरान।** इजराइल ने सोमवार शाम सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की। इजराइल एयरफोर्स ने तेहरान में एक टीवी न्यूज चैनल इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग की बिल्डिंग पर बम गिराए। घटना के समय टीवी एंकर लाइव शो होस्ट कर रही ▶▶ शेष पेज 2 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

# तृप्ति डिमरी की फहाद के साथ फिल्म पर लगा ब्रेक...



**मुंबई।** हीरोइन नंबर वन बनने को बेकरार अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार फहाद फासिल के साथ प्रस्तावित निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म अनिश्चतकाल के लिए स्थगित हो गई है। ये फिल्म रिलायंस एंटरटेनमेंट के साथ बनी इम्तियाज की साझा कंपनी विंडो सीट फिल्म्स के बैनर तले बननी है, लेकिन रिलायंस के सूत्र बताते हैं कि इस फिल्म के लिए अभी तक बजट मंजूर नहीं हुआ है। जानकारी के मुताबिक फहाद फासिल ने भी फिल्म के लिए आवंटित तारीखें अब दूसरी फिल्मों को दे दी हैं। फिल्म एनिमल में दिए नग्न दृश्यों और फिल्म में मिले उपनाम भाभी 2 को लेकर सोशल मीडिया पर खूब ट्रेंडिंग रहीं अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का कॅरियर इन दिनों नई उड़ान पर है। हालांकि, इस फिल्म के बाद आई उनकी दो फिल्में 'बैड न्यूज और विक्की विद्या का वो वाला वीडियो फ्लॉप रहीं, लेकिन फिल्म भूल भुलैया 3 ने उनकी पोजीशन फिर संभाल ली है। इस फिल्म के बाद से ही तृप्ति की मांग काफी बढ़ चुकी है। इस साल की उनकी पहली फिल्म धड़क 2अब जल्द रिलीज होने वाली है। तृप्ति डिमरी की इस साल की पहली फिल्म की रिलीज जैसे जैसे करीब आती जा रही है, उनको अपनी फिल्मों में लेने वाले निर्माता-निर्देशकों की सांसें तेज होती जा रही है। 1 अगस्त को रिलीज होने जा रही तृप्ति की फिल्म धड़क 2 में उनके हीरो सिद्धांत चतुर्वेदी की सिनेमाघरों में सोलो लीड वाली ये दूसरी फिल्म होगी। सिद्धांत का जैसा हाल बॉक्स ऑफिस पर रहा है, उससे खुद तृप्ति की भी रातों की नींद उड़ी हुई है।


**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**
Your host in the heart of India www.mpstdc.com
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल 462003
टेलीफोन : +91 755 4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 223/यांत्रिकी/पविनि/25 दिनांक : 16.06.2025

**निविदा सूचना 110/ 2025_STDC_431186_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम- **पातालेश्वर महादेव ग्राम सातदेव जिला सीहोर में विद्युतीकरण के कार्य। (कार्य पूर्णता का समय 03 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 18.48 लाख**
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि 07.07.2025 समय सायं 05:00 बजे तक निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/120656/2025 **कार्यपालन यंत्री**


## जैकेट का शेष...

### जनता की सेवा हमारे...

और कार्यकर्ताओं का परिश्रम ही भाजपा की असली ताकत है। राजनाथ पचमढ़ी में आयोजित भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग के तीसरे दिन समापन अवसर पर बोल रहे थे। सांसदों, विधायकों और प्रमुख पार्टी पदाधिकारियों के इस समापन सत्र को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया।

**सोच को बड़ा रखिए, दृष्टि को बड़ा कीजिए:** केंद्रीय मंत्री राजनाथ ने कहा कि जरूरत इस बात की है कि हम जनता का भरोसा जीतें और हर संकट के समय सबसे पहले जनता के बीच पहुंचें। उन्होंने कहा कि अपनी सोच को बड़ा रखिए, अपनी दृष्टि को बड़ा कीजिए। महापुरूषों की विचारधारा को आगे बढ़ाकर राष्ट्र निर्माण का कार्य करें। हमारा उद्देश्य सत्ता प्राप्ति नहीं, जनता की सेवा है, इसलिए हमने अपने विचारों से कभी समझौता नहीं किया। हमारी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं, इसलिए भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी। हमारे लिए राष्ट्र निर्माण और विचारधारा सबसे प्रथम है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का आदर्श कार्यकर्ता है, कभी मर्यादाएं नहीं तोड़ता है।

**भाजपा की विकास यात्रा में तीन चीजें नहीं बदलीं:** राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण की परंपरा सतत और प्राचीन है। यह पार्टी की कार्यशैली का अंग है। आज भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है, लेकिन पार्टी की इस विकास यात्रा में तीन चीजें नहीं बदलीं। ये हैं-प्रशिक्षण, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और गरीब कल्याण की भावना। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग आप सभी के लिए पार्टी की वैचारिक यात्रा को समझने और आत्मसात, आत्मचिंतन करने का अवसर है। राजनाथ सिंह ने कहा कि अटलजी ने कहा था कि सत्ता प्राप्ति का उद्देश्य सिर्फ राष्ट्रसेवा होना चाहिए। हमारी जिस वैचारिक यात्रा का शुभारंभ डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने किया था वह आज भी जारी है और हमारे लिए राजनीति राष्ट्रनिर्माण का सशक्त माध्यम है।

### राजनाथ का हेलीकॉप्टर...

पुलिस और सुरक्षा कर्मियों का दल हेलीपैड की ओर भेजा गया। हेलीकाप्टर जेडएम 2967 में खराबी के चलते जेडएम 2686 से राजनाथ सिंह रवाना हुए। खराब हुए हेलीकॉप्टर जेडएम 2967 को पौने तीन घंटे बाद सुधार कर शाम 5.30 बजे रवाना किया गया।

### पीएम मोदी को साइप्रस...

मोदी कई वैश्विक नेताओं के साथ नजर आएंगे। पीएम मोदी का 2015 के बाद कनाडा का यह पहला दौरा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सिर्फ नरेंद्र मोदी का ही नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह उनकी क्षमताओं और आकांक्षाओं का सम्मान है। यह हमारी संस्कृति, भाईचारे और वसुधैव कुटुंबकम की विचारधारा का सम्मान है। मैं इसे भारत और साइप्रस के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों, हमारे साझा मूल्यों और आपसी समझ को समर्पित करता हूं। मैं सभी भारतीयों की ओर से इस सम्मान को बड़ी विनम्रता और कृतज्ञता के साथ स्वीकार करता हूं। यह पुरस्कार शांति, सुरक्षा, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और हमारे लोगों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इससे पहले मार्च में मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'द ग्रांड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' से सम्मानित किया था। यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी को भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके योगदान के लिए दिया गया था। मोदी इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं। यह 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार था, जो प्रधानमंत्री मोदी को किसी अन्य देश द्वारा दिया गया है। इसके बाद अप्रैल में श्रीलंका की सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी को 'श्रीलंका मित्र विभूषण सम्मान' से सम्मानित किया था। श्रीलंका की सरकार यह सम्मान उन देशों के राष्ट्राध्यक्षों को देती है, जिनके श्रीलंका के साथ अच्छे संबंध होते हैं।

**जी 7 क्या है ?:** जी 7 यानी 'ग्रुप ऑफ सेवन दुनिया के उन 7 देशों का समूह है, जिन्हें दुनिया की मॉडर्न इकोनॉमी वाला देश कहा जाता है। ये देश हैं- अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान, इटली, कनाडा और जर्मनी। पहले इसका नाम जी-8 हुआ करता था। 2014 में रूस ने पड़ोसी देश क्रीमिया पर कब्जा कर लिया तो बाकी सदस्य देशों ने रूस को ग्रुप से बाहर कर दिया। इसका नाम जी 7 हो गया। तय एजेंडे पर बातचीत के लिए हर साल जी7 समिट होती है, जिसका आयोजन जी 7 का अध्यक्ष देश करता है। दरअसल, जी 7 के सभी 7 देश बारी-बारी से इसकी अध्यक्षता करते हैं। इस साल कनाडा अध्यक्षता कर रहा है। ऐसे में जी 7 समिट कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कानानास्किस शहर में होगी। इस समिट के एजेंडे में वैश्विक शांति और सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता, विकास और डिजिटल डेवलपमेंट जैसे मुद्दे हैं।

### पीएम मोदी का ...

काइथरेओटी म्हापा पारंपरिक रूप से पैर छूकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करती नजर आ रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस पल को विनम्रता से स्वीकार किया, जो दुनिया भर के देशों के साथ भारत के गहरे सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाता है। ऐतिहासिक केंद्र निकोसिया का पुराना दीवार वाला हिस्सा है। यह अपनी किलेबंदी, पारंपरिक वास्तुकला और बाजारों के लिए प्रसिद्ध है।

### पीएम जेलेंस्की से भी ...

आउटरीच पार्टनर के तौर पर समिट में शिरकत कर रहा है।

### सरकार या संगठन का..

का विकास करके राष्ट्र के निर्माण में योगदान दिया जाता है। यह प्रक्रिया व्यक्ति को समाज में एक जिम्मेदार नागरिक बनाती है और व्यक्ति राष्ट्र निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब व्यक्ति अपने चरित्र, मूल्यों और क्षमताओं का विकास करते हैं, तो वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद कर सकते हैं।

### *आदिवासी वर्ग से हो ...*

*वर्ग के समापन अवसर पर पत्रकार वार्ता में गजेंद्र प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के बाजू में बैठे थे। इससे भी उनके प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की अटकलों को बदल मिला है। गजेंद्र पार्टी का आदिवासी चेहरा हैं और इनकी पृष्ठभूमि भी संघ वाली है। गजेंद्र के पिता उमराव सिंह पटेल संघ के प्रचारक रहे हैं। वे इंदौर के महू क्षेत्र में संघ के विस्तारक थे। इसके अलावा गजेंद्र ने बीए, एलएलबी तक पढ़ाई की है। इन सब बातों को ध्यान में रख कर भाजपा नेतृत्व गजेंद्र के नाम पर गंभीरता से विचार कर रहा है।*

### छतरपुर में पटवारी...

के अंतर्गत एक पुलिया निर्माण एवं उसे दोनो ओर जोड़ने के लिए कुल 70 मीटर रोड का निर्माण होना था। यह रोड वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आ रही है। वन चौकी प्रभारी द्वारा निर्माण कार्य के एवज में 15 हजार रूपए की रिश्वत मांगी जा रही थी। शिकायत के सत्यापन के बाद आरोपी वन चौकी प्रभारी को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया।

### कटी लाइन रिपेयर ...

आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। अविनाश तिवारी ने बताया कि हमले में 4 कर्मचारी घायल हुए हैं। एडिशनल एसपी विवेक लाल ने बताया कि मामले में जांच शुरू कर दी गई है। दोषियों को चिह्नित कर मामले में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### 'पहला फेज' लद्दाख...

हिस्सों के लिए दूसरा फेज 1 मार्च, 2027 को शुरू होगा। जनगणना का होना बहुत ही जरूरी है। इसी के आधार पर चुनावी निर्वाचन क्षेत्र बनाए जाते हैं और एससी और एसटी कैटेगरी के लिए सीटें रिजर्व की जाती हैं। शिक्षा से लेकर ग्रामीण विकास तक के मंत्रालय स्कूलों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का पता लगाने के लिए जनगणना के आंकड़ों का इस्तेमाल करते हैं। संविधान का अनुच्छेद 82 सबसे हालिया जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन अनिवार्य करता है। अनुच्छेद 330 और 332 एससी और एसटी के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात के आधार पर विधानसभाओं में सीटें रिजर्व करते हैं।

### 30 लाख जनगणना...

विशेषताओं को दर्ज किया जा सके। गणना करने वाला घर के मुखिया, सदस्यों की संख्या, इसकी बनावट में इस्तेमाल की गई सामग्री, रूम की संख्या, पानी और बिजली के सोर्स, खाना पकाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला ईंधन और टीवी, फोन, वाहन आदि जैसी संपत्तियों की उपलब्धता के बारे में डेटा इकट्ठा करता है।

## पेज एक का शेष...

### हांगकांग से दिल्ली आ...

फ्रैंकफर्ट वापस लौटना पड़ा। यह फ्लाइट हैदराबाद जा रही थी। तीसरी घटना में, एयर इंडिया की एक फ्लाइट हांगकांग से दिल्ली आ रही थी। उसे तकनीकी खराबी के शक में बीच रास्ते से लौट जाना पड़ा। इधर, 250 हज यात्रियों को लेकर जा रहे सऊदी एयरलाइंस के विमान में लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान लैंडिंग गीयर में तकनीकी खराबी आ गई. पहिए से चिंगारी और धुआं निकलटे देख पायलट ने विमान को रोककर एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचित किया।

गनीमत रही कि समय रहते सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया। इसके बाद विमान को पीछे धकेला गया और टैक्सी-वे पर ले जाया गया, जहां सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया. एयरपोर्ट की फायर टीम ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और फोम और पानी का उपयोग करके 20 मिनट के भीतर स्थिति को नियंत्रण में कर लिया। सऊदी एयरलाइंस का विमान एसवी-3112 शनिवार को रात 10:45 बजे जेद्दा एयरपोर्ट से रवाना हुआ था और रविवार को सुबह 6:30 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा था।

### हांगकांग वाली फ्लाइट...

के थोड़ी देर बाद ही हांगकांग लौट आई। विमान हांगकांग में सुरक्षित उतर गया है । यात्रियों को जल्द से जल्द उनके गंतव्य दिल्ली तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

### बरेली नगर परिषद ...

में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्यों सहित कुल 138.96 करोड़ की लागत वाले विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने चयनित हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए। इस मौके पर क्षेत्र के ही सरकार के राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्यमंत्री पटेल ने किसान परिवार के बेरोजगार युवाओं को इंटर्नशिप दिलाने की अभिनव योजना की शुरुआत की है। इससे जुड़े युवाओं को कौशल उन्नयन के साथ ही 3000 रुपए प्रति महीना आर्थिक लाभ भी दिया जा रहा है। हम इस कार्य की सराहना करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी योजना में इंटर्नशिप की सहायता राशि अब राज्य सरकार प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के विकास के लिए पूरी तरह संकल्पित है। हम युवाओं को काम दिलाएंगे। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री पटेल, नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी, जबलपुर सांसद आशीष दुबे, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, राकेश शर्मा, पूर्व विधायकगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### कैमरे के सामने ...

ने जहर खा लिया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नूपुर जाट ने एक सुसाइड नोट भी लिखा, जिसमें मौत के लिए ससुरालवालों को जिम्मेदार ठहराया। सीएसपी श्वेता गुप्ता ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है। परिवार वालों ने वीडियो और सुसाइड नोट की जानकारी दी है। दस्तावेजों की पुष्टि के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नूपुर के भाई विनोद जाट ने कहा कि मेरी बहन को ससुरालवाले लगातार टॉर्चर कर रहे थे। पति सतीश जाट बीते दो-तीन दिन से घर से गायब था। पारिवारिक जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद भी चल रहा है। विनोद के मुताबिक, सास हेमलता और एक ननद उज्जैन में ही दूसरे मकान में रहते हैं, जबकि दूसरी ननद धार के पास शादी के बाद ससुराल में है। नूपुर की शादी साल 2021 में उज्जैन के सतीश जाट से हुई थी। दोनों के बच्चे नहीं हैं।

### थाने के बाहर ....

अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सार्थक नगर में रहने वाली चेतना कुलपारे ने बताया कि तीन-चार दिन से साइबर पुलिस उसके परिवार को परेशान कर रही है। युवती ने बताया कि मेरे भाई चिराग को पुलिस पहले उठा कर ले गई थी। जब वह लौटा तो उसकी टांग टूटी हुई थी। हमने भाई को प्लास्टर चढ़वाया था। इसके बाद शुक्रवार को फिर साइबर सेल वाले उसे दोपहर में लेकर गए। उसके बाद से उसका पता नहीं है।

### 10 हजार भारतीयों...

नागरिकों को निकालने के लिए सुरक्षित रास्ता देने की घोषणा की है। भारत के अनुरोध का जवाब देते हुए ईरान ने कहा कि फिलहाल देश में हवाई क्षेत्र बंद है, इसलिए छात्र अजरबैजान, तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान के रास्ते अपने वतन लौट सकते हैं। इससे पहले ईरान में भारतीय दूतावास ने रविवार को जानकारी दी थी कि वह स्थिति की लगातार निगरानी कर रहा है। दूतावास ईरान में मौजूद छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनके साथ लगातार संपर्क में है।

भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा कि कुछ मामलों में दूतावास की मदद से छात्रों को ईरान के भीतर सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। अन्य संभावित विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। दो कश्मीरी छात्र हो चुके घायल, वहां 3500 छात्र: ईरान की तरफ से मिली मंजूरी के बाद भारत जल्द ही भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए अभियान शुरू कर सकता है। इस बीच, रविवार रात तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए बने एक छात्रावास के पास एक हमला हुआ है। इन हमलों में कश्मीर के रहने वाले दो भारतीय छात्र घायल हो गए। हालांकि उनकी हालत फिलहाल ठीक बताई जा रही है। ईरान में कश्मीर के लगभग 3500 छात्र हैं।

### न्यूज चैनल की ...

थी। वह बम धमाके में बाल-बाल बच गई। घटना का वीडियो भी सामने आया, जिसमें एंकर को स्टूडियो से भागते हुए देखा गया। उसके पीछे की स्क्रीन काली हो गई। स्टूडियो मलबे और धुएं से भर गया। एक शख्स अल्लाहु अकबर कहते सुनाई दिया।





**नाम परिवर्तन**
मैं सिद्धार्थ लोधी आत्मज श्री भुजवल सिंह लोधी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम गुनडई, बंजरिया, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र.। मेरी कक्षा दसवी एवं बारहवी के अंकसूचियो मे पिता का नाम त्रुटिवश अंग्रेजी मे (BHUJVAL) एवं माता का नाम अंग्रेजी में त्रुटिवश (KASHI) दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पिता के नाम की अंग्रेजी में सही स्पेलिंग (BHUJVAL SINGH LODHI) है। एवं माता के नाम की अंग्रेजी में सही स्पेलिंग (KASHI BAI) है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरे पिता को श्री भुजवल सिंह लोधी (BHUJVAL SINGH LODHI) एवं मेरी माता को (KASHI BAI) के नाम से जाना व पहचाना जावे।
शपथ पत्र क्रमांक CU 906156

**नाम परिवर्तन**
मैं भुजवल सिंह लोधी आत्मज श्री राजाराम लोधी उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम-गुनडई, बंजरिया, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. ।मेरी पुत्री साक्षी लोधी (SAKSHI LODHI) की कक्षा दसवी एवं बारहवी के अंकसूचियो में पिता के नाम की अंग्रेजी की स्पेलिंग त्रुटिवश (BHUJBAL LODHI) दर्ज हो गया है। मेरे सही नाम की अंग्रेजी मे स्पेलिंग (BHUJVAL SINGH LODHI) है। अतः भविष्य में मेरी पुत्री के सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे उसका नाम साक्षी लोधी (SAKSHI LODHI) पुत्री भुजवल सिंह लोधी(BHUJVAL SINGH LODHI) के नाम से जाना व पहचाना जावे।
शपथ पत्र क्रमांक CU 906157

**नाम परिवर्तन**
मैं, भूरा सिंह पुत्र श्री फूलसिंह, आयु 46 वर्ष, निवासी-मलझिर, तहसील बाड़ी, जिला रायसेन, म.प्र. ।मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश शुभम अहिरवार पुत्र ममता बाई दर्ज हो गया है। मेरे पुत्र का सही नाम शिवम सिंह पुत्र श्री भूरा सिंह है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरे पुत्र को शिवम सिंह पुत्र श्री भूरा सिंह के नाम से जाना व पहचाना जावे
शपथ पत्र क्रमांक CV 007014

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

**गाँधी पी.आर. महाविद्यालय**
(अल्पसंख्यक संस्थान) ऑन लाईन प्रकिया से मुक्त बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
*DIRECT ADMISSION
Admission Procedure According to MP Higher Education Guideline 2022-23

UG COURSE: B.A., BCA, BBA, B.P.E.S., B.Sc., B.Lib B.Com (Economics/Computer/Hon's)
PG COURSE: M.A : Hindi, English. Maths, Economics History, Political Science, Sociology & Social Work
M.Sc : Zoology, Botany, Chemistry, Physics, Computer Science, Microbiology & Biotechnology
M.Com : Accounts & Management B.Ed. : Bachelor of Education (Online Counselling)
DIPLOMA COURSE
P.G.D.Y.S : PG Diploma In Yogic Science
P.G.D.C.A. : PG Diploma in Computer Appcation
D.El.Ed. : Diploma in Elementary Education
www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com
Mob. 9827208070, 9425346230 9893194695, 9981291288, 7828186626
डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।


**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


## शब्द पहेली - 5900



**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

### शब्द पहेली - 5899 का हल



## सूडोकु नवताल - 5910

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5909 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## खबर संक्षेप

### आदमपुर खंती डंपिंग साइट क्षेत्रवासियों के लिए मेडिकल चेकअप कैंप कल से

**भोपाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आदमपुर खंती डंपिंग साइट के आसपास निवासरत नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार के लिए मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 18 से 26 जून तक ग्राम पडरिया काछी में आयोजित किया जाएगा। शिविर में श्वसन रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ, पेट रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, पैथोलॉजिस्ट सहित आवश्यक चिकित्सकीय स्टाफ उपस्थित रहेंगे। शिविर का उद्देश्य डंपिंग साइट के आस-पास निवासरत नागरिकों के स्वास्थ्य की नियमित जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान करना है।

### बरकतउल्ला विवि में पीएचडी के लिए आरडीसी 19 को

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने पीएचडी (डॉक्टर ऑफ फिलॉस्फी) के लिए आरडीसी (रिसर्च डिग्री कमेटी) की बैठक के लिए तारीख जारी कर दी है। बीयू के कुलसचिव द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार रसायन शास्त्र विषय की आरडीसी 19 जून को अपरान्ह 12 बजे से कुलगुरु प्रो. एसके जैन कार्यालय में आयोजित की जा रही है। सभी पात्र शोधार्थी उक्त दिनांक को शोध कार्य प्रस्ताव (पीपीटी) के साथ निर्धारित समय से पहले 11 बजे तक कुलगुरु कार्यालय में उपस्थित हों।

### राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेशभर के छात्रों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बीडी/खदान श्रमिकों एवं उनके अध्ययनरतर पुत्र-पुत्रियों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति योजना की आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश के सभी विवि के कुलसचिव एवं कॉलेजों के प्राचार्य को जारी निर्देश में कहा है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बीडी, खदान श्रमिकों एवं उनके अध्ययनरत पुत्र-पुत्रियों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति योजना के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया 2 जून से शुरू हो चुकी है। इसके लिए अब आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इस लिए संबंधित विद्यार्थियों के योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर सत्यापित किया जाए।

### पंद्रह अगस्त तक मछली पकड़ने पर रोक

**भोपाल।** सोलह जून से 15 अगस्त तक की अवधि तक क्लोज सीजन में नदियों और जलाशयों में किसी भी प्रकार के मछली पकड़ने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया है। छोटे तालाब या अन्य जलस्रोत, जिनका किसी नदी से कोई संबंध नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के तहत नहीं लाया गया है, इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। इसके अतिरिक्त, अवैधानिक मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनिमय या परिवहन करना भी प्रतिबंधित है। आदेश का उल्लंघन करने पर एक वर्ष का कारावास या पांच हजार रुपए तक का जुर्माना, दोनों से दंडित किया जा सकता है।

# नो पार्किंग में खड़े दोपहिया को टांगा ट्रैफिक पुलिस ने क्रेन पर, नंगे पैर युवती पीछे भागी, हाथ जोड़ मांगी माफी, हिदायत देने के बाद छोड़ी...



फोटो - 1

स्थान: मानसरोवर कॉम्प्लेक्स से नो पार्किंग में खड़े वाहनों को उठाने पहुंची ट्रैफिक पुलिस की क्रेन।
समय: सोमवार 12.29 बजे दोपहर


फोटो - 2
अपने वाहन छुड़वाने पहुंचे गाड़ी मालिक पुलिस के सामने हाथ जोड़ मिन्नतें करते बुजुर्ग व युवती(इनसेट)।


फोटो - 3
ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने कहा-रुक जाइए, अभी छोड़ देते हैं आपका वाहन। दोबारा नो पार्किंग में मत लगाना। आगे आइए, यहां ट्रैफिक लग रहा है।


फोटो - 4
जैन मंदिर रोड पर युवती को सुपुर्द किया दो पहिया वाहन, युवती ने हाथ जोड़ धन्यवाद दिया।


फोटो - 5
वाहन मिलने के बाद युवती ने ली राहत की सांस।

फोटो स्टोरी, जसप्रीत सिंह

## आषाढ़ महीने का पहला मंगलवार आज

# हनुमान मंदिरों में दर्शन करने लगेगी भीड़, होगी विशेष पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आषाढ़ का पहला मंगलवार 17 जून को है। इसके चलते राजधानी के हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। श्रद्धालु मंदिरों में हनुमानजी की विशेष पूजा-अर्चना करेंगे। इस बार आषाढ़ माह में चार मंगलवार पड़ रहे हैं।

मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि मंगलवार को ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, षष्टी तिथि रहेगी। यह समय भगवान के पूजन के लिए सर्वश्रेष्ठ है। आषाढ़ के मंगलवार के पहले हनुमान मंदिरों में विशेष साफ-सफाई हुई। राजधानी के न्यू मार्केट स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर, गुफा मंदिर, शीतला माता शापिंग सेंटर टीला जमालपुरा, मरघटिया हनुमान, पुल पातरा हनुमान मंदिर व 1100 क्वार्टर हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-पाठ, सुंदरकांड, हनुमान



चालीसा व महाआरती की जाएगी। तो वहीं सुबह से हनुमानजी का अभिषेक कर उन्हें प्रसादी अर्पित करने के लिए मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। गुफा मंदिर के पं. लेखराज शर्मा ने बताया कि आषाढ़ के मंगलवार को श्री बूढ़े हनुमान महाराज जी की महाआरती होगी।

इसके बाद सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ होगा तथा प्रसादी वितरण किया जाएगा। शीतला माता शापिंग सेंटर टीला जमालपुरा के पुजारी श्रीहरि जोशी ने बताया कि श्री हनुमान भगवान की विशेष पूजा-पाठ के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। पुल पातरा हनुमान मंदिर यादगार शाहजहांनी पार्क स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान जी की भव्य प्रतिमा का विशेष श्रृंगार कर पूजन-पाठ किया जाएगा।

### ऐसे करें हनुमानजी का पूजन

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि शुभ फल के लिए हनुमान जी की आराधना करना चाहिए। मंगलवार का व्रत करें, घी से सिंदूर चढ़ाएं, नारियल, जनेऊ, राम नाम लिखकर अकौआ की माला हनुमानजी को अर्पित करें। विजय प्राप्ति की इच्छा रखने वाले ध्वजा अर्पित करें। हनुमान चालीसा एवं संकटमोचन पाठ अवश्य सुनाएं। हनुमान जी के दर्शन, सिंदूर चढ़ाने, प्रसाद अर्पण करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

### राज्यपाल से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के नवनियुक्त जनपद सीईओ और बीडीओ ने की भेंट

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि लोक सेवक बनकर राष्ट्र के विकास और मानव कल्याण का अवसर बिरले लोगों को ही मिलता है। सेवाभाव के साथ जनसेवा ही सच्चे लोक सेवक की पहचान है। राज्यपाल पटेल पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के नवनियुक्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और विकासखंड अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। राजभवन के स्वर्ण जयंती सभागार में सौजन्य भेंट कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता भी मौजूद थे। राज्यपाल पटेल ने कहा कि प्रशिक्षण में मिलने वाली सीख और वरिष्ठ अधिकारियों के कार्य अनुभवों का उपयोग प्रशासनिक जीवन की चुनौतियों के समाधान में करें। उन्होंने कहा कि आप जब भी मैदानी भ्रमण पर जाए, जनता से आत्मीय व्यवहार करें उनकी समस्याओं को विनम्रता से सुनें और प्राथमिकता के साथ निराकरण करें।

## इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना

# प्रदेश के 62 हजार से अधिक बच्चों के विचार पोर्टल पर किए गए अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



केन्द्र सरकार के प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना के माध्यम से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने के मकसद से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में इंस्पायर अवार्ड मानक योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के जरिये बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करने के प्रयास किये जा रहे हैं। पिछले वर्ष स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित इस योजना में शासकीय विद्यालयों के अलावा अशासकीय विद्यालय के साथ केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और अन्य विद्यालयों के बच्चे शामिल हुए।

### कक्षा 6 से 10 के बच्चे होंगे शामिल

प्रतियोगिता में 62 हजार 124 बच्चों के विज्ञान से जुड़े आइडियाज भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड किए गए है। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार की इस प्रतियोगिता में नई दिल्ली में आयोजित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश में स्थान प्राप्त विदिशा जिले की रूपाली लोधी को एक्सचेंज प्रोग्राम में वर्ष 2024 में जापान जाने का मौका मिल चुका है। योजना में कक्षा-6 से कक्षा-10 तक नियमित अध्ययनरत विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। केन्द्र सरकार द्वारा यह कार्यक्रम देशभर के 5 लाख विद्यालयों में संचालित किया जा रहा है। योजना के माध्यम से प्रत्येक विद्यालय से 2 सर्वश्रेष्ठ विचार के मान से लगभग 10 लाख नवाचारों को प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## एम्स में अंतरराष्ट्रीय स्किल बेस कोर्स हुआ आयोजित

**भोपाल।** एम्स भोपाल के न्यूरोसर्जरी विभाग एवं एनाटॉमी विभाग द्वारा भोपाल की न्यूरो एसोसिएशन के सहयोग से आईएसबीएम स्किल बेस कोर्स 2025 का आयोजन किया गया। सम्मेलन की शुरुआत एक गहन हैंड्स-ऑन स्किल बेस सर्जरी वर्कशॉप के साथ हुई, जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को एंडोस्कोपिक स्कल बेस सर्जरी तकनीकों और माइक्रोवैस्कुलर एनास्टोमोसिस जैसी जटिल प्रक्रियाओं का कैडेवर पर अभ्यास कराया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रास बिहारी शर्मा आ. श्री ललिता चरण , जिसे पहले रास बिहारी कहा जाता था मकान संख्या-154 का निवासी हूं। मढ़ी अजलेश्वर अशोक नगर म.प्र. सत्यनिष्ठ से घोषणा करता हूँ- कि मैं अपने और अपनी पत्नी ,बच्चों तथा प्रेषक संतान की ओर से अपने पूर्व नाम/उपनाम रास बिहारी का प्रयोग पूर्णतः त्यागता हूँ तथा इसके स्थान पर मैं अब से अपने नये नाम रास बिहारी शर्मा को ग्रहण करता हूँ, जो कि भविष्य में मेरे सभी दस्तावेजो पर अंकित रहेगा अतः मुझे नये नाम रास बिहारी शर्मा के नाम से जाना एवं पहचाना जावें।

भवदीय :
रास बिहारी शर्मा आ. श्री ललिता चरण
मकान संख्या-154 , मढ़ी अजलेश्वर अशोक नगर म.प्र.

## जवानों के साथ मिलकर मनाया रक्तदाता दिवस

# एम्स: आईटीबीपी के जवानों ने डॉक्टर्स छात्रों के साथ किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एवं ब्लड बैंक विभाग द्वारा रेजिडेंट डॉक्टर्स वेलफेयर काउंसिल, नर्सिंग काउंसिल तथा इंडो-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के सहयोग से विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आईटीबीपी के जवानों,




कॉलेज के छात्रों, रेजिडेंट डॉक्टरों, फैकल्टी सदस्यों, स्टाफ तथा नर्सिंग अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में 101 स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया, जिन्हें स्वैच्छिक रक्तदान प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के डॉ. अजीत कुमार, संजीव रैना, डॉ. शशि मेहर, गिरीश चंद्र उपाध्याय विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, शॉर्ट फिल्म/रील निर्माण और क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। साथ ही एक विशाल एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटलेट) डोनर भर्ती अभियान भी चलाया गया।

# नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंस में मिली डिग्री, बेहतर कॅरियर की शुरुआत

**संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेस के दीक्षांत समारोह में उपाधि से किया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी स्थित संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंस का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मेडिकल एवं नेचुरोपैथी क्षेत्र के कई विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। समारोह में विभिन्न विषयों में स्नातकों एवं स्नात्कोत्तर के विद्यार्थियों को उनकी उपाधियों से सम्मानित किया गया। इस दौरान कॉलेज से सत्र 2015-16 की छात्रा दीपाली सक्सेना को बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेस में बेहतरीन अंकों के साथ उत्तीर्ण होने पर बीएनवॉयएस की डिग्री से सम्मानित किया गया।

## मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 23वें स्थापना दिवस पर उपभोक्ताओं का सम्मान

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ धूमधाम से मना स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समय पर बिजली का बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं का सम्मान करने के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपना 23वां स्थापना समारोह धूमधाम से मनाया। गोविंदपुरा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल द्वारा पौधरोपण कर सभी कार्मिकों को शपथ दिलाई।

इसी दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्तदान किया गया तथा प्रथम पांच रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कंपनी के मैदानी कार्यालयों द्वारा भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने के साथ ही सहभागिता करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं निर्धारित तिथि से पहले शत-प्रतिशत बिजली बिल भुगतान करने वाले और कंपनी कार्यों में सहयोग करने वाले उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुधीर श्रीवास्तव, मनोज कुमार जैन, अनिल खत्री सहित कर्मचारी शामिल हुए।




### एमडी के साथ 88 कर्मचारियों ने किया रक्तदान

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के स्थापना दिवस समारोह में गांधी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कंपनी मुख्यालय के पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेंटर (पीडीटीसी) परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल सहित 88 कर्मचारियों ने रक्तदान कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया।

### निष्ठापूर्वक कार्य करने की दिलाई शपथ

स्थापना दिवस के अवसर पर कार्मिकों को निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर गोविंदपुरा स्थित सभागार में सभी कार्यालयों के अधिकारी और कर्मचारी एकत्रित हुए। वहीं सभी क्षेत्रीय, वृत्त, संभाग तथा विद्युत वितरण केंद्रों कार्यालय प्रमुख के द्वारा कार्मिकों को निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई गई।



कोहेफिजा थाना और शाहजहांनाबाद पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई, आठ दोपहिया वाहन जब्त

# मैकेनिक अपने साथी की डिमांड पर चुरा रहा था दोपहिया वाहन, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा और शाहजहांनाबाद पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पांच अन्य उनके साथियों को गिरफ्तार किया है, जो चोरी के वाहन का रजिस्ट्रेशन कार्ड बनाने में लगे थे। पुलिस चोर गिरोह से 8 दो पहिया वाहन और तीन वाहनों के खुले हुए पाट्र्स चोरी किए है। दो पहिया वाहन चुराने का काम मैकेनिक का था। वह गिरोह के सरगना के कहने पर वाहन चुराता था। मैकेनिक होने के कारण वह कुछ देर में ही वाहन चुरा लेता था।

पुलिस के अनुसार 21 मई को संजना वर्मा ने शिकायत करते हुए बताया कि उनकी सुजूकी एक्सेस, शिखा टावर नयापुरा पार्किंग से चोरी हो गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच की। वाहन चोरों की तलाश के लिए कोहेफिजा और शाहजहांनाबाद पुलिस की टीम का गठन का किया गया। टीम ने संदिग्धों से पूछताछ की और थाना क्षेत्र में मैकेनिक की दुकानों पर नजर रखी। इस बीच मुखबिर की सूचना पर अरशान खान और नवेद खान को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उनके पास से आठ दो पहिया वाहन और तीन वाहनों के खुले हुए पाट्र्स मिले। आरोपी अरशान और नवेद वाहन चोरी करते थे। चोरी गए वाहनों के पार्टस मैकेनिक अलग-अलग करके बेच देता था।

**खास बातें**
- लॉक खोलकर डायरेक्ट स्टार्ट कर देता था दोपहिया वाहन
- चोरी के वाहन की नकली रजिस्ट्रेशन कार्ड बनाने वाले भी गिरफ्तार




### रजिस्ट्रेशन कार्ड बनाया

चोरी के वाहन अरशान और नवेद शाहिल को बेचते थे। शाहिल इमरान को और इमरान, सलमान की मदद से रजिस्ट्रेशन कार्ड बनाने वाला था। सलमान ने हैदर से संपर्क किया और हैदर ने सज्जाद से फर्जी रजिस्ट्रेशन कार्ड बना लिया था। चोरी के वाहन का रजिस्ट्रेशन कार्ड होने के कारण उसे महंगे में बेचने की तैयारी थी। पुलिस आरोपियों से अन्य वाहनों की चोरी के संबंध में पूछताछ कर रही है।

पंचों ने की कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ से शिकायत

# तामोट पंचायत में सरपंच और सचिव के खिलाफ असंतोष

**शिकायत में कहा, तामोट पंचायत को दो ठेकेदार चला रहे हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामोट

तामोट पंचायत में सरपंच और सचिव के खिलाफ पंचों में भारी असंतोष है। पंचों एवं भाजपा नेता बाबूलाल और राजकुमार ने इसकी शिकायत कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ से की है। शिकायत में कहा गया है कि तामोट पंचायत को दो ठेकेदार चला रहे हैं। दोनों पंचायत दफ्तर भी देखते हैं और निर्माण कार्य के ठेके भी लेते हैं। वहीं, पंचायत सचिव विनोद ग्रामीणों की समस्याएं सुनते नहीं हैं।

शिकायत में ये भी कहा गया है कि तामोट और सिंधी कैंप में हुए नवनिर्माण कार्यों का सत्यापन कराया जाए। वहीं सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण हटाने की मांग भी शिकायत में की गई है। वहीं, सरपंच कपिल मेहरा से इन पंचों ने फोन पर पूछा-आप पंचायत में कब मिलेंगे तो उनका जवाब था कि मैं दुकान पर हूं इसलिए यहीं मिलूंगा। दोनों पंचों ने अपनी शिकायत में बताया कि तामोट और सिंधी कैंप में अनियमितताओं को लेकर लोगों में रोष है। वहीं तामोट की जनपद सदस्य सुलेखा चौहान ने फोन पर कहा पंचायत सचिव कब आता है, कब जाता है किसी को पता नहीं है। वहीं उन्होंने कहा कि सरपंच को पंचायत कार्यालय में बैठना चाहिए।

**शिकायत आई है**

तामोट के पंचायत की और सचिव की शिकायत आई है, मैं एसडीओ उमाशंकर आर्य से जांच कराऊंगा।
**निखिलेश कटारे,** जनपद सीईओ तामोट

**जांच करूंगा**

मुझे जानकारी मिल गई है। मैं तामोट पंचायत की जाकर जांच करूंगा।
**उमाशंकर आर्य,** एसडीओ, तामोट

**खबर संक्षेप**



### विहिप का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न

**संतनगर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपना दो दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न किया। हलालपुर ईडन गार्डन में आयोजित दो दिवसीय इस अभ्यास वर्ग में उद्घाटन में प्रांत मंत्री राजेश जैन का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। साथ ही सत्रों के क्रमानुसार प्रांत के विजय जैन, जितेंद्र चौहान, प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह चौहान, राकेश श्रीवासत्व, जीवन शर्मा एवं अभिजीत सिंह राजपूत एवं समापन सत्र में प्रांत के मार्गदर्शक पीतांबर राजदेव ने कार्यकर्ताओं से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने का आह्वान किया। इस अभ्यास वर्ग में सभी कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद और धर्मांतरण एवं गौतस्करी की घटनाओं को रोकने का संकल्प भी लिया।

### हिंउस अध्यक्ष राजेश खटीक का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक का सोमवार को जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया गया। हिंदू उत्सव समिति के सोनू अग्रवाल, कमल मालवीय, संतोष गुप्ता, सुधीर, कमल, बंटी जोशी, पंकज नागरानी, राहुल महेश्वरी ने केक काटा। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोरा, विजय जैन, रमेश वासवानी, विक्रम धाड़ी, रतन मेघानी, मनोज मेघानी, पूर्व नपा अध्यक्ष हरप्रीत कौर, त्रिलोचन सिंह बिट्टू सहित अन्य लोगों ने माला पहनाई कर मिठाइयां बांटकर बधाइयां दी।

### बसंत कुमार रायचंदानी की पुण्यतिथि आज



**संतनगर।** सिंधी साहित्य के मशहूर साहित्यकार स्व. बसंत कुमार रायचंदानी त्यागी की 29वीं पुण्यतिथि ब्रहम कन्या दादी ठाकी देवी दरबार (परिषद के सामने) संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ में सात संगत और संपूर्ण परिवार के साथ मंगलवार शाम 6 बजे मनाई जाएगी। बसंत कुमार त्यागी एक अध्यापक होने के साथ-साथ सिंधी साहित्य से जुड़कर उन्होंने कई रचनाएं लिखकर सिंधी समाज को समर्पित की, जो एक आदर्श के रूप में सभी के दिलों में हमेशा याद रहेगी। उनके आदर्श सिंधी समाज के प्रति सेवा एवं सिंधी साहित्य, कला भाषा एवं संस्कृति के लिए समर्पित जीवन तथा उच्च आदर्श ही प्रेरणा के स्त्रोत हैं।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 4938 | | |
| दिनः | 578 | 07 | 115 |
| रातः | 289 | 98 | 459 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 347 | 46 | 123 |
| रातः | 178 | 65 | 140 |

कोलार थाना क्षेत्र स्थित ए-सेक्टर दामखेड़ा का मामला, पत्नी की हालत गंभीर

# पत्नी को बंधक बनाकर की मारपीट, बीयर की फूटी बोतल से किए दर्जन भर हमले

**खून से लथपथ पत्नी को खाट पर मरने के लिए निर्वस्त्र छोड़ा, पानी डालकर किया खून साफ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित ए-सेक्टर दामखेड़ा में पति द्वारा पत्नी से मारपीट कर उसे निवस्त्र कर अधमरा अवस्था में छोड़ने का मामला सामने आया है। विवाद के बाद आरोपी ने पत्नी को बंधक बनाकर बीयर की टूटी बोतल से करीब एक दर्जन वार किए। जब वह खून से लतपत हो गई तो आरोपी ने उसे निवस्त्र कर दिया और पानी डाल दिया, ताकि सबूत न रहे। आरोपी ने बीयर की टूटी बोतल से उसके सिर, हाथ-पैर, सीना, पीठ व पेट में कई वार किए, जिससे पत्नी को भंगीर चोटें आईं हैं। सिर भी बुरी तरह से फंटा गया है। सूचना पर पहुंची डायल 100 की टीम ने महिला को घर के पिछले हिस्से से उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

एएसआई वीरमणि पांडेय ने बताया कि दामखेड़ा ए-सेक्टर निवासी मुन्नी बाई वाल्मीकि (50) घरों में काम करती हैं। उनका बेटा अरविंद वाल्मीकि शराब पीने का आदी है। वह बेरोजगार है। पुताई का काम मिलने पर कर लिया करता था। करीब 8 साल पहले अरविंद की शादी शकुंतला उर्फ सकुन बाई (28) से हुई थी। उनकी 9 साल की बेटी मीनू और छोटा बेटा 7 साल का अमित है। अरविंद शराब के नशे में अक्सर सकुन बाई से मारपीट करता था। इसी के चलते वह दो महीने पहले सकुन बाई दोनों बच्चों को लेकर मायके चली गई। रविवार रात करीब 8 बजे समझौते की बात करने और बच्चों से मिलने का बहाना बनाकर अरविंद ने पत्नी व दोनों बच्चों को अपने घर बुला लिया।

**दोनों पैर बांधे और डंडे सहित बेल्ट से पीटा**

जिस समय सकुन बाई घर पहुंची उस समय अरविंद शराब के नशे में था। समझौता करने की बजाए उसने सकुन बाई से विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने सकुन बाई को कमरे में बंद कर लिया और रस्सी से उसके दोनों पैर बांध दिए। वह डंडे और बेल्ट से सकुन बाई के साथ मारपीट करने लगा। दोनों बच्चे बुरी तरह डर गए और खुद को दूसरे कमरे में बंद कर लिया।


अरविंद वाल्मीकि
आरोपी

**बीयर की बोतल से शरीर गोदा**

बेल्ट और डंडे से पीटने के बाद वह थक गया तो उसने बीयर की बोतल फोड़ी और सकुन बाई पर हमला कर दिया। सकुन बाई के शरीर पर बीयर की बोतल के दर्जनभर से अधिक गहरे घांव मिले हैं। पुलिस का कहना है कि जब वह पहुंची तो अरविंद ने कहा कि हमारे बीच समझौते की बात चल रही है। पुलिस लौट आई। इसके बाद मुन्नीबाई ने पुलिस को बताया कि सकुन बाई को पीछे के कमरे में मरने के लिए छोड़ा गया है और वह मर जाएगी। इस पर पुलिस की टीम दौबारा पहुंची। पुलिस ने सकुन बाई की हालत देखी तो होश उड़ गए। वह निर्वस्त्र हालत में एक खटिया पर अधमरी हालत में पड़ी थी। उस पर एक छोटा से कपड़ा डला हुआ था।

**तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित मेन रोड गणेश ढाबा के सामने रविवार रात तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर में जा घुसी। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक को गंभीर चोट आई थी। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रवि अहिरवार पिता बाबूलाल अहिरवार (25) नवीन छावनी, आदमपुर बिलखिरिया में रहता था और पीओपी का काम करता था। रविवार को वह काम आया था। इसके बाद रात करीब दस बजे घर लौट रहा था। पीपुल्स मॉल से कुछ दूरी पर गणेश ढाबा के पास पहुंचते ही उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। स्थानीय लोगों ने प्राइवेट वाहन की मदद से रवि को भानपुर स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय रवि की बाइक की रफ्तार अत्यधिक थी। डिवाइडर से टकराने पर उसे सिर में गंभीर चोट आई थी।

**नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत,मायके पक्ष ने लगाए हत्या के आरोप**

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित राजीव नगर बस्ती में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। नव विवाहिता की शादी दो महीने पहले ही पड़ोस के युवक से हुई थी। दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात भी दोनों के बीच विवाद हुआ तो महिला मायके चले गई थी, लेकिन आधी रात को पति के बुलाने पर वह घर लौट आई। सुबह करीब 6 बजे पति ने नव विवाहिता की मां को मोबाइल कर मौत की जानकारी दी और सीधे अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। एमपीनगर थाना पुलिस का कहना है कि शव का पीएम करवाया गया है, जांच के बाद तथ्य सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार 25 साल की फरहा खान राजीव नगर में रहती थी। उसकी शादी उसी के मोहल्ले में रहने वाले ऑटो चालक आमिर खान से हुई थी। मृतका की मां शमा खान ने बताया कि दामाद आमिर की भतीजी हमारे बेटे से मैसेज पर बात करती थी। आमिर को जब यह पता चला तो वह फरहा से झगड़ा करने लगा। रविवार को भी उसे मोबाइल में मैसेज मिले तो फरहा को डांटा, जिसके बाद उसने मायके पहुंचकर अपने छोटे भाई को समझाइश दी। बाद में दामाद के बुलाने पर वापस ससुराल चली। सुबह छह बजे आमिर ने फोन कर बताया कि उसने फांसी लगा ली, जबकि कमरे में न तो फंदा टांगने की जगह है और न ही वहां कोई दुपट्टा मिला। फांसी लगाने को लेकर बार-बार वह अलग-अलग कहानियां बनाता रहा। हमें पूरी शंका है कि उसने गला दबाकर बेटी की हत्या की है।



## राजाभोज एयरपोर्ट पर पचौरी ने किया केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भोपाल आगमन पर सोमवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का राजाभोज एयरपोर्ट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने अगुवानी कर आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर पचौरी ने कहा कि राजनाथ सिंह केंद्रीय मंत्रिमंडल में ऐसे सम्मानित रक्षा मंत्री के रूप में जाने जाएंगे, जिनके कार्यकाल में भारत देश, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हुआ और आतंकवाद का खात्मा करने के लिए भारतीय सेना की शौर्यता की वजह से ऑपरेशन सिंदूर जैसा सफल अभियान संपन्न हुआ।

## चलती कार में लगी आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई अपनी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में एक चलती कार में अचानक आग लग गई। घटना सोमवार रात करीब 8 बजे के आसपास की है। कार के अगले हिस्से आग लपटें देख उसमें सवार ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचाई। कार में आग लगने की सूचना लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की मदद से करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा सके। घटना वार्ड 1 में सेठ फूलचन्द नागर, लोकेश गैस एजेंसी पास की थी।



पुलिस के अनुसार वार्ड के निवासी वाहिद कही घुमने गए थे, तभी उनके पुत्र कार को चलाकर हाईवे पर जा रहे थे, तभी कार क्रमांक एमपी 04 ईसी 1556 में अचानक आग की लपटें निकलने लगीं। हालांकि घटना में किसी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई है, लेकिन कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से जल गया है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार कार सीएनजी से संचलित हो रही थी।

ग्राम कलारा में राजस्व और पुलिस टीम ने की कार्रवाई

## अवैध रूप से संचालित बोरिंग मशीन किया जब्त, गुनगा पुलिस को सौंपा

**बैरसिया।** भोपाल जिले की बैरसिया तहसील के ग्राम कलारा में प्रशासन ने एक अवैध रूप से संचालित बोरिंग मशीन पर कार्रवाई की है। यह मशीन ग्राम निवासी लखन शर्मा के खेत में प्रशासन की बगैर अनुमति के चल रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, केए 01 एमई 7297 नंबर की गाड़ी से बोरवेल खनन का कार्य किया जा रहा था। प्रशासन को जैसे ही इस अवैध गतिविधि की सूचना मिली, तत्काल एसडीएम आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। प्रशासन की बगैर अनुमति के खेत में चल रही बोरिंग मशीन को जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए गुनगा थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया।



औबेदुल्लागंज रेंज में धड़ल्ले से चल रहे अवैध क्रेशर

## वन क्षेत्र की भूमि पर अतिक्रमण पक्के भवन बनाए, कर रहे खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज





कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने औबेदुल्लागंज के डीएफओ हेमंत रैकवार को विगत दिनों रातापानी टाइगर रिजर्व और वन मंडल औबेदुल्लागंज की रेंज गौहरगंज, चिकलोद, चिलवहा, सुल्तानपुर, दाहोद, बाड़ी, बिनेका, देहलाबाड़ी, बरखेड़ा रेंज में अतिक्रमण का सर्वे कर हटाए जाने की कार्यवाही करने को कहा था। वन मंडल औबेदुल्लागंज की रेंजो में भारी अतिक्रमण किया जा रहा है। चिकलोद रेंज में तो कई पक्के मकान बने हैं। भोजपुर सर्किल में गौहरगंज रेंज में वन भूमि पर खेती होती है। वन भूमि पर मकान बने हैं।

औबेदुल्लागंज वन मंडल की रेंजो में ईंट-भट्ठे चिमनी वाले क्रेशर मालिकों ने वन भूमि पर कब्जा कर रखा है। ईंट-भट्ठों और क्रशरों का अतिक्रमण दाहोद, बिनेका, बरखेड़ा, चिकलोद, गौहरगंज, बाड़ी, सुल्तानपुर रेंजों में है। वन बचाओ समिति के मन्नू दादा, रिटायर रेंजर एन शर्मा, पूर्व डिप्टी रेंजर, वन चौकीदार ने बताया कि वन बचाओ समिति वन भूमि पर अतिक्रमण की पोल खोल आंदोलन करेगा। औबेदुल्लागंज वन मंडल के डीएफओ हेमंत रैकवार ने बताया कि कलेक्टर ने वन भूमि से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। वन विभाग अतिक्रमण की जांच कर रहा हैं।



### अच्छी बरसात के लिए नजीराबाद के किसानों ने ढोल-नगाड़ों के साथ की भगवान की पूजा

नजीराबाद। नगर में सोमवार को वर्षों पुरानी प्रथा देखने को मिली। सभी किसान हनुमान मंदिर पर एकत्रित होकर अच्छी बरसात के लिए आषाढ़ में ढोल नगाड़ों के साथ नजीराबाद के आसपास सभी स्थापित देवताओं की पूजा अर्चना की, जिस भगवान प्रसन्न होकर अच्छी बरसात करते हैं।

स्कूल आए बच्चों को तिलक लकाकर उतारी आरती, किया स्वागत

# विद्यालयों में नए सत्र 2025-26 का शुभारंभ : 'तोरा मन दर्पण कहलाए' गीत की मनमोहक प्रस्तुति के साथ की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

दीपमाला पागारानी संस्कार विद्यालय में नए सत्र 2025-26 का प्रारंभ हुआ। प्रार्थना सभा में गीता के श्लोक के बाद विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, बसंत चेलानी, चन्दर नागदेव उपस्थित थे। कार्यक्रम में सचिव चेलानी ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज सत्र का पहला दिन है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि जिस काम की शुरुआत अच्छी हुई तो समझना चाहिए, कि आधा काम हो गया।

आज जो आप समय पर तथा पूरी यूनीफार्म में स्कूल आएं हैं, इससे साबित होता है कि हमारे नए सत्र की शुरुआत अच्छी हो चुकी है एवं इसी तरह हमें रोज समय पर स्कूल आना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आरके मिश्रा, प्राधानाचार्या मृदुला गौतम, कोर्डिनेटर सीमा शर्मा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी विद्यार्थियों का स्वागत किया एवं उनका उत्साह वर्धन किया। शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित कला लक्ष्मणदास वेंसीमल गणवानी फाउंडेशन स्कूल एवं केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल, करोंद में ग्रीष्मकालीन अवकाश के उपरांत विद्यार्थियों का विद्यालय में पुनः आगमन हुआ।




**शिक्षकों ने सुविचार प्रस्तुत किए**

विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित प्रार्थना सभा में प्राचार्या सुमन विश्वकर्मा व संगीत शिक्षिका स्तुति भार्गव द्वारा भावपूर्ण प्रस्तुति 'मेरा मन दर्पण कहलाए' ने सभी का मन मोह लिया। इसके उपरांत शिक्षकों द्वारा प्रार्थना, सुविचार, समाचार व प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए गए। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों का तिलक लगाया एवं आरती उतार कर उत्साहपूर्वक स्वागत किया। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य इस सभा का विशेष आकर्षण रहा। प्रार्थना सभा में प्राचार्या सुमन विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो नियमितता, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ निरंतर प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को भी जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन रचना दुबे द्वारा किया गया।

मुनिश्री ने पार्श्वनाथ जैन मंदिर में दिए प्रवचन

## आत्मा पवित्र हो गई तो मानव जीवन आनंदमय बन जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मुनि श्री निर्वेग सागर महाराज ने स्टेशन रोड स्थित पार्श्वनाथ जैन मंदिर में धर्म सभा में प्रवचन देते हुए कहा कि आत्मा को देखो, आत्मा पवित्र करो, आत्मा पवित्र हो गई तो मानव जीवन आनंदमय बन जाएगा, जो आत्मा नुशासक होता है। आज के समय में श्रद्धावान बनना कठिन है, पुण्य-पाप के उदय से संपत्ति, विपत्ति प्राप्त होती है।

मुनिश्री ने कहा कि परमात्मा किसी को सुखी नहीं करता, अपितु उनकी भक्ति से पुण्य की वृद्धि होती है, जिससे सुख के साधन मिलते है। संस्कारवान बनो, अपने संतान को भी संस्कारवान बनाओ। महाराज जी के सानिध्य में विशाल शांति धारा की गई। दोपहर में तत्वार्थ सूत्र का पाठ पढ़ाया किया गया।



# विश्व सिकल सेल दिवस 19 को, बड़वानी में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम, राष्ट्रपति मुर्मू होंगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047 के तहत विश्व सिकल सेल दिवस 19 जून को बड़वानी में ग्राम पंचायत तलून के खेल स्टेडियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि होंगी। इसमें नवाचारों के तहत जेनेटिक काउंसलिंग जागरूकता वीडियो और प्रभावित गर्भवती महिलाओं के लिए व्यापक दिशा निर्देश, मॉड्यूल जारी किए जाएंगे।

इसके साथ ही लक्षित आयु वर्ग की शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग पूर्ण करने वाली पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सहित अन्य मंत्री कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में मप्र और छत्तीसगढ़ के एनसीसी निदेशॉलय के सहयोग से सिकल सेल मित्र पहल की शुरुआत भी की जाएगी। सिकल सेल मित्र युवा आबादी में जागरूकता के लिए सेवा प्रदाताओं के बीच लिंक के रूप में कार्य करेंगे। इस अवसर पर संपूर्ण प्रदेश में सिकल सेल रोग के प्रति जागरूकता लाने की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सिकल सेल प्रभावित 33 जिलों में विशेष परामर्श शिविर लगाए जाएंगे, जहां उन्हें आनुवंशिक परामर्श, रोग प्रबंधन, भावी पीढ़ी के लिए संभावनाओं और आवश्यक चिकित्सकीय सेवाओं की जानकारी दी जाएगी।

**खास बातें**

- उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतें होंगी सम्मानित
- जनजागरुकता के लिए सिकल सेल मित्र पहल की होगी शुरुआत
- सिकल सेल रोगियों के लिए 33 जिलों में लगाए जाएंगे विशेष शिविर

## ग्रामीण पंचायतों में स्क्रीनिंग और परामर्श के लिए अभियान चलेगा

सिकल सेल रोगियों और उनके देखभाल कर्ताओं को पेन क्राइसिस जैसी तीव्र स्थितियों में प्रबंधन के तरीकों से अवगत कराया जाएगा। प्रभावित जिले की विशेष रूप से प्रभावित जनजातीय एवं ग्रामीण पंचायतों में स्क्रीनिंग और परामर्श के लिए अभियान चलाया जाएगा। राज्य स्तर पर विकसित जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड का वितरण किया जाएगा, जिससे लोगों को आनुवंशिक जानकारी समझने में सुविधा होगी।



### कॉलेजों व छात्रावासों में स्क्रीनिंग शिविर

नेशनल सिकल सेल पोर्टल के माध्यम से रोगियों को निःशुल्क उपचार, जेनेटिक काउंसलिंग, औषधियां, वैक्सीनेशन एवं ब्लड ट्रांस्फ्यूजन की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब तक 26,115 रोगियों को हाइड्रॉक्सीयूरिया दवा से उपचार मिला है।

**मिशन की शुरुआत 15 नवंबर 2021 को अलीराजपुर व झाबुआ से-** मप्र मिशन की शुरुआत 15 नवंबर 2021 को राज्य हीमोग्लोबिनोपैथी मिशन के रूप में अलीराजपुर और झाबुआ में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिशन को 1 जुलाई 2023 को राष्ट्रीय स्तर पर शहडोल से लॉन्च किया था।

### एक करोड़ 6 लाख से अधिक नागरिकों की सिकल सेल स्क्रीनिंग

प्रदेश में राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन के तहत अब तक एक करोड़ 6 लाख से अधिक नागरिकों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की जा चुकी है। इनमें से 2 लाख से अधिक वाहक चिन्हित हुए और 29 हजार 277 लोग सिकल सेल रोग से ग्रसित पाए गए। इन मरीजों का उपचार जारी है। अब तक 80 लाख 9 हजार से अधिक सिकल सेल कार्ड वितरित किए जा चुके हैं, जिनसे प्रभावित नागरिक अपनी स्वास्थ्य स्थिति को समझ कर उचित उपचार प्राप्त कर रहे हैं।

## राज्यपाल से छत्तीसगढ़ में सिकल सेल के अनुभवी चिकित्सक की सौजन्य भेंट



**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल से छत्तीसगढ़ में सिकल सेल उन्मूलन क्षेत्र के अनुभवी चिकित्सक डॉ. एआर डल्ला ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने सिकल सेल रोग, जांच, उपचार और प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर पारस्परिक रूप से विचार विनिमय किया।
राज्यपाल पटेल ने चर्चा के दौरान बताया कि राजभवन में मुख्यमंत्री, मंत्री परिषद् के सदस्यों और सिकल सेल रोग के विशेषज्ञों के साथ व्यापक स्तर पर चर्चा कर मिशन का गठन किया गया। राज्यपाल पटेल ने बताया कि मप्र में प्रचुर मात्रा में वनौषधि की उपलब्धता है। इस तथ्य के परिप्रेक्ष्य में सिकल सेल नियंत्रण प्रयासों में आयुष औषधियों की उपयोगिता के परीक्षण का प्रयास भी किया जा रहा है। प्रयास है कि जनजाति समुदाय को जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से आयुष दवाएं कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाईयां उपलब्ध हो।

## खबर संक्षेप



### जन्मदिन पर कर्मचारियों की मांगों को पूरा करना का लिया संकल्प

**भोपाल।** कर्मचारी भवन गीताजंलि चौराहा पीएनटी में मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्सक्ष महेंद्र शर्मा का जम्मदिन संघ के पदाधिकारियों ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने महेंद्र शर्मा को शाल-श्रीफल से सम्मानित कर फूल-मालाओं पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी। जनमदिन के अवसर पर महेंद्र शर्मा ने लघुवेतन कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा कर उनके निराकरण का संकल्प लिया। महेंद्र शर्मा ने कहा कि वह कर्मचारियों की समस्या और उनकी मांगों को लेकर लतातार संघर्ष जारी रखेंगे। शर्मा ने कहा कि वह जल्द की कर्मचारियों की मांगों का मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपेंगे। इस अवसर पर राम कुंदन, गौरी शंकर मालवीय, निहाल सिंह समेत संघ के पदाधिकारी शामिल हुए।

### एक साल से नहीं मिला दैवेभो और अंशकालीन कर्मचारियों को वेतन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को आदिम जाति विकास विभाग के आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर एक साल का लंबित वेतन का भुगतान करने की मांग की है। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि आदिम जाति विकास विभाग के स्कूलों, आश्रमों, छात्रावासों और संस्थानों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं अंशकालीन कर्मचारियों को पिछले एक साल से वेतन भुगतान नहीं किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने बेलखेड़ा को दी शासकीय महाविद्यालय की सौगात

# रक्षाबंधन पर लाड़ली बहनों को दिया जाएगा 250 रुपए शगुन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि माताओं, बहनों और बेटियों को मान-सम्मान और उनका वाजिब हक दिलाने में राज्य सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। लाड़ली बहनों को आत्मनिर्भर बनाने, सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान और समृद्धि प्रदान करने के लिए हमारी सरकार की ओर से हर महीने बहनों के खातों में राशि भेजकर बहनों का रक्षाबंधन मनवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले महीने रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में लाड़ली बहनों को 250 रुपए बढ़ाकर दिया जाएगा, जिससे ताकि बहनें उत्साह पूर्वक त्यौहार मना सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जबलपुर जिले के बेलखेड़ा गांव में राज्य स्तरीय लाड़ली बहना एवं महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की लाड़ली बहनों सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के जरिये 2081 करोड़ रूप से से अधिक की सम्मान एवं सहायता राशि अंतरित की।

**खास बातें**

- लाड़ली बहना सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को मिली 2081 करोड़ से अधिक की राशि
- 56.68 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों को 341 करोड़ रुपए
- 27 लाख बहनों को गैस सिलेंडर रिफलिंग के लिए 39.14 करोड़ रुपए की अनुदान राशि



### जून माह की किस्त 1551 करोड़ 44 लाख रुपए अंतरित किए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की 1 करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की जून माह की किस्त 1551 करोड़ 44 लाख रुपए अंतरित किए। योजनान्तर्गत लाड़ली बहनों को मिलने वाली यह 25 वीं किश्त है। योजना में प्रत्येक लाड़ली बहना को प्रत्येक माह 1250 रुपए की राशि उनके बैंक खाता में अंतरित की जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहनों की जिंदगी को बेहतर करने मप्र सरकार प्रति महीने साढ़े पंद्रह सौ करोड़ रुपए अंतरित करती है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में 30 हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि बहनों को दी गई है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सांसद-विधायक प्रशिक्षण वर्ग के समापन के बाद की मीडिया से चर्चा

# हमारे संगठन में पद का अर्थ केवल सेवाभाव, प्रशिक्षण वर्ग हमारे विशिष्ठ कार्य पद्धति का हिस्सा : विष्णुदत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा संगठन की कार्यपद्धति में सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधिगण सदैव सेवाभावी होते हैं, क्योंकि हमारे संगठन में पद का अर्थ केवल सेवाभाव है। यही कारण भी है कि भाजपा सरकार की योजनाओं और संगठन की नीतियों के निर्माण में जनता और राष्ट्र सेवा का भाव सदैव प्रमुख होता है। यह प्रशिक्षण वर्ग हमारे विशिष्ठ कार्य पद्धति का हिस्सा है। समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण वर्ग निरंतर होते रहे हैं। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने यह बात सांसद-विधायक प्रशिक्षण वर्ग के समापन के बाद सोमवार को मीडिया से चर्चा के दौरान कही। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में जनप्रतिनिधियों ने वैचारिक प्रतिबद्धता व जनसेवा के संकल्प को और दृढ़ किया। भाजपा संगठन में प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है, जिनमें लगातार सीखने, आत्ममंथन करने व जनसेवा हेतु सदैव समर्पित रहने के साथ ही सैद्धांतिक और व्यवहारिक विषयों पर समय-समय पर अपेक्षित कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण होता है। इसी कार्यपद्धति से ही भाजपा अन्य सभी राजनीतिक दलों से अलग है।

### नई-नई तकनीक का उपयोग करने पर भी चर्चा



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व सहित वरिष्ठ नेताओं का अलग-अलग सत्रों में विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। एक सांसद और पन्द्रह विधायक पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों या स्वास्थ्य कारणों से वर्ग में शामिल नहीं हो पाए। अलग-अलग सत्रों में अलग-अलग वक्ताओं ने समूह चर्चा करके पहली बार सांसद-विधायक बनने वाले कार्यकर्ताओं से नई-नई तकनीक का उपयोग करने पर चर्चा की। सोशल मीडिया में आज मैं कहां हूं और कहां होना चाहिए, इस विषय पर भी विस्तार से चर्चा हुई है।

### प्लास्टिक फ्री रहा पूरा प्रशिक्षण वर्ग

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के आयोजन के लिए संचालन और व्यवस्था समिति बनाई गई थी। हम सभी सांसद-विधायकगणों ने पचमढ़ी के अटल वाटिका में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत पौधे रोपे हैं। तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया गया। पानी पीने के लिए तांबे के बोतल और ग्लास का उपयोग किया गया। खाने के बर्तन में प्लास्टिक का उपयोग नहीं हुआ। पूरे प्रशिक्षण वर्ग में स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा गया।

### न विचारधारा बदली है, न कार्य संस्कृति : डॉ. महेन्द्र सिंह

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि यह पार्टी संगठन के आधार पर चलने वाली पार्टी होगी, जिसकी आत्मा उसके कार्यकर्ता होंगे। सरकार बनाना हमारा लक्ष्य नहीं होगा, बल्कि हम अपने सिद्धांतों के लिए सरकार बनाएंगे। जनसंघ से भाजपा तक न हमारी विचारधारा बदली है न हमारी कार्य संस्कृति बदली है। पार्टी की विचारधारा का आधार पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत हैं।

# कैबिनेट में मंजूर होगा पदोन्नति में आरक्षण का प्रस्ताव, अंतिम निर्णय के बाद आदेश होगा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार पदोन्नति में आरक्षण मामले में मंगलवार को बड़ा निर्णय लेने जा रही है। इसके तहत करीब 10 वर्षों से पेंडिंग मामले का निपटारा हो सकेगा। कैबिनेट की होने वाली बैठक में इस नीति को मंजूर कराया जाएगा। कैबिनेट से मंजूरी के बाद आदेश जारी होगा।

मध्य प्रदेश कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सुबह 11 बजे से होगी। इसमें पदोन्नति में आरक्षण मामले की नीति प्रस्ताव के साथ ही साथ ऊर्जा विभाग में करीब 5300 करोड रुपए से तीनों वितरण कंपनियों में होने वाले विद्युत वितरण संबंधी कार्य को मंजूरी दी जाएगी। इसके साथ ही कई अन्य प्रस्ताव को भी मंजूरी दी जाएगी। सूत्रों ने बताया कि पदोन्नति में आरक्षण का मामला अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने इसकी नीति बनाने का काम शुरू कर दिया था। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने विशेष रुचि लेकर प्रस्ताव तैयार किया है। पदोन्नति में आरक्षण मामले की नीति में कई ऐसे प्रावधान किए गए हैं, जिससे किसी भी पक्ष को कोई भी दिक्कत नहीं हो। सूत्रों ने बताया कि इस नीति में सभी तरह की विसंगतियों को दूर कर दिया गया है।

## कहा-जिसमें केपिसटी होगी वही बनेगा जिला अध्यक्ष

# एआईसीसी आब्जर्वर यशोमति ठाकुर चार दिन तक भोपाल में लेंगी विधानसभावार बैठकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर और जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए एआईसीसी द्वारा पर्यवेक्षक बनाई गई यशोमती ठाकुर अगले चार दिन तक भोपाल में विधानसभा वार ब्लाक कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी की बैठकें लेंगी। बैठकों में वे भी सबके सुझाव लेंगी और पैनल तैयार कर एआईसीसी को भेजेगी।

उन्होंने सोमवार को मीडिया से कहा कि जिसमें केपसिटी होगी वही जिला अध्यक्ष बनेगा। उन्होंने बताया कि संगठन सृजन अभियान में भोपाल शहर जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर बैठकें शुरू कर दी हैं।



पीसीसी में पहली बैठक हुई इसमें जिले, शहर के विधायकों, पार्षद, पूर्व विधायक, पूर्व महापौर, लोकसभा और पार्षद पद के प्रत्याशी, सभी मोर्चा संगठन, विभाग प्रकोष्ठ, जिला कांग्रेस शहर के सभी पदाधिकारी और अन्य कार्यकर्ताओं को बुलाया गया। 17 जून को ब्लाकवार बैठकें ली जाएंगी। पहली बैठक दक्षिण पश्चिम में तुलसी नगर ब्लाक कांग्रेस कमेटी की होगी। वहीं, भोपाल मध्य विस अंतर्गत 9 मसाला रेस्टारेंट में, जहांगीराबाद, कमला पार्क ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक होगी। 18 को लायन सिटी गार्डन में संत हिरदाराम नगर ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक होगी। इसी दिन शाम को उत्तर में आरिफ नगर वार्ड के कमेटी हाल में कोहेफिजा ब्लाक कांग्रेस नगर ब्लाक, चौक बाजार ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठकें होंगी। 19 जून को नरेला में ऐशबाग की बैठक अशोका गार्डन में शादी हाल में होगी।

### पूर्व विधायक रघुवंशी ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**भोपाल।** शिवपुरी जिले की कोलारस विधानसभा से पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता वीरेंद्र रघुवंशी ने सोमवार को अचानक कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पत्र साझा कर इस्तीफे की जानकारी देते हुए इसका कारण स्वास्थ ठीक न होना बताया है। इबताया जा रहा है कि एक दिन पहले ही रघुवंशी ने पार्टी बैठक की जानकारी सोशल मीडिया मेंसाझा की थी। यह बैठक कोलारस के एक होटल में नए जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर बुलाई गई थी। चर्चा है कि वाकई में स्वास्थ कारणों का मामला है या फिर पार्टी में अंदरुनी संघर्ष और गुटबाजी का है, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

जल्द हीराजपत्रित अधिकारी पीएचक्यू के सौंपेंगे निरीक्षण रिपोर्ट

# निरीक्षण में मिली लापरवाही के आधार पर थाना प्रभारियों के खिलाफ होगा एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डीजीपी कैलाश मकवाना के निर्देश पर प्रदेश भर में पुलिस अफसरों ने शनिवार-रविवार आधी रात को अपने जोन के अंतर्गत आने वाले थानों का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान राजपत्रित अधिकारियों द्वारा भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर सहित प्रदेश के 565 थानों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण में कई जगह पुलिस अफसरों को जगह लापरवाही भी देखने को मिली है।
कई थानों में आर्म्स की स्थिति ठीक नहीं थी तो कई थानों में सीसीटीवी सही दिशा में नहीं लगे थे। कहीं कहीं गंभीर अपराधों के निराकरण की स्थिति भी कमजोर रही।
इसके अलावा गुंडा और निगरानी रजिस्टर चेक करने पर भी कई कमियां मिली। राजपत्रित अधिकारियों को जो थाने आवंटित किए गए थे, उसकी निरीक्षण रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को सौंपी जाएगी। जिन थानों में पुलिस अफसरों ने निरीक्षण के दौरान कमियां या लापरवाही पाई उसकी एक रिपोर्ट पीएचक्यू को जल्द सौंपी जाएगी। उस रिपोर्ट को देखने के बाद लापरवाह थाना प्रभारियों के खिलाफ एक्शन होगा।

### एक ही जगह पर जमे रीडर और स्टेनो भी हटेंगे

इधर, पुलिस मुख्यालय ने पिछल्ले दिनों एक ही जगह में 4 साल से जमें सिपाही से लेकर एसआई तक पुलिसकर्मियों को हटाने के निर्देश दिए थे। अब एक अन्य आदेश के तहत लंबे समय से आईजी, डीआईजी और एसपी कार्यालय में जमें स्टेनो और रीडर के कार्यकाल अवधि की जानकारी मांगी गई है। प्रशासन शाखा के स्पेशल डीजी आदर्श कटियार ने इस तरह के निर्देश दिए है। उसमें उल्लेख है कि एक ही जगह पर लंबे समय से जमे कर्मचारियो के कारण पारदर्शित प्रभावित होती है और आम लोगों को शिकायत करने का भी मौका मिलता है। इस लिए इस तरह के स्टेनो रीडर या उनसे संबंधित अन्य कर्मचारियों के सेवाकाल का परीक्षण कराकर उनको बदला जाय।



# स्वरकोकिला लता मंगेशकर पर आधारित रामकृपाल की एकल चित्र प्रदर्शनी भारत भवन में आज से

## 930 चेहरों वाली लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड, 1436 चेहरों वाली एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड की पेंटिंग्स होंगी एग्जीबिट



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

रूपाभ प्रदर्शनी श्रंखला के अंतर्गत रूपंकर भारत भवन में लता मंगेश्वर पर आधारित एकल चित्रकला प्रदर्शनी 'चित्रलतिका' का आयोजन 17 जून से किया जा रहा है। छः दिवसीय इस चित्र प्रदर्शनी में जबलपुर मध्यप्रदेश के चित्रकार रामकृपाल नामदेव द्वारा लता पर बनाए गए चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। 'चित्रलतिका' प्रदर्शनी में लगभग 45 पेंटिंग्स प्रदर्शित की जाएंगी। जिसमें लगभग 40 पेंटिंग स्वरकोकिला लता मंगेशकर पर आधारित हैं और लगभग 5 पेंटिंग अन्य शीर्षकों पर आधारित रहेंगी।

### लता मंगेशकर के 1436 चेहरों वाले चित्र

एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाली एक अन्य पेंटिंग में आर्टिस्ट ने 1436 चेहरों को बनाया है, जिसमें लता मंगेशकर के साथ-साथ बैकग्राउंड में लता मंगेशकर की यादों से जुड़े अलग-अलग चित्रों को प्रदर्शित किया। इन चित्रों में लता के फोटो अमिताभ बच्चन, नेहरू, इंदिरा गांधी और मोदी के साथ हैं।

### करीब 1 सेंटीमीटर के 4359 चेहरों वाली पेंटिंग



रामकृपाल की एक अन्य पेंटिंग में उन्होंने 4359 चेहरों को बनाया है और करीब 1 सेंटीमीटर में बने हुए इस पेंटिंग में सभी चेहरे लता मंगेश्वर के हैं, इसके अलावा पांच अन्य पेंटिंग में आर्टिस्ट ने भगवान गणेश, श्री राम, हनुमान जी पर आधारित चित्रों को भी प्रदर्शित करेंगे।

### जून 2014 में लता ने किए हस्ताक्षर



चित्रकार रामकृपाल ने बताया कि लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने वाली मेरी पेंटिंग में लता मंगेशकर सहित 930 चेहरों को बनाया गया है। इस पेंटिंग की खासियत है कि इसमें 299 चेहरे लता मंगेशकर के हैं, तो वहीं अन्य चेहरे विश्व प्रसिद्ध महिलाओं के बनाए हैं। रामकृपाल ने कहा कि इस पेंटिंग को जून 2014 में लता मंगेशकर को मैंने भेंट किया और इस पर लता मंगेशकर ने हस्ताक्षर भी किए।

---

मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर रवीन्द्र भवन में नाटक 'चेरी का बगीचा' का मंचन

# बदलते वर्तमान परिदृश्य, टूटते संबंधों व वर्ग संघर्ष की एक गहरी व्याख्या करता नाटक 'चेरी का बगीचा'

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मप्र नाट्य विद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर मप्र नाट्य विद्यालय के सत्र 2023-25, सत्र 2024-26 एवं रंग प्रयोगशाला के विद्यार्थियों द्वारा नियमित पाठ्यक्रम के अंतर्गत कई नाटकों को तैयार किया गया। इसके अंतर्गत सोमवार शाम रवीन्द्र भवन सभागार में नाटक 'चेरी का बगीचा' में नाट्य विद्यालय के विद्यार्थियों की प्रस्तुति देखने को मिली। एंतोन चेखव द्वारा रचित 'चेरी का बगीचा' (1904) रूसी साहित्य के महानतम नाटकों में से एक है। यह नाटक जमींदारी व्यवस्था के पतन और रूस में हो रहे सामाजिक परिवर्तन का मार्मिक चित्रण करता है। सलीम आरिफ निर्देशित 'चेरी का बगीचा' केवल एक संपत्ति की कहानी नहीं है बल्कि यह बदलते समय, टूटते संबंधों और वर्ग संघर्ष की एक गहरी व्याख्या भी है। चेखव ने इसे 'कॉमेडी' कहा परंतु इसमें व्यंग्य, करुणा और त्रासदी का मिश्रण मौजूद है।



### चार अंकों में पूर्ण होता नाटक 'चेरी का बगीचा'

नाटक की कहानी चार अंकों मे पूर्ण होती है। पहला अंक रैनिव्स्काया कई वर्षों बाद पेरिस से अपने पुश्तैनी घर लौटती है। घर में उसकी बेटियां अन्या और वार्या, नौकर फिर्स, गायेव और लोपाखिन उसका स्वागत करते हैं। लेकिन घर की हालत खराब हो चुकी है और सबसे बड़ी चिंता यह है कि उनकी संपत्ति, जिसमें एक प्रसिद्ध चेरी का बगीचा भी शामिल है, कर्ज के कारण नीलाम होने वाली है। लोपाखिन, जो कभी उनके यहां मजदूर था अब अब अमीर व्यापारी बन गया है। वह रैनिव्स्काया को सलाह देता है कि चेरी का बगीचा काटकर वहां ग्रीष्मकालीन बंगला बनाया जाएं, जिससे आय होगी और संपत्ति बचाई जा सकेगी।

### मेहनत और सोच के बल पर ही नया रूस बनेगा

दूसरा अंक में त्रोफिमोव, जो रैनिस्काया के बेटे ग्रिशा का शिक्षक था, अब खुद को समाज के बदलाव का वाहक मानता है। वह भविष्य की नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है और कहता है कि मेहनत और सोच के बल पर ही नया रूस बनेगा। वहीं दूसरी ओर, लोपाखिन की सोच पूरी तरह व्यावसायिक है। वह हर चीज को लाभ-हानि के पैमाने पर देखता है।

### *बगीचा जिसमें मेरे दादा ने की गुलामी अब वहां बनाऊंगा बंगला*

तीसरा अंक चेरी का बगीचा नीलामी पर चढ़ चुका है। घर में एक पार्टी हो रही है, जिसमें रैनिव्स्काया, अन्य मेहमान नाच-गाना कर रहे हैं। सभी जानते हैं कि नीलामी का परिणाम आना है, लोपाखिन पार्टी में देर से प्रवेश कर, घोषणा करता है कि उसने बाग खरीद लिया है। सभी सुन्न रह जाते हैं। वह उत्साहित होकर कहता है कि अब वह बगीचा, जिसमें उसका दादा और पिता गुलाम की तरह काम करते थे, अब उसका अपना है। वह बाग काटकर वहां बंगला बनाएगा।





### भावनात्मक संघर्षों की गहराई में उतरता नाटक

चौथा अंक घर खाली हो रहा है। परिवार बिखरने की तैयारी कर रहा है। रैनिस्काया और आन्या पेरिस लौटने वाले हैं। वार्या को नौकरी करनी पड़ेगी। गायेव एक बैंक में मामूली पद पर काम करेगा। फिर्स (जो बुरी हालत में है) को सभी भूल जाते हैं। नाटक के अंतिम दृश्य में घर बंद हो चुका है। सब चले जाते हैं, लेकिन फिर्स वहीं रह जाता है। वह बड़बड़ाता है, सब चले गए जैसे कभी थे ही नहीं और धीरे-धीरे गिर पड़ता है।

---

# सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रयास है 'सदानीरा समागम'



20 से 25 जून 2025 तक भारत भवन में होंगे विविध वैचारिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

भारत की सांस्कृतिक चेतना में जल केवल भौतिक वस्तु नहीं, बल्कि जीवन की धारा, आस्था और स्मृति का स्त्रोत रहा है। वैदिक ऋचाओं में जल को पवित्र कहा गया है आपः स्वस्ति नः पवित्रं पुष्टिं रसायनम। जल गंगा संवर्धन अभियान में सदानीरा समागम एक व्यापक और जीवंत प्रयास है। समागम हमारी लोकसंस्कृति, पर्व-त्योहारों, तीर्थों और भावनात्मक जुड़ाव की आधारशिला हैं। यह अभियान छः दिवसीय सदानीरा समागम वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित किया जा रहा है। समागम का शुभारंभ भारत भवन में 20 जून को शाम 6 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) धमेन्द्र सिंह लोधी करेंगे। 25 जून तक चलने वाले इस समागम में प्रवाह फिल्म समारोह, लय, ताल और जल पर केन्द्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम, नदी आधारित कविताओं का पुनर्पाठ नदीनामा, प्रकाशन लोकार्पण, जल संरक्षण व संवर्धन पर आधारित प्रदर्शनियां, कायार्शालाएं संयोजित की जा रही है। जिसमें देश के ख्यात अभिनेता, कलाकार, विशेषज्ञ सहभागी हो रहे हैं। यह जानकारी 'सदानीरा समागम' की प्रेस वार्ता में वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने दी।

### जल गंगा संवर्धन सरकार की महत्वाकांक्षी पहल

उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान मध्यप्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है। इसके अंतर्गत विगत वर्ष से प्रदेश की नदियों, जलाशयों, प्राचीन जलस्रोतों, जल संरचनाओं को संरक्षित, संवर्धित एवं पुनरूद्धार के साथ ही आम जन को इस अभियान से जोड़ा गया है। इसी क्रम में 20 से 25 जून 2025 की तिथियों में भोपाल के भारत भवन में सदानीरा समागम का आयोजन किया जा रहा है।

---



# कलम, स्याही और अमूर्त कला के साथ नजर आए स्केच

*बिरला संग्रहालय में चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ*




हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

जीपी बिरला संग्रहालय में सोमवार से चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें शहर की जानी-मानी चित्रकारों के पेंटिंग्स को एग्जीबिट किया गया। इस प्रदर्शनी में हिना खान, समीना खान और सृष्टि गुप्ता की पेंटिंग प्रदर्शित की गई। हिना खान और समीना खान की कलम, स्याही और अमूर्त कला पर आधारित पेंटिंग ने दर्शकों का ध्यान बरबस ही अपनी ओर खींचा। वहीं आर्टिस्ट सृष्टि गुप्ता ने स्केच के माध्यम से कई प्रसिद्ध व्यक्तियों के स्केच, पोटरेट बनाए।

### पेंटिंग्स में दर्शाए दृश्य भावनाएं और विचार

हिना और समीना खान के द्वारा बनी पेंटिंग्स की खासियत है कि इनके द्वारा किसी दृश्य, भावनाओं, विचारों को दर्शाने के लिए आकृतियों, रंगों, रूपों और रेखाओं के उपयोग पर जोर दिया गया हैं जो दर्शकों को व्यक्तिगत स्तर पर कलाकृति से जोड़े रखती है। पेंटिंग्स में खान द्वारा विभिन्न प्रकार के पेन, स्याही व रंगों का उपयोग करके चित्र बनाए हैं।



---

# दहिश्ते गर्ग से भी मरते हैं मरने वाले, जहर हर काटने वाले में नहीं होता...से गूंज उठा सभागार

## दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

वरना-खुदा के बंदे मेरी काफिरी पे मरते थे... विजय तिवारी, दहिश्ते गर्ग से भी मरते हैं मरने वाले जहर हर काटने वाले में नहीं होता..... डॉ. एहसान आजगी, गैर का हो गया जो मेरा था-क्या बुरी है हवा जमाने की... साजिद प्रेमी, हमने अपनों की जफा पर इस तरह परदा किया हंसते हंसते बज्म में शेरो सुखन करते रहें... अजीम असर, नामचीन शायरों के इन शेर को सुन पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मौका रहा दुष्यंत संग्रहालय में श्रोता एवं कविता प्रेमियों के बीच भोपाल पोइट्री अड्डा द्वारा आयोजित प्रथम कार्यक्रम सुखन की कहकशां मुशायरा एवं कवि सम्मेलन के आयोजन का। कार्यक्रम की अध्यक्षता मप्र उर्दू अकादमी की डायरेक्टर डॉ. नुसरत मेंहदी ने की। अंतर्राष्ट्रीय ख्याती प्राप्त शायर डॉ. अंजुम बाराबंकवी ने नये एवं पुराने शायरों से सुसज्जित इस ग्रुप की सराहना की।



### आज खुद समंदर जो बहुत उलझ रहा था...

बसद एहतराम मुझ से मिला आज खुद समंदर जो बहुत उलझ रहा था मिरी तिश्नगी से पहले... नुसरत मेंहदी, हमें आना है हाले दिल सुनाने तुम्हें किस रोज आसानी रहेगी.... डॉ. अन्जुम बाराबंकवी, अमरित पिला रहे हैं लोगों को अपने फन का विश पी रहे हैं हम सुकरात की तरह... अनु सपन, उन कातिलों पे कौन मुकदमा चलाएगा-जिन को लिया पनाह में आलम पनाह ने... डॉ. मेहताब आलम।

---

हिंदी भवन में होगा संगोष्ठी का आयोजन

# अभा शोध संगोष्ठी लघुकथा अधिवेशन एवं अलंकरण समारोह 19 को

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

प्रथम लघुकथा 'एक टोकरी भर मिट्टी' के लेखक पंडित माधव राव सप्रे के जन्म दिवस पर लघुकथा शोध केंद्र समिति भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति हिंदी भवन के मुख्य सभागार में अखिल भारतीय शोध संगोष्ठी लघुकथा अधिवेशन एवं सम्मान समारोह का आयोजन लघुकथा दिवस 19 को सुबह 10.30 बजे किया जाएगा। अध्यक्षता मप्र साहित्य अकादमी के पूर्व निदेशक वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.देवेंद्र दीपक करेंगे। इस अवसर पर साहित्य एवं शिक्षा में अंतसंर्बंध विषय पर वक्ता अपनी बात रखेंगे।

### चार सत्रों में आयोजित होगा कार्यक्रम

इस आयोजन में, अलंकरण समारोह शोध पत्र वाचन, पुस्तक समीक्षा, कृति लोकार्पण, लघुकथा वाचन के कार्यक्रम होंगे। जो सुबह से लेकर शाम तक चलेंगे। जिसके अंतर्गत 2025 का माधवराव सप्रे अखिल भारतीय लघुकथा स्मृति अलंकरण महेश दर्पण दिल्ली, पद्मश्री रामनारायण उपाध्याय स्मृति प्रादेशिक लघुकथा सम्मान डॉ पुरुषोत्तम दुबे इंदौर, पारस दासोत लघुकथा कृति सम्मान डॉ सरस दरबारी प्रयाग को दिया जाएगा।

---

# अलग-अलग उपकरणों से लीं तारों एवं ग्रहों की विस्तारपूर्वक से जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मध्य प्रदेश विज्ञान सभा द्वारा मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकि परिषद के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय खगोल विज्ञान कार्यशाला का सोमवार को समापन हुआ। समापन समारोह मे मुख्य रूप से संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनाय भोपाल एच एन नेमा, वैज्ञानिक डॉ विकास सिन्धे, मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकि परिषद तथा डॉ साकेत कौरव आंचलिक विज्ञान केन्द्र भोपाल उपस्थित रहे। प्रथम सत्र गतिविधियों से भरा था जिसमें हरियाणा विज्ञान की विज्ञान संचारक द्वारा अलग-अलग उपकरणों से तारे एवं ग्रहों की जानकारी अवलोकन के माध्यम से दी गई। द्वितीय सत्र में विज्ञान संचारक दीपक सोनी द्वारा सूर्य के प्रतिबिम्ब से ग्रहण को कैसे देखें, आम जन ग्रहण का अवनोकन कैसे करें, यह बताया गया। प्रतिभागियों को कार्यशाला में खगोल किट प्रदान की गई। जिसका उपयोग कर प्रतिभागियों ने सूर्य के प्रतिबिम्ब को देखकर सूर्यग्रहण को देखने का तरीका सीखा।

दो दिवसीय राज्य स्तरीय खगोल विज्ञान कार्यशाला संपन्न




### मॉडल एवं पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से समझाया खगोल विज्ञान

तृतीय सत्र में आंचलिक विज्ञान केन्द्र के शिक्षा अधिकारी स्वपनिल सिंह द्वारा मॉडल एवं पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से खगोल विज्ञान से जुड़ी जानकारी प्रदान की। चतुर्थ सत्र में समाज वैज्ञानिक एस आर आजाद द्वारा खगोल विज्ञान के इतिहास पर अपनी बात पावर पांइट प्रजेटेशन द्वारा रखी। पंचम सत्र में डॉ यूएस शर्मा द्वारा विज्ञान सभा के परिचय के साथ तकनीकी विकास पर अपनी बात रखी।

---

# सुरीले गायकों ने 40 सदाबहार गीतों की यादगार प्रस्तुतियों से बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

भोपाल के पॉलिटेक्निक सभागृह में सुर साधना म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सदाबहार गीतों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुर साधना के इस दसवें सीजन 'बागों में बहार आई' कार्यक्रम में करीब 40 सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां दी गई। एक के बाद एक मनभावन गीतों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी, सुर साधना म्यूजिकल ग्रुप के बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम में शहर की जानी-मानी दिग्गज म्यूजिक हस्तियों ने भी कार्यक्रम का खूब लुफ्त उठाया और जमकर प्रशंसा की। गीतों की श्रृंखला में टाइटल सॉन्ग बागों में बहार आई, जैसे सदाबहार गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

*पॉलिटेक्निक में सुर साधना म्यूजिकल ग्रुप का 'बागों में बहार आई' कार्यक्रम का आयोजन*



### संगीत जगत की कई हस्तियां हुईं सम्मानित

सुर साधना म्यूजिकल ग्रुप के कार्यक्रम के दौरान आयोजक संध्या दुराफे ने संगीत जगत एवं समाज सेवा करने वाली कई विभूतियों को सम्मानित भी किया। बेहद सफल कार्यक्रम के लिए ऑर्गेनाइजर संध्या दुराफे ने पॉलिटेक्निक सभागृह में उपस्थित सभी श्रोतागणों का आभार माना और अपनी टीम के सभी गायकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

---

खेती में नवाचार कर लखपति बने अलीराजपुर के प्रगतिशील किसान युवराज सिंह

# मध्यप्रदेश के अलीराजपुर में होने वाला आम लंदन और दुबई पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

प्रदेश के अन्नदाता किसान ने अपने नवाचारों को लेकर अपनी विशेष पहचान स्थापित की है। कोई पारंपरिक खेती से बाहर निकल अच्छा लाभ कमा रहा हैं तो कोई आधुनिक ढंग से फलों की खेती कर लाखों की आय प्राप्त कर रहा है। खास बात यह है कि अन्नदाता के इस नवाचार का लाभ किसानों के साथ-साथ प्रदेश को भी मिल रहा है। किसानों द्वारा किये जाने वाले यह प्रयोग अब मध्यप्रदेश से निकलकर देश और विदेश में भी लोगों को पसंद आ रहे हैं। अपने नवाचारों से देश में विशेष पहचान स्थापित करने में सफल हुए हैं अलीराजपुर जिले के किसान युवराज सिंह। ग्राम छोटा उंडवा निवासी युवराज सिंह ने अपने पुस्तैनी बगीचे को विस्तार देते हुए यहां पर आम का बगीचा तैयार किया। खास बात यह है कि इस बगीचे में उन्होंने लंगड़ा, केसर, चौसा, सिंदूरी, राजापुरी, हापुस आदि 140 वैरायटी के आम के पेड़ लगाये हैं।





### आम के स्वाद के लिए हैं मिली विशेष पहचान

युवराज सिंह कहते हैं कि अलीराजपुर की मिट्टी में नमी होने से यहां की जमीन अच्छी उपजाऊ है। यही कारण है कि यहां होने वाले आम का स्वाद पूरे देश में विशेष पहचान रखता है। युवराज कहते हैं कि मैं हर वर्ष अलग-अलग वैरायटी के आम की सीधी बिक्री अपने खेत से करता हूं।

### नूरजहां है विशेष आम का पेड़

युवराज कहते हैं कि कुछ वर्ष पहले मैं कट्ठीवाड़ा से नूरजहां आम का पौधा ग्राफ्टिंग करके लाया था। इसे मैंने बगीचे में लगाया और एक छोटा सा पौधा आज आम के पेड़ के रूप में बनकर तैयार हो गया है।

### लगाए 500 से अधिक पौधे

युवराज सिंह कहते हैं कि मैंने अपने दादा और पिताजी को हमेशा से आम के बगीचे पर काम करते देखा है। उन्हीं से प्रेरणा लेकर मैंने 8 साल पहले 500 आम के पौधे बगीचे में लगायें और ऑर्गेनिक ढंग से आम के फलों की खेती आरंभ की। इसमें केसर व अन्य आम की वैरायटी के कुल 2 हजार से अधिक पेड़ लगाये हैं। युवराज ने बताया कि उनके 50 एकड़ जमीन में जो आम की अलग-अलग वैरायटी लगी हैं उनमें लगभग 50 से 60 टन आम का उत्पादन होता है। खास बात यह है कि इसी बगीचे में आचार के लिए प्रसिद्ध राजपूरी आम का कच्चा फल आते ही सीधे फैक्ट्रियों में भेज दिया जाता है।

लोकल की आवक खत्म, छिंदवाड़ा महाराष्ट्र और बेंगलुरू से आ रहा टमाटर

# गर्मी ने बढ़ाया टमाटर का ताव... बढ़ गए उसके भाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भीषण गर्मी अब केवल मौसम तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका असर सीधा आम लोगों की रसोई पर दिखने लगा है। खासकर टमाटर के दामों में बीते कुछ दिनों में जबरदस्त उछाल आया है। मई माह में 10 रुपए किलो बिका टमाटर 30-50 रुपए प्रति किलो मिल रहा था। विक्रताओं के अनुसार तेज गर्मी के चलते टमाटर की फसल को भारी नुकसान हुआ है। जून-जुलाई में लोकल टमाटर की फसल खत्म हो जाती है और इस दौरान बाजार बाहरी आवक पर निर्भर होता है।

जिससे ट्रांसपोर्ट खर्च और खराब होने की आशंका दोनों बढ़ जाते हैं । स्थानीय थोक सब्जी मंडी करोंद में टमाटर प्रति कैरेट 600-700 रुपए (22 से 25 किलो) के भाव नीलाम हो रहा है। करोंद थोक सब्जी मंडी स्थित टमाटर व्यापारी राजेन्द्र सैनी ने बताया कि टमाटर की आवक की पोजीशन टाइट है क्योंकि लोकल टमाटर की आवक खत्म हो गई है। अब मंडी में बाहरी टमाटर से उपभोक्ता डिमांड की पूर्ति हो रही है। उनके अनुसार टमाटर की आवक छिंदवाड़ा, महाराष्ट्र और बेंगलुरू से करीब 6 से 7 गाड़ी की हो रही है। जो कि 600 से 700 रुपए कैरेट के भाव बिक रहा है।





### सब्जियों के फुटकर भाव पर एक नजर

- ▶▶ टमाटर - 30 से 60 रुपए किलो
- ▶▶ परवल- 40 रुपए प्रति किलो
- ▶▶ कुंदरु- 40 रुपए प्रति किलो
- ▶▶ खीरा- 30 से 40 रुपया किलो
- ▶▶ नेनुआ- 40 रुपया प्रति किलो
- ▶▶ फूल गोभी- 60 रुपया प्रति किलो
- ▶▶ भिंडी- 40 रुपया प्रति किलो
- ▶▶ लौकी- 20 रुपया प्रति किलो
- ▶▶ गाजर- 40 रुपया प्रति किलो
- ▶▶ प्याज- 20 से 25 रुपया प्रति किलो
- ▶▶ आलू- 25 से 30 रुपया प्रति किलो
- ▶▶ बैगन- 40 रुपया प्रति किलो

## हाट बाजार में 30 से 40 रु. तो गली-मोहल्ले में 50 से 60 रु. किलो के भाव बिक रहा टमाटर

राजधानी के हाट बाजारों में 30 से 40 रुपए के भाव बिक रहा है तो गली मोहल्ले में फेरी लगाकर सब्जियां बेचने वाले रिटेल सब्जी विक्रेता 50 से 60 रुपए किलो के भाव टमाटर की बिक्री कर रहे हैं। विक्रेताओं ने बताया कि गर्मी में हर कैरेट में करीब 5 किलो टमाटर खराब हो रहा है, जिससे लागत वसूलने के लिए ऊंचे दाम पर टमाटर की बिक्री करना मजबूरी है।

### कई सब्जियों की कीमतें बढ़ी

जून माह में कई सब्जियों की कीमतें बढ़ गई हैं, खासकर टमाटर, आलू और प्याज। यह मुख्य रूप से गर्मी और कम बारिश के कारण है, जिससे कुछ सब्जियों की पैदावार कम हो गई है। इसके अतिरिक्त, कुछ रिपोर्टों में यह भी बताया गया है कि मई 2025 की तुलना में जून 2025 में सब्जियों की कीमतों में वृद्धि हुई है। गर्मी पड़ने से किसानों की खेतों में लगी सब्जी की फसल पर विपरीत असर पड़ रहा है। सब्जी के पौधे गर्मी के कारण मुरझाना शुरू हो गए हैं। किसान सब्जी के पौधों के सूखने से बचाने के लिए लगातार सिंचाई कर रहे हैं, लेकिन तेज पछुवा हवा सब्जी और गरमा फसल को झुलसाकर बर्बाद कर रही है। किसान मिश्री लाल राजपूत के अनुसार गर्मी के प्रकोप से परवल, लौकी, नेनुआ, भिंडी, करैला, हरा मिर्च, खीरा, भिंडी, पालक पर विपरीत असर पड़ा है हरी सब्जी की उपज कम होने के कारण बाजार में हरी सब्जी के दाम भी काफी महंगे हो रहे हैं। सब्जियों पर चढ़ी महंगाई ने किचन के स्वाद को फीका कर दिया है।

### खाद्य कीमतें गिरीं, तो गांवों में महंगाई थमी

*एजेंसी. नई दिल्ली। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों से पता चला है कि मार्च 2025 से शुरू होकर लगातार तीसरे महीने शहरी क्षेत्रों के मुकाबले गांवों में कीमतों में वृद्धि कम रही है। मई में ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई जहां 2.59 प्रतिशत थी, वहीं शहरी क्षेत्रों में यह 3.07 प्रतिशत के स्तर पर रही। इससे पहले जुलाई 2023 से शुरू होकर ग्रामीण महंगाई लगातार 20 महीनों तक शहरी महंगाई से आगे रही, लेकिन यह इस साल मार्च में पहली बार शहरी महंगाई से पीछे हुई। अर्थशास्त्री ग्रामीण महंगाई में कमी का कारण खाद्य कीमतों में गिरावट को बताते हैं, जिसका ग्रामीण सूचकांक में सबसे अधिक भार है। साथ ही वे कोर महंगाई में मामूली वृद्धि को भी इसके लिए जिम्मेदार मानते हैं, जिसका शहरी सूचकांक में अधिक भार है। ग्रामीण सूचकांक में खाद्य वस्तुओं का भार 54 प्रतिशत है, जबकि शहरी सूचकांक में यह केवल 36 प्रतिशत है, जबकि समग्र खाद्य महंगाई अप्रैल में 1.78 प्रतिशत से गिरकर मई में 43 महीने के निचले स्तर 0.99 प्रतिशत पर आ गई, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य महंगाई 0.95 प्रतिशत रही।*

परिसर दो शिफ्टों में 1300 छात्रों को समायोजित कर सकता है

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने किया 'आकाश इनविक्टस कैंपस' का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने सोमवार को प्लॉट नंबर 8, गगन विहार, नई दिल्ली में आकाश इन्विक्टस कैम्पस का शुभारंभ किया। यह अत्याधुनिक और अपने प्रकार की पहली उन्नत सुविधा है, जिसे विशेष रूप से जेईई की तैयारी कर रहे देश के सबसे मेधावी और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग अभ्यर्थियों के लिए डिजाइन किया गया है। यह प्रतिष्ठित, उच्च-गहनता वाला, व्यक्तिगत, एआई-समर्थित और परिणाम-केंद्रित उपक्रम उन छात्रों के लिए तैयार किया गया है जो आईआईटी या प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों में दाखिले की तैयारी कर रहे हैं।

आकाश इन्विक्टस कैम्पस एक उन्नत शैक्षणिक अनुभव के लिए पर्याप्त स्थान प्रदान करता है। इस परिसर में 13 आधुनिक क्लासरूम हैं, जो जेईई की तैयारी के लिए एक केंद्रित और व्यक्तिगत वातावरण प्रदान करते हैं। अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और विशाल डिज़ाइन के साथ, यह परिसर दो शिफ्टों में 1,300 छात्रों को समायोजित कर सकता है, जिससे उन्हें विश्वस्तरीय शिक्षा और सफलता के लिए श्रेष्ठ संसाधनों तक पहुंच प्राप्त होती है।



### अब तक 2500 से अधिक शीर्ष छात्रों को आकर्षित कर चुका है

*डॉ. यश पाल, चीफ ऑफ अकैडमिक्स ऐंड बिज़नेस हेड, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने कहाकि आकाश इन्विक्टस केवल एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं है, बल्कि उन छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है जो टॉप आईआईटी रैंक लाने का सपना देख रहे हैं। यह कैंपस अनुभवी फैकल्टी, अत्याधुनिक शिक्षण विधियों और व्यक्तिगत, एआई व टेक-आधारित लर्निंग को एक साथ लाता है। वर्षों से हमारे शिक्षकों ने लाखों छात्रों को आईआईटी में प्रवेश दिलाने के लिए सफलतापूर्वक मार्गदर्शन किया है। उन्होंने आगे कहाकि यह प्रोग्राम जो कुछ महीनों पहले शुरू हुआ था, अब तक 2500 से अधिक शीर्ष छात्रों को आकर्षित कर चुका है। तीन मुख्य स्तंभों, अभिनव शिक्षण पद्धतियां और कोर्सवेयर, विशेषज्ञ फैकल्टी और उन्नत एआई टूल्स पर आधारित आकाश इन्विक्टस जेईई की तैयारी में नए मानक स्थापित करेगा। इन सभी नवीन सुविधाओं के पीछे आकाश की विश्वसनीयता, भरोसा और तकनीकी विशेषज्ञता है।*

'सीआईआई वायर टेक और पाइप्स एक्सपो 2025' आज से मुंबई

उद्योग जगत के दिग्गज एक मंच पर

# 200 से अधिक अग्रणी कंपनियों की भागीदारी, भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मिलेगी नई रफ्तार

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

वायर, केबल, पाइप्स और ट्यूब्स सेक्टर की देश-विदेश की प्रमुख कंपनियों को एक ही मंच पर लाने वाला भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक आयोजन 'सीआईआई वायर टेक और पाइप्स एक्सपो 2025' बॉम्बे एक्जिबिशन सेंटर में 17 जून से शुरू होने जा रहा है । यह आयोजन 19 जून 2025 तक होगा। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित यह तीन दिवसीय एक्सपो, नवाचार, विनिर्माण तकनीक और नीतिगत संवाद के लिए एक प्रभावी मंच बनेगा। 5000 वर्ग मीटर से अधिक के विशाल प्रदर्शनी क्षेत्र में, टाटा वायरॉन, जेएसडब्ल्यू स्टील, आरआर केबल, डसॉल्ट सिस्टम्स जैसी 200 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां अपनी नवीनतम तकनीकों, उत्पादों और स्थायी समाधान का प्रदर्शन करेंगी ।इसके साथ ही रिलायंस, टाटा पावर, एलएंडटी जैसी 30 से अधिक बड़ी खरीदार कंपनियों के साथ 'वेंडर मीट्स' आयोजित की जाएंगी, जो एमएसएमई और स्टार्टअप्स को प्रत्यक्ष व्यापारिक अवसरों से जोड़ने का सुनहरा मंच साबित होंगी। इस आयोजन में सरकारी प्रतिनिधि, नीति-निर्माता, कॉर्पोरेट लीडर्स और निवेशक मिलकर भारत की औद्योगिक दिशा तय करने हेतु संवाद करेंगे। सीआईआई वायर टेक 2025 केवल एक औद्योगिक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि 'मेक इन इंडिया' और 'विकसित भारत' जैसे राष्ट्रीय अभियानों को दिशा और गति देने वाला एक नीतिगत मंच है जो भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की ओर अग्रसर करेगा।




### एक्सपो की मुख्य विशेषता

*विषयगत सम्मेलन के 8 सत्र, 50 से अधिक विशेषज्ञ और नीति-निर्माताओं की भागीदारी, तकनीकी प्रस्तुतियां, थीम आधारित चर्चाएं और सीईओ के गोलमेज संवाद होंगे। इसके अलावा चर्चा के प्रमुख विषय में गुणवत्ता और अनुपालनः बदलते वैश्विक मानकों के अनुरूप निर्माण, सीबीएएम और ग्रीन मैन्युफैक्चरिंगः सतत विकास की दिशा में उद्योग, सीईओ गोलमेजः वैश्विक कनेक्टिविटी में भारत की भूमिका, न्यूक्लियर ग्रेड ट्यूबिंगः उच्च तकनीकी इंजीनियरिंग की दिशा, 'विकसित भारत' मिशनः आत्मनिर्भरता और घरेलू विनिर्माण का विस्तार आदि शामिल होंगे।*

# मोशन के स्टूडेंट्स को नीट में मिली शानदार सफलता, 7 विद्यार्थियों ने बनाई टॉप 100 में जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से देशभर के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए होने वाली नेशनल एलिजिबिलिटी कम इंट्रेस टेस्ट (नीट-यूजी)-2025 के नतीजों में मोशन एजुकेशन के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए कामयाबी का परचम लहराया है। मोशन के सात स्टूडेंट्स ने टॉप 100 केटेगिरी रैंक में जगह बनाई है। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि एनटीए का सर्वर डाउन चलने के कारण रिजल्ट कम्पाइल करने में देरी हो रही है। परिणाम के मुताबिक इस बार नीट एग्जाम में मोशन के स्टूडेंट केशव मित्तल ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 7 हासिल की है। इसके अलावा एमडी युसूफ ने एआईआर 18, दर्शन मुले ने 19 , प्रतीक सिंह ने 50, राघव गोयल ने 62, अनुष्का शुक्रवाल ने 72 और जतिन कुमार ने एआईआर 85 हासिल की है।



### टॉपर्स ने शेयर किए अनुभव, कहा-टेस्ट सीरीज बनी ताकत

*इस दौरान टॉपर्स ने अपने अनुभव शेयर करते हुए बताया कि हमें मोशन के एक्सपीरियंस्ड फेकल्टी, अकेडमिक सिस्टम और कोटा के माहौल का भरपूर फायदा मिला। तैयारी के अंतिम दौर में पूरे पाठ्यक्रम पर आधारित टेस्ट देने और उनमें मिली कमियों को ठीक करने से बड़ा लाभ मिला। उन्होंने कहा कि निरंतरता और समर्पण के साथ तैयारी ही कामयाबी की ओर ले जाती हैं। सफलता के लिए हार्डवर्क के साथ-साथ नियमितता और अनुशासन जरूरी है। कंसंट्रेट होकर की गई पढ़ाई सफल बनाती है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मास्त्र टेस्ट सीरीज के जरिए प्रेक्टिस से एग्जाम का लेवल और पैटर्न समझकर अपनी कमियों को दूर करने का मौका मिला। इसका उनकी सफलता में बड़ा योगदान रहा। मोशन एजुकेशन के सीईओ नितिन विजय ने बताया कि परिणाम आने के बाद अब काउंसलिंग शुरू होगी। ऑल इंडिया कोटा (एआईक्यू) राउंड-एक के बाद ही स्टेट काउंट राउंड-एक शुरू होगा। ऐसे में अगर आपका पहले एआईक्यू में नहीं होता है तो स्टेट काउंसलिंग में हो सकता है। ठीक इसी प्रकार दूसरे, तीसरे और चौथे राउंड के लिए होगा। इसकी डेट वगैरह की जानकारी एनएमसी और स्टेट गवर्नमेंट की काउंसलिंग बॉडी के नोटिफिकेशन में मिल जाएगी।*

### 2.40 लाख सीटों पर दाखिला मिलेगा नीट से

*नितिन विजय ने बताया कि इस बार 13.76 लाख लड़कियों और 9.98 लाख लड़कों यानी कुल 22.7 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स ने नीट यूजी के लिए रजिस्ट्रेशन किया था। इसमें 20.9 लाख कैंडिडेट्स परीक्षा में शामिल हुए। नीट यूजी रिजल्ट के आधार पर एमबीबीएस, डेंटल, नर्सिंग, बीएएमएस, बीयूएमएस, बीएचएमएस, बीएसएमएस कोर्सेज में 2.40 लाख सीटों पर दाखिला मिलेगा। इनमें मेडिकल, डेंटल, आयुष और नर्सिंग के लिए अलग-अलग काउंसलिंग होगी। इस काउंसलिंग में सबसे ज्यादा 1.18 लाख सीटें एमबीबीएस के लिए हैं।*

### आईसीआईसीआई बैंक के ईडी बत्रा का कार्यकाल दो साल बढ़ा

*नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने आईसीआईसीआई बैंक के कार्यकारी निदेशक (ईडी) संदीप बत्रा का कार्यकाल दो साल बढ़ाने को मंजूरी दे दी। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि रिजर्व बैंक ने 16 जून, 2025 के अपने पत्र के जरिए 23 दिसंबर, 2025 से 22 दिसंबर, 2027 तक बैंक के ईडी के रूप में बत्रा की फिर से नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। इसमें कहा गया है कि पुनर्नियुक्ति के लिए शेयरधारकों की मंजूरी उपयुक्त समय में मांगी जाएगी। बत्रा जुलाई 2018 से कॉरपोरेट सेंटर के लिए जिम्मेदार हैं। उनके पास कॉरपोरेट संचार, वित्त, मानव संसाधन, विधि, ग्राहक सेवा समेत अन्य कार्यों की जिम्मेदारी है।*

### क्रॉम्पटन को मिला 101 करोड़ रु. का सौर पंप ऑर्डर

*मुंबई। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने सौर वाटर पंप क्षेत्र में अपना सबसे बड़ा ऑर्डर हासिल करके ग्रीनएनर्जी की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने महाराष्ट्र ऊर्जा विकास एजेंसी (एमईडीए) से प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान (पीएम-कुसुम) योजना के कंपोनेंटबी के तहत 101 करोड़ (जीएसटी के अलावा) का लेटर ऑफ अवॉर्ड हासिल किया है। इसके तहत महाराष्ट्र में 4,500 ऑफ-ग्रिड सोलर फोटो वोल्टिक वॉटर पंपिंग सिस्टम्स की डिजाइनिंग, निर्माण, सप्लाई, ट्रांसपोर्ट, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग का काम शामिल है। यह क्रॉम्पटन की भारत भर में किसानों को सशक्त बनाने वाले टिकाऊ सिंचाई समाधानों को प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।*

# बासमती चावल के लिए खतरनाक 11 कीटनाशकों की बिक्री प्रतिबंधित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बासमती चावल के लिए खतरनाक माने जाने वाले 11 कीटनाशकों पर पंजाब सरकार ने बैन लगा दिया है। इनमें एसीफेट, बुप्रोफेजिन, क्लोरपाइरीफॉस, प्रोपिकोनाजोल, थायमेथोक्सम, प्रोफेनोफोस, इमिडाक्लोप्रिड, कार्बेन्डाजिम, ट्राइसाइक्लाजोल, टेबूकोनाजोल और कार्बोफ्यूरॉन नामक कीटनाशक शामिल हैं। इस संबंध में सरकार ने नोटफकिशन जारी कर दिया है। इन पर 1 अगस्त, 2025 से प्रतिबंध होगा, जो अगले 60 दिन तक कायम रहेगा। नोटिफिकेशन में पंजाब सरकार ने कहा है कि इन कीटनाशकों की बिक्री, वितरण और उपयोग पर रोक इसलिए लगाई गई है ताकि बासमती की अच्छी गुणवत्ता हो सके और एक्सपोर्ट में किसी तरह की बाधा न आए। यह किसानों और निर्यातकों के लिए खुशी की बात है लेकिन, एग्रोकेमिकल इंडस्ट्री के लिए बड़े झटके के समान है. बासमती उत्पादक कुछ और राज्य भी इस पर रोक लगा सकते हैं।

### कीटनाशकों के बैन पर सरकार ने कहा

*नोटिफिकेशन में पंजाब सरकार ने लिखा है, राज्य सरकार की राय है कि बताए गए (प्रतिबंधित) कीटनाशकों की बिक्री, वितरण और उपयोग बासमती चावल उत्पादकों के हित में नहीं है। इन कृषि-रसायनों के उपयोग के कारण बासमती चावल के दानों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित अधिकतम अवशिष्ट स्तर (एमआरएल) से अधिक कीटनाशक अवशेषों का खतरा है. पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू), लुधियाना ने पंजाब राज्य में बासमती चावल के कीटों को नियंत्रित करने के लिए वैकल्पिक कृषि रसायनों की सिफारिश की है। राइस मिलर्स एंड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ने भी रिपोर्ट दी है कि उनके द्वारा जांचे गए कई नमूनों में इन कीटनाशकों का अवशेष मूल्य बासमती चावल के एमआरएल मूल्यों से बहुत अधिक है। एसोसिएशन ने बासमती उपज को बचाने और अन्य देशों को बासमती चावल के परेशानी मुक्त निर्यात को सुनिश्चित करने के लिए इन कृषि रसायनों पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया। सरकार ने कहा है कि 1 अगस्त, 2025 से 60 दिनों के लिए इन कीटनाशकों की बिक्री, वितरण और उपयोग पर पूरी तरह से बैन रहेगा।*

### निसान मोटर ने नेटवर्क विस्तार को दी गति



**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने राजस्थान में पांच नए टचपॉइंट्स की लॉन्चिंग के साथ भारत में अपना नेटवर्क 283 कस्टमर टचपॉइंट्स तक पहुंचने की घोषणा की है। इस विस्तार से प्रमुख क्षेत्रीय बाजारों में सुगमता और ग्राहकों के बेहतर अनुभव पर ब्रांड के फोकस को मजबूती मिलेगी। नए लांच किए गए टचपॉइंट्स में जयपुर में एक शोरूम व अत्याधुनिक वर्कशॉप, उदयपुर में व्यापक 3एस सेंटर और अजमेर में एक नया शोरूम शामिल है। उदयपुर के 3एस सेंटर में एक ही छत के नीचे सेल्स, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स ऑपरेशंस का परिचालन होगा। नए केंद्रों का उद्घाटन निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने किया। यहां कुशल एवं उत्साही सेल्स एवं सर्विस प्रोफेशनल्स को नियुक्त किया गया है। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर जयपुर, उदयपुर और अजमेर में नई डीलरशिप के उद्घाटन के साथ राजस्थान में अपनी मौजूदगी बढ़ाने का हमें गर्व है। हम भारत में अपने फ्यूचर पोर्टफोलियो की लॉन्चिंग की दिशा में बढ़ रहे हैं और ये उद्घाटन उसी दिशा में हमारे नेटवर्क विस्तार के प्रयासों का हिस्सा हैं।



## कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल भोपाल (म.प्र.)

(Office-0755-2742263, Fax-0755-2742250, Email-Jscjbpl@mp.gov.in)

पत्र क्रं 414 / निर्वाह/2025 — भोपाल, दिनांक 12/06/2025

**ई-निविदा (चतुर्थ) आमंत्रण सूचना**

**वित्तीय वर्ष 2025-26**

म.प्र. जेल पूर्ति नियम, 1968 एवं मध्य प्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम-2015 (यथा संशोधित-2022) के अधीन केन्द्रीय जेल भोपाल हेतु बंदियों हेतु सब्जी, फल आदि की आपूर्ति के लिए वार्षिक ई-निविदा विज्ञप्ति निम्नानुसार जारी की जाती है:-

**ई-निविदा कार्यक्रम का विवरण**

| क्र. | विवरण | दिनांक व समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | प्री-बिड मीटिंग | 21.06.2025 दोपहर 12:00 बजे | कार्यालय, जेल अधीक्षक, केंद्रीय जेल भोपाल |
| 2 | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि | 27.06.2025 शाम 06 बजे तक | निविदा फार्म वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकेंगे। |
| 3 | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 27.06.2025 शाम 06 बजे तक | निविदा, वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन प्रस्तुत की जावेगी। |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 28.06.2025 दोपहर 12 बजे | कार्यालय, जेल अधीक्षक, केंद्रीय जेल भोपाल |
| 5 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 30.06.2025 दोपहर 12 बजे | कार्यालय, जेल अधीक्षक, केंद्रीय जेल भोपाल |

ई-निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। तिथि परिवर्तन की सूचना www.mptenders.gov.in पर अपलोड कर एवं जेल के सूचना पटल पर लिखित में चस्पा कर दी जाएगी, संशोधन की सूचना पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी।

जी - 14405/25 — स्वच्छता ही सेवा

जेल अधीक्षक
केंद्रीय जेल भोपाल


## बिजनेस न्यूज

### सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी बनी मध्यप्रदेश की पहली एआई इनेबल्ड कैंपस



**भोपाल।** सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा इतिहास रचते हुए मध्य प्रदेश की पहली और एक मात्र ए.आई. इनेबल्ड यूनिवर्सिटी बनने का गौरव प्राप्त किया है। शैक्षिक क्षेत्र में क्रांति लाते हुए, सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा एआई कैंपस रेवोलुशन डे मनाया गया। कोडिंग प्रो के संस्थापक, सुमित भट द्वारा शैक्षिक क्षेत्र में ए.आई. का महत्व, ए.आई. कोडिंग द्वारा बनाए गए वर्चुअल रोबोट्स जैसे की साहा, अवयुक्ता, ईराज, अवनि, बानी, इत्यादि रोबोट्स की सहायता से शैक्षिक क्षेत्र जैसे की फार्मेसी, इंजीनियरिंग, एग्रीकल्चर, पैरामेडिकल, आयुर्वेद, फॉरेंसिक साइंस, बी.सी.ए, कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, आदि विषयो में नए तरह के अध्यन के पेहल पर प्रकाश डाला। उन्होंने सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी को बधाई देते हुए कहा की सैम ग्रुप एमपी की पहली और एक मात्र यूनिवर्सिटी है जहा इस नवाचार के माध्यम से स्टूडेंट्स आनेवाले समय में एआई की फील्ड में बाकी यूनिवर्सिटीज से हमेशा आगे रहेंगे फिर चाहे वे प्लेसमेंट की बात हो या फिर स्टार्ट-अप्स की। इस उपलक्ष्य पर डॉ. हरप्रीत सलूजा, चेयरमैन, सैम ग्रुप द्वारा सैम परिवार के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा की शिक्षा में नवाचार और तकनीकी का समावेश होना आज इंडस्ट्री की मांग है और जहा तक एआई की बात है तो पूरी दुनिया जानती है की आगे आने वाले 2-3 वर्षों में ए.आई. के ज्ञान से ही सभी कार्य को सम्पूर्ण किया जायेगा।

### राधारमण नर्सिंग कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी, मिस्टर और मिस फ्रेशर का हुआ चयन



**भोपाल।** राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में विगत दिवस बीएससी नर्सिंग 2024-25 बैच के नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस रंगारंग आयोजन की मेज़बानी बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष के छात्रों ने की। इस कार्यक्रम में राधारमण समूह के चेयरमेन आर.आर. सक्सेना, समूह निदेशक, डॉ. पीके लाहिरी, प्राचार्य डॉ. वेनिस एम. डेविड एवं सभी फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. वेनिस डेविड ने छात्रों को प्रेरणादायक शब्दों से संबोधित किया और नए छात्रों का स्वागत किया। फ्रेशर पार्टी में रैंप वॉक, डांस, कामेडी और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मिस्टर फ्रेशर का खिताब अंकित रजक और मिस फ्रेशर का खिताब अंजलि सिंह को प्रदान किया गया। राधारमण ग्रुप के चेयरमैन आर. आर. सक्सेना ने कहाकि हमारा उद्देश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करना है।

### अमेजन पर बिजली-बचाने वाले रेफ्रिजरेटर मौजूद

**बेंगलुरू।** अमेजन.इन पर एसी और बिजली-बचाने वाले रेफ्रिजरेटर मौजूद है। यहां कैरियर, गोदरेज, हायर, सैमसंग जैसे टॉप ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स की खरीदारी कर सकते हैं। ग्राहक 20 हजार रुपए तक का इंस्टैंट बैंक डिस्काउंट, 3 हजार रुपए तक का कूपन डिस्काउंट और एचडीएफसी, एक्सिस, यस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आरबीएल और फेडरल बैंक क्रेडिट कार्ड ईएमआई ट्रांजेक्शन पर 18 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं।



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग भोपाल (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 04/सेतु/2025-26/का.यं. — **निविदा सूचना** — भोपाल, दिनांक 10/06/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | कार्य की अनु राशि (रू.लाख में) | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB _429680_1 | भोपाल | पुल कार्य | लो.नि.वि सेतु निर्माण उपसंभाग क्रमांक-1 भोपाल के अंतर्गत पुलों एवं पहुँच मार्ग का वार्षिक मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.95 | मूल एफ.डी.आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। |
| 2 | 2025_PWDRB _429692_1 | विदिशा | पुल कार्य | लो.नि.वि सेतु निर्माण उपसंभाग विदिशा के अंतर्गत पुलों एवं पहुँच मार्ग का वार्षिक मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.89 | मूल एफ.डी.आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। |
| 3 | 2025_PWDRB _429693_1 | भोपाल | पुल कार्य | सेतु उपसंभाग क्रमांक-1 भोपाल के अंतर्गत आने वाले जलमग्नीय पुल में मौजूदा पाईप रेलिंग हटाना एवं फिर से लगाने का कार्य। | प्रथम | 3.06 | मूल एफ.डी.आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। |
| 4 | 2025_PWDRB _429699_1 | विदिशा | पुल कार्य | सेतु उपसंभाग विदिशा के अंतर्गत आने वाले जलमग्नीय पुल में मौजूदा पाईप रेलिंग हटाना एवं फिर से लगाने का कार्य। | प्रथम | 2.99 | मूल एफ.डी.आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। |
| 5 | 2025_PWDRB _429705_1 | रायसेन | पुल कार्य | सेतु उपसंभाग रायसेन के अंतर्गत आने वाले जलमग्नीय पुल में मौजूदा पाईप रेलिंग हटाना एवं फिर से लगाने का कार्य। | प्रथम | 4.94 | मूल एफ.डी.आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। |
| 6 | 2025_PWDRB _429708_1 | बैतूल | पुल कार्य | सेतु उपसंभाग बैतूल के अंतर्गत आने वाले जलमग्नीय पुल में मौजूदा पाईप रेलिंग हटाना एवं फिर से लगाने का कार्य। | प्रथम | 7.04 | मूल एफ.डी.आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। |
| 7 | 2025_PWDRB _429673_1 | बैतूल | पुल कार्य | लो.नि.वि सेतु निर्माण उपसंभाग बैतूल के अंतर्गत पुलों एवं आर.ओ.बी का मरम्मत कार्य। | प्रथम | 16.89 | मूल एफ.डी.आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। |
| 8 | 2025_PWDRB _429682_1 | नर्मदापुरम | पुल कार्य | लो.नि.वि सेतु निर्माण उपसंभाग क्रमांक-1 नर्मदापुरम के अंतर्गत पुलों एवं महुँच मार्ग का वार्षिक मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.71 | मूल एफ.डी.आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। |
| 9 | 2025_PWDRB _429702_1 | नर्मदापुरम | पुल कार्य | सेतु उपसंभाग क्रमांक 1 नर्मदापुरम के अंतर्गत आने वाले जलमग्नीय पुल में मौजूदा पाईप रेलिंग हटाना एवं फिर से लगाने का कार्य । | प्रथम | 5.32 | मूल एफ.डी.आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। |
| 10 | 2025_PWDRB _429711 | विदिशा | पुल कार्य | विदिशा जिले में बासौदा से उदयपुर मार्ग मे एल.सी. क्रमांक 293 पर बी.टी. का मरम्मत कार्य। | द्वितीय | 19.87 | मूल एफ.डी.आर का भुगतान ऑनलाईन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। |
| | | | | योग | | | |

उपरोक्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 30/06/2025, (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मूल एफ.डी.आर. का भुगतान केवल ऑनलाईन होगा एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन जमा होगें। भौतिक रुप से किसी भी प्रकार के दस्तावेज कार्यालय में जमा नहीं किये जायेगें।

जी - 14397/25 — स्वच्छता ही सेवा

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण सभाग
भोपाल (म.प्र)

## चिंतन

# तुर्किये को संदेश देने के साथ ट्रेड व रणनीतिक महत्व भी

विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में शरीक होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोप के द्विपीय देश साइप्रस की दो दिवसीय यात्रा ऐसे समय में की है, जब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्किये ने खुले तौर पर पाकिस्तान के साथ दिया। तुर्किये में जब भीषण भूकंप आया था तो भारत ने भरपूर मदद की थी, तुर्किये के साथ भारत के संबंध प्राचीनकाल से है, इसके बावजूद भारत के एहसान को भुला कर तुर्किये ने भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान को ड्रोन की मदद की, यह जानते हुए कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ नहीं बल्कि आतंकवाद के खिलाफ एक्शन लिया था। तुर्किये और साइप्रस पड़ोसी देश हैं और दोनों के बीच अदावत है, तुर्किये ने साइप्रस के एक तिहाई हिस्से पर अवैध कब्जा कर रखा है। वर्ष 1974 के बाद से दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध भी नहीं हैं। पीएम मोदी ने जी-7 की बैठक में जाने से पहले साइप्रस की यात्रा कर तुर्किये को दो टूक संदेश दिया है कि अगर वह भारत के खिलाफ रहेगा, तो भारत भी उसके दुखती रग पर हाथ रखेगा। भारत अपने पर्यटकों को साइप्रस जाने के लिए प्रेरित करेगा। साइप्रस भारतीय पर्यटकों के पसंदीदा गंतव्यों में से एक है। करीब 11.5 हजार भारतीय वहां विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत हैं। साइप्रस के आईटी क्षेत्र को भारतीय प्रतिभा मजबूती दे रही है। साइप्रस के साथ संबंध को मजबूत करके भारत अपनी पकड़ इस भूमध्यसागरीय क्षेत्र में मजबूत करेगा। साइप्रस ने जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस-III दिया है, इससे साफ है कि वह खुद भारत के साथ अपने रिश्ते को नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए कितना उत्सुक है। साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने पीएम मोदी को यात्रा के लिए निमंत्रण दिया था। पीएम मोदी साइप्रस जाने वाले तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री हैं। इससे पहले 1983 में इंदिरा गांधी और 2002 में अटल बिहारी वाजपेयी ने इस देश का दौरा किया था। तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 2018 में और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 2022 में साइप्रस का दौरा किया था। पीएम की साइप्रस यात्रा का महत्व केवल तुर्किये को संदेश देने भर तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे व्यापक है। इसमें ट्रेड, रणनीतिक साझेदारी, सामुद्रिक सुरक्षा, ऊर्जा सहयोग व आतंकवाद के खिलाफ अभियान भी है। साइप्रस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। इस वर्ष भारत-साइप्रस-ग्रीस साझेदारी शुरू हुई है। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) में भी साइप्रस अहम भागीदार है। साइप्रस यूरोपीय संघ (ईयू) का सदस्य देश है। भारत ईयू के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। अगले वर्ष 1 जनवरी से साइप्रस ईयू का अध्यक्ष देश होगा, ऐसे में भारत को एफटीए में मदद मिलेगी। भारतीय कंपनियों व निवेशकों, आईटी क्षेत्र व डिजटेक के लिए साइप्रस यूरोप का प्रवेश द्वार है। भारत व साइप्रस रक्षा, साइबर, समुद्री सुरक्षा, संकट प्रबंधन, पर्यटन, नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। आतंकवाद, ड्रग्स और हथियारों की तस्करी को रोकने को दोनों देशों की एजेंसियों के बीच वास्तविक समय में सूचना के आदान-प्रदान के लिए एक तंत्र विकसित किया जाएगा। साइप्रस और ग्रीस ने आतंकवाद, कश्मीर, भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता, 1998 के परमाणु परीक्षण सहित प्रमुख मुद्दों पर भारत का समर्थन किया है।




## विश्लेषण

उमेश चतुर्वेदी

# साइप्रस यात्रा से तुर्किये को कड़ा संदेश

मोदी ने साइप्रस जाकर दो संदेश देने की कोशिश की है। पहला संदेश तुर्किये के लिए है। भारत ने जता दिया है कि वह साइप्रस को सहयोग देगा और साइप्रस से सहयोग लेगा। साइप्रस के आईटी उद्योग और पर्यटन में भारत के हजारों लोग कार्यरत हैं। दूसरा संदेश भारतीयों के लिए है। पहले भारत से बहुत सारे सैलानी तुर्किये जाते थे, लेकिन अब वे साइप्रस जाएंगे। मोदी की कोशिश साइप्रस को बढ़ाकर तुर्किये की आर्थिक रीढ़ पर चोट पहुंचाना है। साथ ही तुर्किये को संदेश देना है कि जरूरत पड़ने पर भारत उसके खिलाफ कड़े कदम भी उठा सकता है। प्रधानमंत्री ने कनाडा जाते हुए साइप्रस की यात्रा से तुर्किये को भी चौंकाया है। यह सीधे तौर पर कूटनीतिक जवाब है

ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछा गया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई इतनी सटीक क्यों रही? पाकिस्तान की खुफिया सेवा इसे भांप क्यों नहीं पाई, पाकिस्तानी राजनेता और सेना क्यों भारतीय कार्रवाई का अंदाजा नहीं लगा पाए। सवाल खत्म होते ही प्रधानमंत्री ठठाकर हंस पड़े। हंसते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना और राजनीति भारत के विपक्षी दलों की ही तरह हैं। जिस तरह वे मेरे बारे में अंदाजा नहीं लगा सकते, कुछ उसी तरह पाकिस्तानी भी अंदाजा नहीं लगा सकते। दिल्ली में केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के कदमों को देखिए। हर बार वे चौंकाते रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब समूचा विपक्ष भारत सरकार की विदेश नीति की नाकामी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना लगा रहा था, प्रधानमंत्री ने साइप्रस की यात्रा करके देश को चौंका दिया है। भूमध्य सागर के द्वीपीय देश साइप्रस की यात्रा का अचानक से ऐलान होना और कनाडा जाते हुए रास्ते में प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस उतरना और वहां के शीर्ष नेताओं से मिलना भारतीय विदेश नीति का चौंकाऊं फैसला ही है। देश के शीर्ष नेताओं की विदेश यात्राएं अरसा पहले से तय होती हैं, उसकी जानकारी राजनीति के साथ ही पत्रकारिता को भी होती है। लेकिन प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा अचानक से हुई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का 14 मई को अचानक ऐलान किया। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री मोदी ने वहां के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत भी की। ऐसे में सवाल यह उठ सकता है कि साइप्रस की यह अचानक यात्रा क्यों? इस सवाल के जवाब में एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुई घटनाओं की ओर लौटना होगा। याद कीजिए, तब पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन के जरिए सैकड़ों हमले किए थे। उन हमलों को बेशक भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। साइप्रस की यात्रा के लिए हमें उन हमलों में इस्तेमाल हुए ड्रोन को देखना होगा। पाकिस्तान ने जिन ड्रोन से हमले किए, ज्यादातर तुर्किये में बने सोनगार ड्रोन थे। हवाई हमलों में तुर्किये के इन ड्रोन को बेहद मारक माना जाता है। हालांकि वे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम के सामने बेकार ही साबित हुए। कूटनीतिक हलकों को पता है कि तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन ने पाकिस्तान को उपलब्ध कराया। अर्दोआन ने पर्दे के पीछे से पाकिस्तान का साथ दिया। इतना ही नहीं, भारत ने जब इस बात को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखा तो अर्दोआन ने 'एक्स' पर 'पाकिस्तान-तुर्किये दोस्ती जिंदाबाद' लिखकर एक तरह से भारत के आरोप को साबित कर दिया। इसे भारत को मुंह चिढ़ाना भी कह सकते हैं। यह उस तुर्किये का कदम था, जिसे भारत ने दो साल पहले दिल खोलकर मानवीय आधार पर सहयोग दिया था। छह फरवरी 2023 को तुर्किये में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, उस झटके में वहां 53 हजार लोगों की मौत हो गई थी। भारत ने मानवीय सहायता के साथ ही विशेषज्ञों की टीम के साथ बचाव दल भेजा था। राहत के तुर्किये पहुंचने वाली टीमों में भारत की टीम भी शामिल थी। तुर्किये के राष्ट्रपति ने जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से दोस्ती को



जगजाहिर किया तो उसे भारत के लोगों ने भारत के लिए मुंह चिढ़ाना माना। रही-सही कसर पूरी हुई मई के आखिर में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की तुर्किये की यात्रा से। तब भारत के सामने अर्दोआन के रूख को लेकर कोई गुंजाइश ही नहीं रही। ऐसा नहीं कि पहली बार तुर्किये ने भारत के खिलाफ पाकिस्तान का पक्ष लेते हुए ऐसा कदम उठाया है। संयुक्त राष्ट्र संघ समेत कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के पक्ष में अर्दोआन सहयोगी भूमिका पेश करते रहे हैं। इन वजहों से तुर्किये को लेकर भारत में गुस्सा भी बहुत रहा है। कश्मीर पर तुर्किये हर बार पाकिस्तान के साथ ही खड़ा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस दौरा भारत के उसी गुस्से की अभिव्यक्ति और भारत को मुंह चिढ़ाने के अर्दोआन के प्रयासों का जवाब माना जा सकता है। इसकी वजह है कि साइप्रस व तुर्किये के बीच जारी बरसों पुराना विवाद। साइप्रस में यूनानी और तुर्किये मूल के लोग रहते हैं। दोनों समुदायों में नस्ली आधार पर विवाद रहा है। साइप्रस में साल 1974 में तत्कालीन सरकार के खिलाफ यूनानी मूल के आतंकी समूहों ने तख्तापलट की कोशिश की। इसे तुर्किये ने अपने लोगों के खिलाफ युद्ध माना। इसके बाद तुर्किये ने साइप्रस पर हमला कर दिया। इस दौरान तुर्किये की सेनाओं ने साइप्रस के दूसरे नंबर के मशहूर शहर वरोशा पर कब्जा कर लिया था। यहां तुर्किये की सेना के 35 हजार जवान यहां तैनात हैं। इसके बाद से एक तरह से यह द्वीपीय देश दो हिस्सों में बंट गया है। तुर्किये के अवैध कब्जे वाले इलाके को उसने राष्ट्र का दर्जा दे रखा है। दिलचस्प है कि इस राष्ट्र के अस्तित्व को तुर्किये के अलावा कोई देश स्वीकार नहीं करता। साइप्रस यूरोपीय संघ का भी सदस्य है और एक जनवरी 2026 से वह संघ का अध्यक्ष बनने जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। भारत को उम्मीद है कि साइप्रस के अध्यक्ष रहते यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो जाएगा। साइप्रस कई मौकों पर भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की दावेदारी का समर्थन कर चुका है।

मोदी ने साइप्रस जाकर दो संदेश देने की कोशिश की है। पहला संदेश तुर्किये के लिए है। भारत ने जता दिया है कि वह साइप्रस को सहयोग देगा और साइप्रस से सहयोग लेगा। वैसे भी साइप्रस के आईटी उद्योग और पर्यटन में भारत के हजारों लोग कार्यरत हैं। साइप्रस स्थित भारतीय हाईकमीशन के मुताबिक साइप्रस में साढ़े ग्यारह हजार लोग रहते हैं। मोदी की साइप्रस यात्रा का दूसरा संदेश भारतीयों के लिए है। पहले भारत से बहुत सारे सैलानी तुर्किये जाते थे, लेकिन अब वे साइप्रस जाएंगे। वैसे पाकिस्तान के सहयोग के खुलासे के बाद से ही तुर्किये के लिए बुक टिकटों को भारतीयों ने कैंसल कराना शुरू कर दिया था। मोदी की कोशिश साइप्रस को बढ़ाकर तुर्किये की आर्थिक रीढ़ पर चोट पहुंचाना है। साथ ही तुर्किये को संदेश देना है कि जरूरत पड़ने पर भारत उसके खिलाफ कड़े कदम भी उठा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कनाडा जाते हुए साइप्रस की यात्रा से तुर्किये को भी चौंकाया है। राष्ट्रपति अर्दोआन ने 2021 में कहा था कि साइप्रस की जिम्मेदारी तुर्किये की है। यानी एक तरह से वह साइप्रस के एकीकरण के संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव के खिलाफ हैं। अर्दोआन के कदम का इजरायल कड़ा विरोध करता है। साइप्रस की मौजूदा सरकार के साथ इजरायल मजबूती से खड़ा है। पीएम मोदी की साइप्रस की यात्रा के बाद इजरायल, भारत और साइप्रस संबंधों को भी गति मिलने की संभावना है। दुनिया इन दिनों चीन के 'वन बेल्ट-वन रोड' के जवाब में मध्य पूर्व के देशों के साथ यूरोप 'इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर' यानी आईएमईसी पर काम कर रहा है। भारत-साइप्रस संबंध और मजबूत होंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## ज्वलंत विषय

मानसी द्विवेदी



# संतुलन व सम्मान बनाए रखने वाली परंपरा ही अब 'कारगर'

परंपराएं जब शोषण का कारण बन जाएं, सुख के बदले दुःख देने लगे तो उस परंपरा को भूमि में गाड़ कर नई परंपरा को जन्म देना होता है। भगवान कृष्ण द्वारा महाभारत में कही गई ये बात आज के दौर में प्रासंगिक लगती हैं। हाल ही में हुई सोनम रघुवंशी और मुस्कान रस्तोगी केस आज समाज को इसी तरफ इशारा कर रहे हैं। इन घटनाओं की नींव को देखे बिना मात्र अपराध की शाखाओं को देखकर टीवी चैनल, समाचार पत्र और सोशल मीडिया भर भर कर इन अपराधों को समाज और स्त्री जाति पर कलंक बता रहे हैं । टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंस (टीस) और नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्टों के अनुसार पिछले 5 वर्षों में वैवाहिक हत्या के मामलों में वृद्धि हुई है, जिनमें लगभग 18-22% मामलों में पत्नी आरोपी होती है। विवाहेत्तर संबंध, घरेलू हिंसा, और मानसिक असंतोष इस प्रकार के अपराधों के मुख्य कारण माने गए हैं। एक रिपोर्ट (इंडियन जर्नल ऑफ क्रिमिनोलॉजी, 2022) बताती है कि शहरी महिलाओं में विवाह के प्रति बढ़ती असंतोष की भावना, स्वतंत्रता की चाह और डिजिटल माध्यमों से नए संबंधों की उपलब्धता ऐसे मामलों को जन्म देती है।

ये रिपोर्ट क्या ये संकेत दे रही हैं कि हमारी परंपराओं में और सामाजिक ढांचों में अब गंभीर चिंतन की आवश्यकता है? क्या ये टकराव इसलिए हो रहा है कि हमारी परंपराओं में और सामाजिक ढांचों में लचीलापन, संवाद और सहमति का आधार खत्म हो गया है? क्या नैतिकता, पारिवारिक मूल्य और अच्छे चरित्र का दिखावा इतना हावी हो गया है कि उन्हें ऐसे अपराधों को करना ही उचित प्रतीत हो रहा है। हम वेस्टर्नाइज तो हो गए पर मॉडर्नाइज नहीं हो पाए। शायद, आदिवासी समाज की प्रथाएं और वैदिक काल की संस्कृति हमसे ज्यादा मॉडर्न थी। स्त्री को अपना जीवनसाथी चुनने का अधिकार होता है जैसे कि वैदिक संस्कृति में स्वयंवर होता था। क्योंकि वो जानते थे कि जब स्त्री को अपनी इच्छा और पसंद के विरोध बांधा जाता हैं तो विवाह दमन और दुख का कारण बनता है। मनुस्मृति तक में कहा गया है - यदि स्त्री की सहमति नहीं है तो विवाह अमान्य है। भारतीय विवाह हिंदू मैरिज एक्ट 1955 के अनुसार विवाह दोनों पक्षों की स्वतंत्र सहमति से ही वैध होगा और यदि एक पक्ष की सहमति नहीं है तो विवाह अवैध हो सकता हैं।


कई आदिवासी जनजातियां ऐसी भी हैं जहां युवती अपने पसंद के युवक के साथ विवाह से पहले साथ रह सकती हैं। यदि संबंध असफल होता है तो स्त्री को दोषी या चरित्रहीन नहीं ठहराया जाता है। परंतु हमारे शहरीकरण होने के बावजूद भी हमारे समाज में विवाह के पूर्व संबंधों को अनैतिक माना जाता हैं। जबकि हमारा सुप्रीम कोर्ट स्वयं कह चुका हैं कि लिव इन रिलेशन वैध और सहमति पर आधारित है। आदिवासी समाज में यह तो और भी गहराई से सामाजिक और नैतिक स्तर पर स्वीकृत है। आदिवासी समाज में तलाक या संबंध विच्छेद सामाजिक रूप से मान्य हैं ।

यदि संबंध टूट भी जाता है तो सामाजिक दंड नहीं बल्कि नई व्यवस्था स्वीकार होती हैं। स्त्री पुनः विवाह कर सकती है और उसे कौमार्य जैसे मापदंडों पर नहीं परखा जाता हैं। बच्चे को पिता का नाम देना आवश्यक नहीं होता, वह मां के पहचान से चलता है। परंतु हमारे तथाकथित आधुनिक समाज में तलाक या वैधव्य के बाद स्त्रियों का जीवन कठिनाइयों से भर जाता हैं। उसके पुनर्विवाह में भी उसे दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं और समाज के पूछे जाने वाले निराधार प्रश्नों से रूबरू होना उसकी दिनचर्या बन जाता है।

आज समाज को यह स्वमूल्यांकन करने की आवश्यकता हो गई है कि परंपराएं तब तक ही कारगर हैं जब तक वे सामाजिक संतुलन बनाए रखें और व्यक्तियों के अधिकारों का सम्मान करें। अगर हम इन अपराधों की जड़ों तक पहुंचना चाहते है तो हमें स्त्रियों के चरित्र पर लांछन लगाने और दोषारोपण से हट कर यह समझना होगा कि यदि विवाह को केवल सामाजिक दायित्व समझकर, व्यक्ति की भावनाओं की उपेक्षा करते हुए आगे बढ़ाया जाएगा तो वह बंधन नहीं, बंधनकारी बन जाता है। तलाक को सामाजिक कलंक के रूप में देखना, महिलाओं की यौन स्वतंत्रता या भावनात्मक असंतोष को अनदेखा करना और पुरुष प्रधान पारिवारिक ढांचे में संवाद का अभाव ही ये सभी पारंपरिक सोच की ऐसी कमजोरियां हैं, जिन्हें अब पुनः विचारना समय की आवश्यकता है।

(लेखिका भोपाल में शिक्षाविद हैं)

# आत्मबल के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाएं



संकलित

दर्शन

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है। आत्मबल से युक्त व्यक्ति कभी हताश-निराश नहीं होता है।

# भगवान को धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## सटाका




## आज की पाती

### फर्जी एप्स से बचें

हमारे देश में विभिन्न कंपनियों ने एप्स के जरिए लोन देने की व्यवस्था की है, ताकि लोगों को आसानी से घर बैठे ही कुछ मिनटों में लोन उपलब्ध हो सके। लेकिन कुछ फर्जी एप्स भी हो सकते हैं। इसके लिए जागरूकता बहुत जरूरी है, ताकि किसी फर्जी एप्स के जरिए लिया गया लोन मुसीबत न बने। जब किसी को आर्थिक संकट आता है, या जब किसी का कोई परिवारजन बीमार होता है या जब किसी गरीब या मिडल क्लास के बच्चे की पढ़ाई का खर्चा पूरा न हो रहा हो या किसी व्यापारी को व्यापार के लिए धन की जरूरत हो तो ऐसे में इन सभी को सरकारी बैंकों या अन्य उचित एप्स से लोन आसानी से न मिल रहा है, तो ऐसे वर्ग के लोग फर्जी लोन एप्स के जंजाल में फंस जाते हैं और मुसीबत में पड़ जाते हैं। इसलिए सरकार को इन फर्जी एप्स से कड़ाई से निपटना चाहिए।

*– मनोज पटेल, धमतरी*

## ट्रेंड

### साइप्रस सरकार का आभार



'द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मैकारियोस III' से सम्मानित करने के लिए मैं साइप्रस सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। यह मेरा नहीं है, 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। मैं यह पुरस्कार भारत और साइप्रस की चिरस्थायी मित्रता को समर्पित करता हूं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### स्वास्थ्य सेवाएं जारी रहेंगी



गाजा में संचालित सबसे बड़े स्वास्थ्य कर्मियों में से एक है जो वर्तमान में 15,000 दैनिक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान करता है। स्वास्थ्य टीमें जबरन विस्थापन और महत्वपूर्ण संसाधनों की कमी से घिरे समुदायों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना जारी रखती हैं।

**-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### मोदी का गहरा वैश्विक प्रभाव



भारत के किसी भी प्रधानमंत्री का वैश्विक स्तर पर इतना गहरा प्रभाव नहीं रहा। यह कहानी सिर्फ़ एक नेता की नहीं है; यह विश्व मंच पर भारत की आर्थिक ताकत, रणनीतिक स्पष्टता को दर्शाती है। यह 140 करोड़ भारतीयों ने पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्वास से संभव हुआ है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली**

### सही चीज चुनना जरूरी



खुशी आपके खुद से बात करने के तरीके, आपके कार्यों के आपके मूल्यों के अनुरूप होने से बनती है। सच्ची खुशी अधिक पाने में नहीं है- बल्कि कम की जरूरत, आभारी होना और अपने लिए सही चीज चुनना है।

**-हर्ष गोयनका उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# चीन ने कहा, हमारा परमाणु भंडार न्यूनतम स्तर पर




चीन ने अपने तेज़ी से बढ़ते परमाणु हथियार भंडार को लेकर सफाई दी है कि यह अब भी उसकी न्यूनतम आवश्यकताओं के अनुरूप ही है। चीन ने हालांकि अमेरिका और रूस की बराबरी करने के लिए परमाणु होड़ में शामिल होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि वह परमाणु हथियारों की किसी दौड़ में शामिल नहीं है, बल्कि उसकी नीति न्यूनतम प्रतिरोध की है। जानकारी के मुताबिक, चीन हर साल 100 से अधिक नए परमाणु हथियार तैयार कर रहा है और अब उसके पास कुल मिलाकर करीब 600 परमाणु हथियार हो चुके हैं। एक स्वीडिश विचारक संस्था द्वारा सोमवार को जारी 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' के अनुसार, बीजिंग ने 2023 से प्रत्येक वर्ष अपने परमाणु भंडार में 100 अतिरिक्त हथियार जोड़े हैं। उसके मुताबिक, वर्तमान में इसके पास कम से कम 600 हथियार हैं, और ऐसी आशंका है कि यह संख्या "आने वाले दशक में बढ़ती रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है, "चीन के पास दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ता परमाणु शस्त्रागार है" जहां अधिकांश चीनी परमाणु आयुध को उनके लॉन्चर्स से अलग रखा गया है, वहीं माना जा रहा है कि चीन अब सीमित संख्या में मिसाइलों पर परमाणु हथियार तैनात करना शुरू कर रहा है।

## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान



श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# सुरक्षित हवाई सेवाओं को निर्धारित करने वाली तीनों एजेंसियों में 53 फीसदी तक पद खाली

लंदन जा रहा एअर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 270 से अधिक लोगों की मौत हुई। दुर्घटना की जांच के लिए गठित की गई उच्च स्तरीय समिति ने नागरिक उड्डयन सुरक्षा को लेकर चर्चा की

## कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने उठाये सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय के ऐसे विभागों में लंबे समय से खाली पड़े पदों का मामला उठाया है जिनका मूल काम है सुरक्षित हवाई यात्रा के लिए तमाम उपाय करना, तय समय सीमा में उसे लागू कराना। खाली पड़े पदों पर संसदीय समितियों ने भी वक्त वक्त पर मंत्रालय से जवाब तलब कर उनका ध्यान आकृष्ट किया है लेकिन फिर भी बहुत कुछ हुआ नहीं।

अहमदाबाद एयर इंडिया हादसे के बाद फिर से सवाल उठने लगे हैं कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए), नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस), और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) में कर्मचारियों की कमी पर आखिर कुछ करती हुई केंद्र सरकार क्यों नहीं दिख रही? इस ओर आखिर मंत्रालय की चिंता क्यों नहीं है? व्यक्त की गई है। यह मुद्दा हाल ही में अहमदाबाद में हुई एक भयावह हवाई दुर्घटना के बाद और भी गंभीर हो गया है। जयराम रमेश ने केंद्र सरकार से पूछा है कि डीजीसीए, बीसीएएस और एएआई में कर्मचारियों की भारी कमी आखिर क्यों रखी गई है जिससे विमानन सुरक्षा और नियामक निगरानी प्रभावित हो रही है। इस संदर्भ में गत 25 मार्च को ही संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट संसदीय पटल पर रखी है। आंकडे इस बात की गवाही दे रहे हैं कि डीजीसीए में 53 फीसदी पद खाली हैं। संवेदनशील काम के लिए खाली पदों की इतनी बडी संख्या हैरान करने वाली है। विदित हो कि विमानन नियमों, सुरक्षा मानकों, और रखरखाव की समूची निगरानी के लिए डीजीसीए जिम्मेदार है। इतने बड़े पैमाने पर रिक्तियां नियामक निरीक्षण और सुरक्षा प्रवर्तन को जाहिर तौर पर कमजोर कर सकती हैं। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो में 35 फीसदी पद खाली हैं। ब्यूरो हवाई अड्डों और उड़ानों की सुरक्षा के लिए मानक निर्धारित करने और उनकी निगरानी करने का कार्य करता है। कर्मचारियों की कमी से सुरक्षा उपायों का प्रभावी कार्यान्वयन प्रभावित हो सकता है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में 17 फीसदी पद रिक्त हैं।

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में 17 फीसदी पद रिक्त हैं**



### रिक्तियां हवाई अड्डों के सुचारू संचालन में बाधा डाल रही

एएआई हवाई अड्डों के संचालन और बुनियादी ढांचे के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है। रिक्तियां हवाई अड्डों के सुचारू संचालन और सुरक्षा प्रोटोकॉल को लागू करने में बाधा डाल सकती हैं। संसदीय समिति ने इन रिक्तियों को जल्द से जल्द भरने और दीर्घकालिक कार्यबल नियोजन रणनीति अपनाने की सिफारिश की थी, ताकि सुरक्षा और सेवा मानकों से समझौता न हो। हालांकि, इन सिफारिशों पर कार्रवाई में देरी ने विमानन क्षेत्र की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं। जयराम रमेश ने भी ऐसे सवालों पर केंद्र को तुरंत एक्शन लेने की वकालत की है।

### नियामक ढांचे पर गंभीर सवाल उठाए

उल्लेखनीय है कि गत 12 जून को, अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद मेघानी नगर के रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में 242 यात्रियों और चालक दल के 12 सदस्यों में से 241 लोगों की मौत हो गई, जिसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी शामिल थे। केवल एक यात्री, ब्रिटिश नागरिक विश्वाशकुमार रमेश, जीवित बचे। इसके अतिरिक्त, विमान के मलबे से बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल और क्वार्टर में मौजूद कम से कम 33 लोगों की भी जान चली गई। इस दुर्घटना ने भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और नियामक ढांचे पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

## खबर संक्षेप

### सांसद अशोक यादव का लापता बेटा बरामद

**पटना।** मधुबनी से भाजपा सांसद अशोक यादव के लापता बेटे को पुलिस ने बरामद कर लिया है।



दरभंगा सदर के एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम विभूति की तलाश में लगातार जुटी हुई थी। घर से लेकर अलग-अलग जगहों पर स्थित सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, जिसके बाद उसे खोज निकाला।

### वाड्रा को आज ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने रॉबर्ट वाड्रा को फिर से समन जारी किया है और 17 जून को पूछताछ के लिए बुलाया है।



मनी लॉन्ड्रिंग के केस में एजेंसी प्रियंका गांधी वाड्रा के पति से पूछताछ करना चाहती है। यह मामला ब्रिटेन में बसे हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़ा है और उससे रॉबर्ट वाड्रा के लिंक बताए जाते हैं।

### ट्रेन में आग, फंसे युवक को सुरक्षित निकाला


**पुणे।** पुणे से दौंड जा रही शटल ट्रेन में अचानक आग लग गई। अचानक धुआं देखकर ट्रेन में



अफरातफरी मच गई। आग ट्रेन के टॉयलेट में लगी थी। इस वजह से एक व्यक्ति शौचालय में ही फंस गया दरवाजा अंदर से लॉक हो गया था। यात्री की चीखें यात्रियों ने दरवाजा तोड़ा और उस व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

### प्रीत जट्टी को मिल रही धमकियां, शिकायत की

**नई दिल्ली।** यूट्यूबर प्रीत जट्टी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर खुद की जान को खतरा होने का संदेह



जताया। उसने बताया कि विदेशी नंबर से उसको फोन कर धमकाया गया। हालांकि शनिवार की बाद दोपहर उक्त पोस्ट डिलीट कर दी गई। इसके बाद पुलिस इस तरह की धमकियों पर नजर रख रही है।

## इस बार मोबाइल एप के जरिए होगी जनगणना

# 35 लाख कर्मचारी 1 अक्टूबर 26 से शुरू करेंगे जनगणना और जातिगत गणना

जनगणना और जातिगत गणना का नोटिफिकेशन जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जनगणना और जातिगत गणना होने जा रही है। रविवार को लंबी चली बैठक के बाद गृह मंत्रालय ने सोमवार सुबह जनगणना अधिनियम 1948 के तहत जनगणना और जातीय गणना के लिए राजपत्र अधिसूचना (नोटिफिकेशन) जारी कर दिया। जनगणना मोबाइल ऐप के जरिए होगी। जनगणना और जातिगत गणना की प्रक्रिया चलेगी और इसमें मोबाइल ऐप का इस्तेमाल कैसे किया जाएगा। जनगणना की पूरी प्रक्रिया 1 मार्च 2027 तक खत्म हो जाएगी, जो लगभग 21 महीनों में पूरी होगी। जनगणना का प्राइमरी डेटा मार्च 2027 में जारी हो सकता है, जबकि डिटेल जारी होने में दिसंबर 2027 तक का समय लगेगा। इसके बाद साल 2028 से लोकसभा और विधानसभा सीटों का परिसीमन शुरू होगा। वैसे तो यह जनगणना साल 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी के चलते उसे टाल दिया गया था। यह 16वीं जनगणना है, जबकि आज़ादी के बाद 8वीं जनगणना है। रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की थी। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और भारत के रजिस्ट्रार जनरल मृत्युंजय कुमार नारायण के अलावा कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे थे। गृह मंत्रालय की ओर से जनगणना के बारे में बताया गया है कि जनगणना मोबाइल ऐप से की जाएगी।

*जनगणना 2 चरणों में होगी और मार्च 2027 में इसका डेटा जारी होगा। कहा जाए तो एक से डेढ़ साल का समय जनगणना करने में लगेगा।*

**प्राइमरी डेटा मार्च 2027 में जारी हो सकता है डिटेल दिसंबर 2027 तक आएगी**

**2021 में होनी थी जनगणना कोरोना के चलते टाला**

**आज़ादी के बाद 8वीं और यह 16वीं जनगणना है**




### दो चरणों में होगी जाति और जनगणना

डिजिटली सेंसस करने के लिए करीब 35 लाख कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। 1.3 लाख पदाधिकारी जनगणना में सहयोग करेंगे। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड में 1 अक्टूबर 2026 तक जनगणना चलेगी। बाकी हिस्सों में 1 मार्च 2027 से गणना होगी। देश में दो चरणों में जनगणना कराई जाएगी। इसमें सामान्य जनगणना के साथ-साथ जातीय जनगणना भी शामिल होगी। पहला चरण 1 अक्टूबर 2026 से शुरू होगा, जबकि दूसरा चरण 1 मार्च 2027 से देश के बाकी राज्यों में प्रारंभ किया जाएगा। पहले चरण में मकान सूचीकरण, प्रत्येक परिवार की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। दूसरे चरण (जनसंख्या गणना) में घर के हर व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक विवरण एकत्र किए जाएंगे।

### इस तरह पूछे जाएंगे सवाल

जनगणना का कार्यक्रम जितना दिखता है, उतना आसान नहीं है, क्योंकि यह सिर्फ भारत में रहने वाले लोगों की गिनती नहीं है। वृहद तौर पर देखा जाए तो यह भारत में कई पहलुओं को जानने का भी अवसर बनता है। मसलन देश में कितनी आबादी है, इसमें पुरुषों-महिलाओं की जनसंख्या कितनी है? साक्षरता दर कितनी है? किस धर्म के कितने लोग भारत में बसते हैं? भारत में प्रजनन दर कितनी है? अलग-अलग वर्गों की आर्थिक स्थिति कैसी है, आदि। यानी जनगणना लोगों की गिनती ही नहीं, बल्कि समाज के मूलभूत ढांचे को समझने का भी जरिया है।

### आप खुद को कर सकेंगे रजिस्टर

जनगणना के लिए मोबाइल ऐप तैयार किए जाएंगे और उसी में जनगणना से जुड़ी सभी जानकारी एकत्र की जाएगी। ऐप 16 भाषाओं में उपलब्ध होंगे। कमाल की बात है कि इसमें नागरिकों के लिए स्व-गणना (सेल्फ-एन्यूमरेशन) की सुविधा भी उपलब्ध होगी। स्व-गणना में आप स्वयं अपने या अपने परिवार के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। इसमें किसी जनगणनाकर्ता का सीधे हस्तक्षेप नहीं होता है।

### जनगणना की शुरुआत 1881 में हुई थी

देश में जनगणना की शुरुआत 1881 में हुई थी। पहली बार हुई जनगणना में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी हुए थे। इसके बाद हर दस साल पर जनगणना होती रही। 1931 तक की जनगणना में हर बार जातिवार आंकड़े भी जारी किए गए। 1941 की जनगणना में जातिवार आंकड़े जुटाए गए थे, लेकिन इन्हें जारी नहीं किया गया। आजादी के बाद से हर बार की जनगणना में सरकार ने सिर्फ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के ही जाति आधारित आंकड़े जारी किए। अन्य जातियों के जातिवार आंकड़े 1931 के बाद कभी प्रकाशित नहीं किए गए।

## भाजपा ने कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

# कांग्रेस सामाजिक न्याय का ढोंग सिर्फ सामाजिक विभाजन के लिए करती है: भूपेंद्र यादव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा ने कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के दोबारा जातिगत जनगणना कराने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के साथ धोखा किया है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि पिछली गणना पर 165 करोड़ रुपए से अधिक सार्वजनिक धन खर्च हुआ। दोबारा जनगणना कराने पर जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सामाजिक न्याय का ढोंग सिर्फ चुनावी उद्देश्यों के लिए सामाजिक विभाजन के लिए करती है।

भाजपा नेता भूपेंद्र यादव ने कहा कि इस देश में ओबीसी समाज के साथ कांग्रेस ने हमेशा धोखा किया है। अगर कांग्रेस के मन में कभी सच्चाई रही होती, तो काका कालेलकर कमीशन की रिपोर्ट आने के बाद कांग्रेस ने कोई दूसरा कमीशन ही नहीं बनाया। देश से जब कांग्रेस की सत्ता गई तब मंडल कमीशन को बनाया। उन्होंने कहा कि जनता पार्टी के जाने के बाद भी मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू नहीं हुई। जब देश से दोबारा कांग्रेस की सत्ता गई, तब मंडल कमीशन लागू हुआ। मंडल आयोग वैधानिकता को सर्वोच्च न्यायालय ने जब स्वीकार किया, तो ओबीसी कमीशन को दंतविहीन बनाने का काम कांग्रेस ने किया। 2014 में जब देश से कांग्रेस की सत्ता गई और नरेंद्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने तब ओबीसी आयोग को सांविधानिक दर्जा मिला। जातिगत जनगणना में तेलंगाना मॉडल अपनाने की कांग्रेस की मांग पर भूपेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में इस मॉडल को क्यों नहीं अपनाया? उन्होंने कहा कि कांग्रेस के आंतरिक विरोधाभास उजागर हो गए हैं और यह पार्टी सामाजिक न्याय को लेकर वास्तविक प्रतिबद्धता नहीं रखती, बल्कि चुनावी लाभ के लिए ऐसे राजनीतिक हथकंडे अपनाती है।

### दलितों के साथ अन्याय हुआ

उन्होंने राजद प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से भी माफी की मांग की। उन्होंने लालू यादव के जन्मदिन पर दलित आइकन भीमराव आंबेडकर की तस्वीर को उनके पैरों के पास रखने का आरोप लगाया। यादव ने आरोप लगाया कि लालू के शासनकाल में अति पिछड़ा वर्ग और दलितों के साथ सबसे अधिक अन्याय हुआ। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस का रिसर्वे एक पॉलिटिकल कवर है। जो कांग्रेस, समाज के कुछ लोगों को भरमाने के लिए और कुछ को तुष्टिकरण की राजनीति में लाने के लिए कर रही है।

## ममता का भाजपा पर आरोप

# बंगाली बोलने वाले भारतीयों को बांग्लादेशी बताया जा रहा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सीएम ममता



बेनर्जी ने सोमवार को भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया। ममता बेनर्जी ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वाले नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। उनको बांग्लादेशी बताकर गलत कार्रवाई की जा रही है। आलम यह है कि जिन बंगालियों के पास वैध दस्तावेज हैं, उनको भी अवैध बांग्लादेशी प्रवासी कहा जा रहा है। इसके बाद भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। ममता ने कहा कि भाजपा को शर्म आनी चाहिए कि वे वास्तविक भारतीय नागरिकों को सिर्फ उनकी भाषा के आधार पर बांग्लादेशी बता रहे हैं। बंगाली के साथ-साथ गुजराती, मराठी और हिंदी में बोलने में भी गर्व महसूस होना चाहिए। अगर आप मुझसे पूछें तो मैं इन सभी भाषाओं में बोल सकती हूं। भारतीयों को उनके द्वारा बोले गए शब्दों के कारण बांग्लादेशी बता रहे हैं।

## केंद्र की नीतियां रंग ला रहीं

# वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच महंगाई दर घटी, मिलेगी राहत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत की थोक महंगाई दर घटकर 0.39 फीसदी पर आ गई। जो मार्च 2024 के बाद सबसे निचला स्तर है। इस साल के अप्रैल के 0.85 फीसदी की तुलना में उल्लेखनीय कमी को दर्शाता है। इस गिरावट का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं, विशेष रूप से सब्जियों, प्याज और दालों की कीमतों में कमी, साथ ही ईंधन और बिजली क्षेत्र में अपेक्षाकृत स्थिति मांग और आपूर्ति के फार्मूले पर सुधरी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों इस बात की गवाही दे रहे हैं कि लोगों की थाली पहले से सस्ती होगी। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में राहत के आसार हैं। थोक खाद्य महंगाई दर मई में घटकर 1.72 फीसदी हो गई, जो अप्रैल में 2.55 फीसदी थी। जिससे थोक महंगाई दर को नियंत्रित करने में मदद मिली। सब्जियों की जान माने जाने वाले आलू, प्याज और टमाटर की कीमतों में कमी दर्ज की गई। मगर, मूल्य फिर भी स्थिर रखने में केंद्र सरकार कामयाब रही है। महंगाई की वजह से थाली से गायब हो रही दालों की महंगाई दर भी 10.41 फीसदी से घटकर 5.57 फीसदी हो गई।

## 21 बंदूकी की सलामी: रूपाणी हुए विदा



### शाह समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी को सोमवार शाम 21 बंदूकों की सलामी दी गई। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल, गुजरात के मुख्यमंत्री-राज्यपाल समेत दूसरे नेता रूपाणी के घर पहुंचें और श्रद्धांजलि दी। रूपाणी का पार्थिव शरीर उनके राजकोट वाले घर प्रकाश सोसाइटी (निर्मला रोड) में रखा गया था। जहां अंतिम दर्शन किए। पार्थिव देह को रामनाथ परा श्मशान घाट ले जाया गया, जहां अंतिम किया गया।

## ईडी ने कोलकाता से किया गिरफ्तार

# आधार से पासपोर्ट तक, पाकिस्तानी ने बना डाले कई भारतीय पहचान पत्र!

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता की गलियों में एक ऐसा व्यक्ति वर्षों से खुलकर रह रहा था, जिसकी सच्चाई जानकर जांच एजेंसियां भी हैरान रह गईं। वह दिखने में आम इंसानों जैसा था, लेकिन असल में वह एक गहरी साजिश का हिस्सा था। झूठी भारतीय पहचान के सहारे भारत में घुसा यह व्यक्ति न केवल फर्जी दस्तावेज बनवाने का मास्टरमाइंड निकला, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय हवाला नेटवर्क भी चला रहा था। आजाद मलिक नाम का यह पाकिस्तानी नागरिक, जिसने आधार से लेकर भारतीय पासपोर्ट तक हासिल कर रखा था। सेंध लगाकर बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग और जालसाजी करता रहा। अब प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई से उसकी असलियत सबके सामने आ गई है। उसने अहमद हुसैन आजाद और आजाद हुसैन के नाम से भी अपनी पहचान बना रखी थी।



■ बांग्लादेशियों के लिए बनवाता था फर्जी दस्तावेज

### फोन से मिला पाकिस्तानी ड्राइविंग लाइसेंस

ईडी को मलिक के मोबाइल फोन से 1994 में जारी एक पाकिस्तानी ड्राइविंग लाइसेंस मिला, जिसमें उसका नाम 'आजाद हुसैन' और फोटो 'अजाद मलिक' के रूप में थी। इस लाइसेंस में उसका स्थायी पता पाकिस्तान का और जन्मतिथि 14 अगस्त 1971 दर्ज थी। लाइसेंस हैदराबाद (पाकिस्तान) के एक प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया था।

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने राहत बलों की जमकर की तारीफ, बोले

# आपदा प्रबंधन में भारत वैश्विक नेता बनने के है नजदीक

*बीते 10 साल में इन संस्थाओं के कामों और जज्बे के दम पर भारत आगे बढ़ा है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपदा राहत बलों के जज्बे और कामों की सराहना की। दिल्ली में आपदा राहत बलों के आयुक्तों के सम्मेलन में अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन (सीडीआरआई) के कामों की बदौलत भारत आपदा प्रबंधन में वैश्विक नेता बनने के करीब पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि बीते 10 साल में इन संस्थाओं के कामों और जज्बे के दम पर भारत आगे बढ़ा है। एनडीएमए ने नीतिगत मामलों को तय करने, शोध, स्टडीज को लोगों तक पहुंचाने, एप बनाने और



समग्र समन्वय का बढ़िया काम किया है। एनडीआरएफ ने त्वरित आपदा राहत कार्यों को अंजाम देकर अपनी अच्छी छवि बनाई और सम्मान भी कमाया है। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ की संरचना में एसडीआरएफ ने भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। सीडीआरआई के माध्यम से हमने वैश्विक स्तर पर बहुत प्रसिद्धि और स्वीकृति भी प्राप्त की है। अमित शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों को भारत के संक्रमण काल के रूप में याद किया जाएगा जहां क्षमता, गति, दक्षता और सटीकता के क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की गईं।

### जिला आपदा प्रबंधन योजना बनेगी

अमित शाह ने कहा कि हमने भागीदारी बढ़ाई है। केंद्र, राज्य और स्थानीय सरकारें सामूहिक रूप से आपदा के खिलाफ खड़ी हैं। इससे साफ है कि जब स्थानीय निकाय, जनता, राज्य सरकार, केंद्र सरकार, सभी विभाग, वैज्ञानिक और सुरक्षाकर्मी, सभी मिलकर काम करते हैं, तो हम बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। हमने बहुआयामी दृष्टिकोण को भी नीति के रूप में स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि हम 90 दिनों के भीतर अपने-अपने राज्यों में प्रत्येक जिले के लिए जिला आपदा प्रबंधन योजनाएं बनाने का काम पूरा कर लेंगे। जब तक जिला आपदा प्रबंधन योजना नहीं होगी, तब तक आपदा प्रबंधन से तेजी से लड़ना संभव नहीं है। सभी मिलकर बिजली और वज्रपात के खिलाफ एक राज्य-स्तरीय कार्य योजना बनाएं। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इसे 90 दिनों के भीतर केंद्र के साथ साझा करना चाहिए। कई राज्यों में घटना प्रतिक्रिया प्रणाली अभी भी लागू नहीं हुई है।



कैलाश मानसरोवर यात्रा

# 5 साल बाद रवाना हुआ 35 श्रद्धालुओं का जत्था आईटीबीपी और पर्यटन विभाग ने दिखाई हरी झंडी

एजेंसी ▶▶ गंगटोक

कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 लगभग पांच साल के बाद फिर से शुरू हो गई है। सोमवार को सिक्किम के रास्ते कैलाश मानसरोवर के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना कर दिया गया है। यह धार्मिक यात्रा अगस्त 2025 तक चलेगी यानी केवल 3 महीने तक। देशभर से आए 35 श्रद्धालुओं ने सोमवार को गंगटोक से नाथुला के रास्ते 18वें माइल अनुकूलन केंद्र के लिए यात्रा शुरू की। कैलाश मानसरोवर के श्रद्धालुओं को भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस और सिक्किम पर्यटन विकास निगम के अधिकारियों ने सोमवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 35 श्रद्धालु रविवार शाम को गंगटोक पहुंचे। ये श्रद्धालु 20 जून को तिब्बत में प्रवेश करेंगे। नाथुला के रास्ते तिब्बत में प्रवेश से पहले 18वें माइल और शेरथांग में दो अनुकूलन केंद्रों पर ठहरेंगे।

*इस साल कैलाश मानसरोवर के लिए 15 बैच रवाना होने हैं, जिसमें हर बैच में 50 यात्री शामिल रहेंगे। 5 बैच उत्तराखंड राज्य से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए और 10 बैच सिक्किम से नाथुला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। यात्रा जून से अगस्त 2025 के दौरान आयोजित की जाएगी*

गंगटोक से 20 जून को तिब्बत में करेंगे प्रवेश | *18वें माइल और शेरथांग दो स्थानों पर ठहरेंगे*

### हर बैच के साथ आईटीबीपी का एक डॉक्टर

सिक्किम पर्यटन विकास निगम के सीईओ राजेंद्र छेत्री ने कहा कि आईटीबीपी की ओर से ब्रीफिंग की गई है। उन्हें दिल्ली से लेकर नाथुला तक यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने में बहुत गर्व है। इस बैच में 35 यात्री हैं। उनके साथ एक डॉक्टर भी है, जो आईटीबीपी से हैं। इससे कुल संख्या 36 है। इस साल कैलाश मानसरोवर के लिए 15 बैच रवाना होने हैं, जिसमें हर बैच में 50 यात्री शामिल रहेंगे। 5 बैच उत्तराखंड राज्य से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए और 10 बैच सिक्किम से नाथुला दर्रे को

### ऑनलाइन आवेदन के आधार पर चयन हुआ

विदेश मंत्रालय के अनुसार, केएमवाईडॉटजीओवीडॉटइन वेबसाइट पर आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। साल 2015 के बाद से ऑनलाइन आवेदन होते हैं। कंप्यूटरीकृत प्रक्रिया के जरिए ही यात्रियों के रूट और बैच तय होते हैं, जिसमें बाद में आमतौर पर बदलाव नहीं होता। हालांकि जरूरी होने पर चयनित यात्री बैच में परिवर्तन के लिए अनुरोध कर सकते हैं, लेकिन ये परिवर्तन खाली स्थान उपलब्ध होने पर ही किया जाता है।

धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

### भगवान शिव का निवास है कैलाश पर्वत

*कैलाश मानसरोवर यात्रा अपने धार्मिक मूल्य और सांस्कृतिक महत्व के लिए जानी जाती है। भगवान शिव के निवास के रूप में हिंदुओं के लिए ये महत्वपूर्ण स्थान है। सिख पंथ, जैन और बौद्ध अनुयायियों के लिए भी कैलाश मानसरोवर यात्रा का धार्मिक महत्व है। इन सभी के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा आध्यात्मिक उन्नति और मोक्ष का मार्ग मानी जाती है। कैलाश पर्वत को भगवान शिव का निवास माना गया है, जहां वे माता पार्वती के साथ समाधि में स्थित रहते हैं। शिवलिंग के रूप में कैलाश पर्वत स्वयं प्रकृति द्वारा निर्मित शिव-स्वरूप है।*



## खबर संक्षेप

### खुफिया एजेंसी एमआई6 की चीफ बनीं ब्लेस

**लंदन।** ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी एमआई6 के प्रमुख के पद पर ब्लेस मेट्रेवेली की नियुक्ति हुई है। इस पद पर पहुंचने वाली वे पहली महिला अधिकारी हैं। 47 वर्षीय मेट्रेवेली, इससे पहले एमआई6 की तकनीकी शाखा की प्रमुख थीं, उन्हें कोड नेम क्यू से भी जाना जाता है। मेट्रेवेली ने साल 1999 में एमआई6 में काम शुरू किया था और अपने करियर के अधिकतर समय वे ऑपरेशनल भूमिकाओं में पश्चिम एशिया और यूरोप में तैनात रही हैं।



### दुर्घटनाग्रस्त हुआ हॉट एयर बैलून पायलट की मौत

**अंकारा।** मध्य तुर्किये में रविवार को दो हॉट एयर बैलून दुर्घटनाएं हुईं। एक हादसे में हॉट एयर बैलून के पायलट की मौत हो गई और 19 इंडोनेशियाई पर्यटक घायल हो गए। एक अन्य हादसे में 12 भारतीय पर्यटक मामूली रूप से घायल हो गए। सरकारी अनादोलु एजेंसी के अनुसार, इल्हारा घाटी के उसी स्थान से उड़ान भरने वाले एक अन्य हॉट एयर बैलून ने भी रविवार सुबह आपात लैंडिंग की। इसमें 12 भारतीय पर्यटक मामूली रूप से घायल हो गए।



## राष्ट्रपति निकोस के निमंत्रण पर साइप्रस गणराज्य पहुंचे थे पीएम मोदी

# दोनों देश पर्यटन, डिजिटल सेवाओं, शिपिंग रक्षा, ऊर्जा, एआई के क्षेत्र में बढ़ाएंगे सहयोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*भारत जल्द बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था*

*इंडिया-ग्रीस-साइप्रस बिजनेस एंड इन्वेस्टमेंट काउंसिल का गठन*

पहली बार साइप्रस के दौरे पर पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी का साइप्रस के निकोसिया स्थित राष्ट्रपति भवन में आधिकारिक स्वागत किया गया। साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के निमंत्रण पर पीएम मोदी दो दिवसीय साइप्रस की आधिकारिक यात्रा पर थे। पीएम मोदी ने साइप्रस के लिमासोल शहर में आयोजित बिजनेस राउंडटेबल के दौरान कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। पिछले 11 सालों में भारत ने तेज़ी से आर्थिक प्रगति की है।

पीएम मोदी ने बताया कि टैक्स सुधार, जीएसटी, कॉरपोरेट टैक्स में कटौती और व्यापार करने में आसानी जैसे कदमों ने भारत को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना दिया है। पीएम मोदी ने स्टार्टअप, डिजिटल क्रांति, एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी और इन्फ्रास्ट्रक्चर में हो रहे बदलावों पर जोर देते हुए कहा कि भारत निवेश के लिए एक शानदार मौका बन चुका है। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया के कुल डिजिटल लेनदेन का 50% सिर्फ यूपीआई के जरिए होता है और अब साइप्रस के साथ भी इसको जोड़ने की बातचीत चल रही है।

### साइप्रस भारत का भरोसेमंद साझेदार



पीएम मोदी ने साइप्रस को भारत का भरोसेमंद साझेदार बताया और पर्यटन, डिजिटल सेवाओं, शिपिंग, ऊर्जा और नागरिक उड्डयन जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत के कई उद्योग साइप्रस को यूरोप में प्रवेश का द्वार मानते हैं। उन्होंने 'इंडिया-ग्रीस-साइप्रस बिजनेस एंड इन्वेस्टमेंट काउंसिल' के गठन का स्वागत किया जो तीन देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने उम्मीद जताई कि साल के अंत तक भारत-ईयू फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर सहमति बन सकती है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार को नई रफ्तार मिलेगी। उन्होंने कहा कि बिजनेस राउंडटेबल में जो सुझाव मिले हैं, वे भारत और साइप्रस के बीच आर्थिक सहयोग का मजबूत रोडमैप तैयार करेंगे।

### दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते

पीएम नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने साइप्रस के निकोसिया में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। भारत और साइप्रस के बीच एनएसई इंटरनेशनल एक्सचेंज (गिफ्ट सिटी, गुजरात) और साइप्रस स्टॉक एक्सचेंज के बीच एक समझौता हुआ है। साथ ही, एनपीसीआई इंटरनेशनल और यूरोबैंक साइप्रस ने सीमा पार यूपीआई भुगतान के लिए समझौता किया है।

### यह युद्ध का युग नहीं

पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता व्यक्त करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह युद्ध का युग नहीं है। पीएम ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करने के लिए साइप्रस का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत-साइप्रस-ग्रीस साझेदारी शुरू की गई है। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा इस क्षेत्र में शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### साइप्रस और भारत के मध्य ऐतिहासिक

*राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलाइड्स ने अहमदाबाद विमान हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि हमारे बीच ऐतिहासिक मित्रता है और हम एक-दूसरे पर भरोसा करते हैं। हम एकजुट हैं। दोनों देशों के बीच संबंध हमारे साझा ऐतिहासिक अनुभव और मूल्यों पर आधारित हैं। हम शांति, संवाद, सहयोग, लोकतंत्र और अंतरराष्ट्रीय नियमों के सम्मान में विश्वास करते हैं। हम समुद्र के कानून में विश्वास करते हैं और अंतरराष्ट्रीय नियमों को बनाए रखने में विश्वास करते हैं। हमने विभिन्न क्षेत्रों में अपने द्विपक्षीय संबंधों और तालमेल को बढ़ाने पर चर्चा की। हम रक्षा सहयोग, संकट प्रबंधन, पर्यटन, नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर काम करना चाहते हैं। हम साथ मिलकर काम करने पर सहमत हुए ताकि हम ठोस परिणाम दे सकें।*

## पाकिस्तान की बढ़ेंगी और मुश्किलें...

# एफएटीएफ ने माना पहलगाम हमले के पीछे पैसा और आतंकी फंडिंग जिम्मेदार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद को वित्त-पोषित करने वाले तमाम स्रोतों पर नजर रखने वाली फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी हमले को लेकर उसने न केवल इस हमले की कड़ी निंदा की है। बल्कि यह भी स्वीकार किया है कि ये हमला बिना पैसे और आतंकी फंडिंग व नेटवर्क के संभव नहीं है।

इसके अलावा एफएटीएफ ने कहा कि अब वो आतंकवाद के वित्तपोषण से जुड़े तमाम सहयोगी देशों द्वारा उठाए गए ठोस कदमों पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। उधर, सिपरी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, परमाणु क्षमता के मामले में भारत की पाकिस्तान पर बढ़त बनी हुई है। भारत न केवल अपने परमाणु हथियारों की संख्या को बढ़ा रहा है। बल्कि उसके जखीरे में एडवांस परमाणु डिलीवरी सिस्टम भी शामिल हो रहे हैं। पिछले साल 2024 में भारत के परमाणु हथियारों की कुल संख्या 172 थी और मौजूदा वर्ष 2025 में यह बढ़कर 180 हो गए हैं।

FATF FINANCIAL ACTION TASK FORCE

### आतंक के खिलाफ लड़ाई सभी देशों की साझा जंग

एफएटीएफ प्रमुख एलिसा मद्राजो ने अपने एक बयान में इस बात का जिक्र किया था कि आतंकियों को केवल एक बार सफल होना होता है। लेकिन हमें उन्हें बार-बार रोकना होता है। आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई किसी देश, कंपनी या संस्था के खिलाफ नहीं है। यह सभी देशों की साझा जंग है। बता दें, पहलगाम आतंकी हमले में कुल 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या कर दी थी। इनमें 25 भारतीय और एक नेपाल का रहने वाला नागरिक था। हमले के तुरंत बाद पाकिस्तान में मौजूद लश्करे-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। वहीं, भारत लगातार वैश्विक संस्थाओं, संगठनों के समक्ष आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान को बेनकाब करने में लगा हुआ है।

### ग्रे लिस्ट को लेकर डोजियर की तैयारी

सूत्रों ने बताया कि भारत, पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालने की प्रक्रिया का आगाज करने वाला है। इसके लिए वह आगामी दो बैठकों (25 अगस्त की एशिया प्रशांत समूह, 20 अक्टूबर को एफएटीएफ की बैठक) के दौरान पाकिस्तान के आतंकी कनेक्शनों पर करारी चोट करने के लिए एक व्यापक डोजियर सौंप सकता है। जिसकी वर्तमान में तैयारी जारी है। गौरतलब है कि एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट के साथ पाकिस्तान का नाता बहुत पुराना है। सबसे पहले उसे 2008 में इसमें डाला गया था। लेकिन दो साल बाद 2010 में वह बाहर आ गया था। 2012 में फिर से एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में पाक को डाला गया।

पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति

# जयशंकर ने यूएई के डिप्टी पीएम व आर्मेनिया के विदेश मंत्री से की बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार को पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यूएई के डिप्टह पीएम एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नहयान से बात की।



विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति और कूटनीति की भूमिका पर संयुक्त अरब अमीरात के उप पीएम एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नहयान से फोन पर बात की।

जयशंकर ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारत मिर्जोयान से भी क्षेत्रीय घटनाओं और हमारे घनिष्ठ सहयोग पर चर्चा की। बता दें, पश्चिम एशिया में वर्तमान स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण और अस्थिर है, जो मुख्य रूप से इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य संघर्ष के कारण है।

### अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को नुकसान

*बीती रात ईरान ने इजराइल पर कई मिसाइलों से हमला किया। यह हमला सेंट्रल इजराइल में किया गया, जिसमें पांच लोगों की मौत हुई है और कई रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचा है। आपात सेवाओं ने बताया कि 92 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हमले में इजराइल के तेल अवीव में स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को भी नुकसान पहुंचा है। दरअसल ईरानी मिसाइल अमेरिका वाणिज्य दूतावास के नजदीक गिरी, जिसके असर से दूतावास में भी नुकसान हुआ। हालांकि किसी के घायल होने की खबर नहीं है। घटना के बाद पूरे दिन के लिए वाणिज्य दूतावास और यरूशलम स्थित दूतावास को एहतियातन बंद कर दिया गया।*

### ईरान के 80 ठिकानों पर हमला

*इजराइल ने बीती रात ईरान में 80 ठिकानों पर किया हमला। इस दौरान ईरानी सेना के ठिकानों और परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया। इजराइल ने ईरान के दो तेल डिपो और तेल से समृद्ध अहवाज इलाके में भी हमले किए। इजराइल ने तेहरान के पुलिस और रक्षा विभाग की इमारत पर भी हमला किया। उसने ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के खुफिया प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद काजमी और उनके डिप्टी हसन मोहाकिक को भी मार गिराया।*

## घुटनों पर आया बेबस पाकिस्तान

# भारत से बातचीत के लिए गिड़गिड़ाया अब बिलाबल बोले- युद्ध नहीं समाधान

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव के बीच पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत से एक बार फिर बातचीत शुरू करने की अपील की है। भुट्टो ने अपने ब्रसेल्स यात्रा के दौरान कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच के सभी विवादित मुद्दे सिर्फ व्यापक बातचीत के जरिए ही सुलझ सकते हैं। पूर्व विदेश मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वह भारत को बातचीत के लिए तैयार करे ताकि दक्षिण एशिया में स्थायी शांति लाई जा सके। वहीं,



पाकिस्तान की गुहार के बावजूद मामले में भारत ने अपना रुख साफ कर दिया है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि पाक से सिर्फ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) की वापसी और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर ही बातचीत संभव है। बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच 2003 में 'कॉम्पोज़िट डायलॉग' की शुरुआत हुई थी, जिसमें सभी बड़े मुद्दे शामिल थे, लेकिन 2008 के मुंबई हमलों के बाद यह प्रक्रिया रुक गई थी। दूसरी ओर, पाकिस्तान के बलूचिस्तान में विद्रोहियों ने धमाके से रेलवे ट्रैक उड़ा दिया, जिससे रेलवे का सबसे अहम रेल लिंक बाधित हो गया है।

## स्वदेशी रूप से डिजाइन जहाज 'अचल' लॉन्च



**पणजी।** भारतीय तटरक्षक बल के लिए गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में 60 फीसदी स्वदेशी सामग्री के साथ तैयार जहाज 'अचल' सोमवार को लॉन्च किया गया। पश्चिमी समुद्र तट के तटरक्षक कमांडर अनिल कुमार हरबोला की पत्नी कविता हरबोला ने 'अथर्ववेद' के मंत्रों के साथ जहाज का नामकरण किया। लॉन्चिंग समारोह में गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) के सीएमडी बृजेश कुमार उपाध्याय ने शिपयार्ड और विभिन्न उद्योगों के प्रयासों की सराहना की। जहाज की लंबाई 52 मीटर, चौड़ाई 8 मीटर, अधिकतम गति 27 नॉट्स, सीपीपी आधारित प्रणोदन प्रणाली और 320 टन का विस्थापन है। उन्नत फास्ट पैट्रोल पोत भारतीय तटरक्षक बल को अपतटीय संपत्तियों और द्वीप क्षेत्रों की रक्षा करने में मदद करेगा। प्राथमिक भूमिका सुरक्षा, निगरानी, नियंत्रण और निगरानी होगी।

## भारत-पाक तनाव के मद्देनजर फैसला

# सिख श्रद्धालुओं के जत्थे को पाक नहीं भेजेगी एसजीपीसी

एजेंसी ▶▶ अमृतसर



अमृतसर में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने महत्वपूर्ण फैसला लिया है। कमेटी ने महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर पाकिस्तान जाने वाले सिख श्रद्धालुओं का जत्था नहीं भेजने का निर्णय लिया है। एसजीपीसी सचिव प्रताप सिंह ने बताया कि शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि 29 जून को मनाई जा रही है।

इस अवसर पर पाकिस्तान जाने के लिए सिख श्रद्धालुओं ने अपने पासपोर्ट एसजीपीसी कार्यालय के यात्रा विभाग में जमा करवा दिए हैं। उन्होंने बताया कि हर साल एसजीपीसी महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि मनाने के लिए सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान भेजती है, लेकिन दोनों देशों में तनावपूर्ण माहौल और भारत सरकार द्वारा यात्रा पर लगाई गई पाबंदियों और जारी दिशा-निर्देशों को देखते हुए एसजीपीसी ने इस बार यह जत्था नहीं भेजने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु अधिक जानकारी के लिए शिरोमणि कमेटी के यात्रा विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

## भारत समेत 24 देशों की सेना कर रही हैं सैन्य अभ्यास 'ख़ान क्वेस्ट'

# विभिन्न देशों के साथ भारत के रणनीतिक संबंध होंगे मजबूत

एजेंसी ▶▶ उलानबटार

भारत और अमेरिका समेत 24 देशों की सेनाएं एक महत्वपूर्ण बहुराष्ट्रीय शांति स्थापना का सैन्य अभ्यास 'ख़ान क्वेस्ट' कर रही हैं। यह अभ्यास मंगोलिया के फाइव हिल्स ट्रेनिंग एरिया में चल रहा है। अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड के साथ साझेदारी में यह अभ्यास शांति स्थापना में सैन्य कौशल को निखारने के लिए 24 देशों की सैन्य टुकड़ियों को एक साथ लाया है। इस मल्टीनेशनल संयुक्त सैन्य अभ्यास में भारत व अन्य देशों की सेनाएं महत्वपूर्ण अभ्यास कर रही हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 'खान क्वेस्ट' सैन्य अभ्यास 28 जून 2025 तक चलेगा। इसका उद्देश्य विभिन्न देशों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना है। इसके अलावा यह अभ्यास इन 24 देशों को आपस में सीखने की प्रक्रिया के बारे में प्रोत्साहित करता है और बहुराष्ट्रीय समन्वय को मजबूती दे रहा है। इस अभ्यास के दौरान संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में कार्य संचालन और मानवीय राहत अभियानों का अभ्यास किया जा रहा है। संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में सिविल-मिलिट्री समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये सभी प्रशिक्षण गतिविधियां संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों के नियमों के तहत की जा रही हैं।

मंगोलिया के फाइव हिल्स ट्रेनिंग एरिया में चल रहा है अभ्यास | *संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में सिविल-मिलिट्री समन्वय पर हो रहा प्रशिक्षण*

### द्विपक्षीय सैन्य समझौतों को मिलेगी और मजबूती




*सेना का मानना है कि इस अभियान में भारत की सहभागिता उसके यूएन शांति रक्षा के समृद्ध अनुभव को दर्शाती है। वहीं, मंगोलिया के साथ भारत के रणनीतिक संबंधों को भी यह अभ्यास मजबूत कर रहा है। यह अभ्यास हाल ही में मंगोलिया में संपन्न हुए 'नोमैडिक एलीफैंट 2025' अभ्यास की सफलता पर आधारित है। नोमैडिक एलीफैंट से द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को और मजबूती मिली है। अभ्यास के दौरान भारतीय सैन्य दल विश्व के अन्य देशों की सेनाओं के साथ यथार्थ-आधारित परिदृश्यों में प्रशिक्षण कर रहा है। इससे न केवल विभिन्न देशों के बीच सामरिक समन्वय मजबूत होगा, बल्कि आपसी विश्वास, मित्रता और साझी प्रतिबद्धता की भावना को भी बल मिलेगा।*

### उलानबटार में 14 जून को हुआ था शुरू

बता दें, मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में स्थित फाइव हिल्स ट्रेनिंग एरिया में 14 जून को यह बहुराष्ट्रीय शांति रक्षा अभ्यास 'खान क्वेस्ट 2025' शुरू हुआ था। मंगोलियाई सशस्त्र बलों की ओर से यूएस इंडो-पैसिफिक कमान के सहयोग से आयोजित इस अभ्यास में 24 देशों की सैन्य टुकड़ियां भाग ले रही हैं। 'खान क्वेस्ट 2025' का मुख्य अभ्यास संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत शांति रक्षा अभियानों के लिए समन्वय एवं क्षमता निर्माण को सुदृढ़ करना है।

# महिला वनडे विश्व कप : भारत और पाकिस्तान के बीच 5 अक्टूबर को होगी जंग

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत का महिला एकदिवसीय विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच पांच अक्टूबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तटस्थ स्थल पर खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार इस विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की।

इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी और उसके बाद के मैचों के लिए स्वीकार किए गए 'हाइब्रिड मॉडल' के अनुसार कोलंबो को तटस्थ स्थल के रूप में जोड़ा गया है। भारत ने तब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी (पुरुष) के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से मना कर दिया था। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 भारतीय पर्यटकों के मारे जाने के बाद ऐसी अटकलें थीं कि क्या आईसीसी भारत और पाकिस्तान के बीच राउंड रोबिन मैच का आयोजन करेगा? आईसीसी पिछले काफी समय से अपने सभी आयोजनों में भारत बनाम पाकिस्तान मैच को शामिल करता रहा है।

### 30 सितंबर को भारत का पहला मैच

आईसीसी ने सोमवार को कार्यक्रम जारी कर हालांकि सभी संदेहों को दूर कर दिया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 30 सितंबर को बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ करेगा। यह इस विश्व कप का उद्घाटन मैच होगा। टीम इसी मैदान पर 26 अक्टूबर को शुरुआती चरण के अपने आखिरी मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगी। कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान हुई भगदड़ के बाद इस स्थल के मैचों की मेजबानी के अधिकार खोने की अफवाहों का खंडन हो गया।



### अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा पाकिस्तान

पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल के अनुसार अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा। भारत के खिलाफ मैच के अलावा टीम प्रेमदासा स्टेडियम में बांग्लादेश (दो अक्टूबर), ऑस्ट्रेलिया (आठ अक्टूबर), इंग्लैंड (15 अक्टूबर), न्यूजीलैंड (18 अक्टूबर), दक्षिण अफ्रीका (21 अक्टूबर) और श्रीलंका (24 अक्टूबर) के खिलाफ भी खेलेंगी।

### 2 नवंबर को फाइनल

पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट में पाकिस्तान की प्रगति पर निर्भर करेगा। दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में होगा जबकि फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में होगा। इसका फैसला भी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की स्थिति के मुताबिक होगा।

### राउंड-रॉबिन प्रारूप में मैच

भारत 2013 के बाद पहली बार इस वैश्विक आयोजन की मेजबानी कर रहा है। सभी आठ टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। इसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। मेजबान भारत के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका ने विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल किया जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश ने इस वर्ष की शुरुआत में लाहौर में क्वालीफायर के माध्यम से टूर्नामेंट में प्रवेश किया।




### भारत का कार्यक्रम

| दिनांक | टीमें | शहर |
|---|---|---|
| 30 सितंबर | भारत/श्रीलंका | बेंगलुरु |
| 5 अक्टूबर | भारत/पाकिस्तान | कोलंबो |
| 9 अक्टूबर | भारत/द.अफ्रीका | विशाखापत्तनम |
| 12 अक्टूबर | भारत/ऑस्ट्रेलिया | विशाखापत्तनम |
| 19 अक्टूबर | भारत/इंग्लैंड | इंदौर |
| 23 अक्टूबर | भारत/न्यूजीलैंड | गुवाहाटी |
| 26 अक्टूबर | भारत/बांग्लादेश | बेंगलुरु |

## खबर संक्षेप



### भारत की अंडर-23 पुरुष टीम घोषित


**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-23 पुरुष टीम के मुख्य कोच नौशाद मूसा ने सोमवार को ताजिकिस्तान और किर्गिज गणराज्य के खिलाफ आगामी मैत्री मैचों के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें सीनियर टीम के तीन खिलाड़ी भी शामिल हैं। अंडर-23 टीमः गोलकीपरः मोहम्मद अरबाज, प्रियांश दुबे, साहिल। डिफेंडरः विकास युमनाम, दिप्पेंदु बिस्वास, मुहम्मद साहीफ एपी, निखिल बारला, प्रमवीर, सुभम भट्टाचार्य, टेकचाम अभिषेक सिंह। मिडफील्डरः आयुष छेत्री, चिंगंगबाम शिवाल्डो सिंह, लालरेमत्लुआंगा फनाई, लालरिनलियाना हनामटे, मैकार्टन लुइस निकसन, मोहम्मद ऐमेन, विबिन मोहनन, विनिथ वेंकटेश। फॉरवर्डः जोसेफ सनी, मोहम्मद सनन के, पार्थिब सुंदर गोगोई, सुहैल अहमद भट, थिंगुजम कोरू सिंह।

### पांचवें स्थान पर रही टीम इंडिया एमजीडी1



**लंदन।** मुख्य रूप से भारतीय खिलाड़ियों से सजी टीम एमजीडी1 ने फिडे विश्व ब्लिट्ज टीम चैम्पियनशिप में टीम फ्रीडम को हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। इससे पहले उसने यहां टूर्नामेंट में रैपिड वर्ग का खिताब जीता था। डब्लूआर चेस ने काज़चेस को हराकर 2023 में यह प्रतियोगिता शुरू होने के बाद से अपना दूसरा ब्लिट्ज़ खिताब हासिल किया। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी की मौजूदगी वाली टीम एमजीडी1 ने पहले ही 16 टीमों के नॉकआउट में जगह बना ली थी। उसने पहले दौर में जेनरेशन एक्सवाइजेडए को 4-0 से हराया था।

### चेन्नई ओपन की डब्लूटीए 250 कैलेंडर में वापसी



**चेन्नई।** तमिलनाडु टेनिस संघ ने सोमवार को घोषणा की कि भारत तीन साल बाद डब्लूटीए 250 टूर्नामेंट चेन्नई ओपन की मेजबानी करेगा जिसका मुख्य ड्रॉ 27 अक्टूबर से शुरू होगा।
यह टूर्नामेंट पिछली बार 2022 में डब्लूटीए कैलेंडर में शामिल किया गया था जब चेक गणराज्य की लिंडा फ्रुहविर्टोवा एकल चैंपियन बनी थीं। टीएनटीए के अध्यक्ष विजय अमृतराज ने कहा, 'आखिरकार तमिलनाडु सरकार और एसडीएटी (तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण) के मजबूत समर्थन की बदौलत चेन्नई में एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल/टेनिस प्रतियोगिता को लाने के हमारे प्रयास सफल हुए।'

'केमिकल लगे तौलिये का इस्तेमाल' करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप

# अश्विन पर लगे गेंद से छेड़छाड़ के आरोप टीएनपीएल ने मदुरै पैंथर्स से मांगे सबूत

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु प्रीमियर लीग में आर अश्विन की अगुवाई वाली डिंडीगुल ड्रैगन्स के खिलाफ सीचम मदुरै पैंथर्स ने गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। आयोजकों ने 'मैच खत्म होने के बाद और अटकलबाजी की तरह लग रहे' आरोपों के लिए सबूत पेश करने का निर्देश दिया है। पैंथर्स ने ड्रैगन्स पर 14 जून को सलेम में हुए मैच के दौरान 'केमिकल (रसायन) लगे तौलिये का इस्तेमाल' करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। यह समझा जाता है कि इन तौलियों को राज्य क्रिकेट संघ ने गेंद के गीला होने पर उसे पोंछने के लिए मुहैया कराया था। गेंद को सुखाने का काम मैदानी अंपायरों की मौजूदगी में किया गया।

टीएनपीएल ने ऐसे में पैंथर्स से अपने आरोपों को 'पुष्ट' करने के लिए जल्द से जल्द सबूत पेश करने को कहा है। टीएनपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रसन्ना कन्नन ने पैंथर्स को भेजे ईमेल में लिखा, 'आरोप बाद में लगाए गए। यह बिना किसी सबूत के अटकलों पर आधारित लग रहे हैं। यह पूरी तरह से टीम के आंतरिक संचार पर आधारित प्रतीत होते हैं।' कन्नन ने आगे कहा कि मैच के दौरान या बाद में मैदानी अंपायरों या मैच रेफरी द्वारा कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। पता चला है कि टीएनपीएल इस मुद्दे पर चर्चा के लिए एक आंतरिक समिति गठित करने जा रहा है।



### सबूत नहीं मिले तो पैंथर्स पर लगेगा जुर्माना

कन्नन ने कहा, 'अगर दावों में कोई दम है तो हम एक स्वतंत्र समिति का गठन करेंगे। बिना पर्याप्त सबूत के किसी खिलाड़ी या फ्रेंचाइजी के खिलाफ ऐसे आरोप लगाना अनुचित है। अगर कोई सबूत पेश नहीं किया जाता है, तो मदुरै पैंथर्स को प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा।' प्रसन्ना ने यह भी स्पष्ट किया कि टीएनपीएल ने अंपायरों के सामने गेंद सुखाने के लिए लीग द्वारा उपलब्ध कराए गए तौलिये के इस्तेमाल की अनुमति दी है। यह निर्णय लीग के शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जो तमिलनाडु में मानसून के मौसम के साथ मेल खाता है।

### तौलिये के स्रोत की करें जांच

पैंथर्स के सीईओ महेश एस ने टीएनपीएल को पत्र लिखकर गत चैंपियन ड्रैगन्स द्वारा गेंद से 'स्पष्ट' छेड़छाड़ का दावा किया। अपने पत्र में महेश ने टीएनपीएल के शीर्ष अधिकारियों से तौलिये के स्रोत की जांच करने को भी कहा। सलेम क्रिकेट फाउंडेशन ग्राउंड में हुए इस मैच में ड्रैगन्स ने पैंथर्स को नौ विकेट से हराया।

### अश्विन को नहीं मिला विकेट

पहले बल्लेबाजी करते हुए पैंथर्स ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 150 रन बनाए। अश्विन को कोई विकेट नहीं मिला और उन्होंने अपने चार ओवर में 27 रन दिए। उन्होंने हालांकि सलामी बल्लेबाज के तौर पर बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों में 49 रन बनाए और ड्रैगन्स ने 12.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

### पहले भी विवाद में फंसे अश्विन

बता दें कि इससे पहले, 6 जून को एक मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के कारण अश्विन पर 30% मैच फीस का जुर्माना लगाया गया था। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। बता दें कि अश्विन ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था। आईपीएल में उन्होंने चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए खेला था, लेकिन उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था।

टेनिस

## क्वालीफायर मारिया ने 37 साल की उम्र में जीता क्वींस क्लब का खिताब



एजेंसी ▶▶| लंदन

जर्मन क्वालीफायर तात्याना मारिया ने विंबलडन के अभ्यास टूर्नामेंट क्वींस क्लब में जीत हासिल करके अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीतने के साथ खुद को 'क्वीन ऑफ क्वींस' साबित किया।

दो बच्चों की 37 वर्षीय मां मारिया ने लंदन में ग्रास कोर्ट पर खेले गए इस टूर्नामेंट के फाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 6-4 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए 500 खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 86वें नंबर की खिलाड़ी मारिया ने अपनी बेटियों चार्लोट और सेसिलिया तथा अपने पति और कोच चार्ल्स एडौर्ड मारिया के सामने जीत हासिल की।
मारिया ने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं एक अच्छा उदाहरण हूं कि मेरी उम्र में भी आप बड़ी ट्रॉफियां जीत सकते हैं। मुझे खुद पर बहुत गर्व है।' उन्होंने अपने चौथे डब्ल्यूटीए खिताब की राह में कैरोलिना मुचोवा, एलेना रयबाकिना और मैडिसन कीज़ सहित विश्व रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल चार खिलाड़ियों को हराया।

### भारत को अर्जेंटीना के खिलाफ जीत की उम्मीद



**लंदन।** यूरोपीय चरण की शुरुआत दो करीबी हार के साथ करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ लगातार दो मैच में वापसी करने के लिए बेताब है। सलीमा टेटे की अगुआई वाली भारतीय टीम सप्ताहांत हुए दो मैच में ऑस्ट्रेलिया से 1-2 और 2-3 से हार गई और उनके पास अर्जेंटीना की मजबूत टीम का सामना करने से पहले खुद को फिर से संगठित करने के लिए बहुत कम समय होगा। अर्जेन्टीना ने अब तक अपने 12 लीग मैच में से सात जीते हैं।

## जिला भोपाल में सुब्रत कब प्रतियोगिता बीयू में शुरू




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

शासकीय महाराणा प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जहांगीराबाद के तत्वाधान में जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भोपाल जिले के लगभग 15 विद्यालयों के बालक एवं बालिकाएं भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में 15 वर्ष बालक ,17 वर्ष बालक एवं 17 वर्ष बालिकाओं में खेल प्रतियोगिता कराई जाएगी। सोमवार को प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जिला एनके अहिरवार, मेजर ध्यानचंद शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी आलोक मिश्रा, खेल अधिकारी रवींद्र कौशिक, संयोजक प्राचार्य रजनी खारिया, जिला क्रीडा अधिकारी बबीता तोमर एवं डीएस धुर्वे, अजीत पाल गिल, सह संयोजक संजय बाबर, कैप्टन सुनील शुक्ला, देवेंद्र सिंह, विवेक गौड़, राजेश पटेल, राहतुल्ला खान आदि उपस्थित थे।



### आज के खेल प्रतियोगिता के परिणाम

15 वर्ष आयु वर्ग में बिलबोंग, सागर पब्लिक गांधीनगर, डीपीएस भोपाल एवं कमला देवी पब्लिक स्कूल अपने-अपने मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया । वही 17 वर्ष बालिका वर्ग में विंध्याचल एकेडमी,सेंट जोसेफ अरेरा कॉलोनी, सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर एवं सागर पब्लिक स्कूल गांधीनगर स्कूलों ने अपने-अपने मैच जीत कर सेमीफाइनल में जगह बनाई, 17 वर्ष बालक वर्ग में डीपीएस भोपाल, कमला देवी पब्लिक स्कूल , सागर पब्लिक स्कूल सकेत नगर , डीपीएस कोलार के खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को हराकर जीती टी20 श्रृंखला

**ब्रेडी।** वेस्टइंडीज ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया और आयरलैंड को 62 रन से हराकर बारिश से प्रभावित तीन मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीती। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एविन लुईस (91 रन) और कप्तान शाई होप (51 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 10.3 ओवर में 122 रन की साझेदारी की मदद से पांच विकेट पर 256 रन बनाए।



वेस्टइंडीज ने कुल 20 छक्के लगाए। लुईस ने आठ जबकि होप और कीसी कार्टी ने चार-चार छक्के लगाए। कार्टी ने 22 गेंदों पर नाबाद 49 रन का योगदान दिया। आयरलैंड इसके जवाब में सात विकेट पर 194 रन ही बना पाया। उसकी तरफ से रॉस अडायर (48 रन) और हैरी टेक्टर (38 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी की। पहला और दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था।

# एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए 24 सदस्यीय टीम घोषित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चोटों के कारण तीन फारवर्ड खिलाड़ियों को खोने के बाद भारतीय सीनियर महिला टीम के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने सोमवार को एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए थाईलैंड जाने वाली 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

क्वालीफायर के लिए 23 खिलाड़ियों की अंतिम टीम की घोषणा पहले मैच से पूर्व की जाएगी। भारतीय टीम को क्वालीफायर के ग्रुप बी में रखा गया है जहां उनका सामना मंगोलिया (23 जून), तिमोर लेस्ते (29 जून), इराक (दो जुलाई) और मेजबान थाईलैंड (पांच जुलाई) से होगा। ग्रुप विजेता मार्च 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे। महिला एशियाई कप फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 का भी क्वालीफायर है।



### टीम इस प्रकार है

**गोलकीपरः** एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी, पायल बसुदे। **डिफेंडरः** हेमाम सिल्की देवी, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजौबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू, सोरोखैबम रंजना चानू। **मिडफील्डरः** अंजू तमांग, ग्रेस डांगमेई, कार्तिका अंगमुथु, नोंगमैथेम रतनबाला देवी, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, संगीता बासफोर। **फारवर्डः** लिंडा कोम सर्टो, मालविका पी, मनीषा कल्याण, मनीषा नाइक, प्यारी शाशा, रिम्पा हलदर और सौम्या गुगुलोथ।

कोई भी खिलाड़ी अतिरिक्त सत्र खेलने से वंचित न रहे

# बीसीसीआई आयु निर्धारण के लिए कराएगा अतिरिक्त अस्थि परीक्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने एक महत्वपूर्ण कदम के तहत जूनियर स्तर पर खिलाड़ियों का अतिरिक्त अस्थि परीक्षण (बोन टेस्ट) कराने का फैसला किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी खिलाड़ी अतिरिक्त सत्र खेलने से वंचित न रहे। मौजूदा मानदंडों के अनुसार खिलाड़ी टीडब्ल्यू3 विधि के माध्यम से आयु निर्धारण के लिए अस्थि परीक्षण से गुजरता है। इसमें उसके उम्र का आकलन अस्थि परीक्षण की उम्र में एक जोड़कर किया जाता है। नियम में बदलाव के साथ हालांकि अंडर 16 लड़कों की श्रेणी में किसी क्रिकेटर को अगले सत्र में उसी आयु वर्ग में खेलने की अपनी पात्रता निर्धारित करने के लिए दूसरे अस्थि परीक्षण से गुजरना होगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'ऐसा सटीक उम्र जानने के साथ यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि कोई भी खिलाड़ी वैज्ञानिक गणना के बजाय गणितीय गणना के कारण खेलने से ना चूके।'



### एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लांच में देरी

*लंदन। अहमदाबाद में हाल में हुए विमान हादसे के कारण भारत और इंग्लैंड के बीच आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के अनावरण में देरी हो गई। पूर्व भारतीय कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के सम्मान में इसे पहले पटौदी ट्रॉफी कहा जाता था, लेकिन अब इसका नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, 'एटीटी ट्रॉफी के अनावरण में अहमदाबाद में हाल में हुई दुर्घटना के कारण देरी हुई है। इसे रद्द नहीं किया गया है। उम्मीद है कि श्रृंखला शुरू होने से पहले ट्रॉफी का अनावरण कर दिया जाएगा।'*



Blend of 8 Effective Ayurvedic Oils
Dr. Juneja's डा.ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
ज्योतिष्मती तेल - रक्त संचारण में सुधार कर जोड़ों के लचीलेपन को बढ़ाने में सहायक है।
गन्धपुरा तेल - जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों में अकड़न और गठिया में सहायक।
निर्गुण्डी तेल - नसों के दर्द और जोड़ों की ऐंठन में फायदेमंद है।
चीड़ तेल - मांसपेशियों व सम्पूर्ण जोड़ों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक।
पुदीना तेल - इसके ठंडक देने वाले गुण दर्द एवं सूजन को शांत करते है।
कपूर तेल - जोड़ों में अकड़न एवं दर्द कम करने में उपयोगी।
तिल तेल - मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द एवं सूजन के लिए लाभकारी।
अलसी तेल - जोड़ों और मांसपेशियों में सूजन कम करने में सहायक है।




8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल अंदर तक समाकर दर्द को कम करने में सहायता करता है। आयुर्वेदिक तेलों का यह मिश्रण उपयोग करने में सुरक्षित है। इसे खुले जख्मों पर न लगाएं।
मिलते जुलते नामों, विज्ञापन से सावधान
Clinically Tested* *For efficacy and safety.
• 24x7 Helpline: 7876977777
• www.drorthooil.com
UIN-A02-AY-PB-2025

**दुकानदार बृजेश लोधी ने कहा- मुख्यमंत्री बड़े सहज और सरल हैं**

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने काफिला रोक कर दुकान पर पी चाय

> कभी सोचा नहीं था कि मेरी दुकान में चाय पीने आएंगे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर के बेलखेड़ा में सोमवार को राज्य स्तरीय लाड़ली बहना एवं महिला सम्मेलन में शामिल होने के बाद सड़क मार्ग से डुमना विमानतल के रास्ते में काफिला रूकवाकर अंध-मूक चौराहा स्थित शंकर चाट भंडार के स्टॉल पर चाय का आनंद लिया। इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं अखिलेश जैन भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने दुकानदार बृजेश लोधी से कुशलक्षेम पूछी और उनके परिवार और व्यवसाय के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री को अकस्मात अपनी दुकान में पाकर बृजेश प्रफुल्लित हो गये, उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था कि उसकी छोटी सी दुकान में स्वयं मुख्यमंत्री चाय पीने आए हैं। बृजेश ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उसके जैसे छोटे दुकानदार से भी बड़ी ही आत्मीयता से मिले। बृजेश ने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर बहुत खुशी हुई, हमारे मुख्यमंत्री बड़े सहज और सरल स्वभाव के हैं।



# अतुलनीय मध्य प्रदेश बना पर्यटकों की पहली पसंद

## वर्ष 2024 में पहुंचे 13.41 करोड़ सैलानी, मध्य प्रदेश में पर्यटन ने बनाए नए रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पर्यटन की दृष्टि से मध्य प्रदेश भारत का एक समृद्ध और विविधतापूर्ण राज्य है। यहां की विशेषता इसकी सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहरें, प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीव संपदा में निहित है।

यही कारण है कि अतुलनीय मध्य प्रदेश पर्यटकों की पहली पसंद बन रहा है। प्रदेश ने वर्ष 2024 में पर्यटन के क्षेत्र में कीर्तिमान रचा है। यहां रिकॉर्ड 13.41 करोड़ पर्यटकों का आगमन हुआ। यह उपलब्धि 2023 की तुलना में 19.6%, 2019 से लगभग 50.6% और 2020 की तुलना में 526% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है।



### भारत का एक समृद्ध और विविधतापूर्ण राज्य है मप्र

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से मध्य प्रदेश भारत का एक समृद्ध और विविधतापूर्ण राज्य है। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक संपदा, ऐतिहासिक धरोहरें और वन्यजीव विविधता, पर्यटकों को एक सम्पूर्ण अनुभव प्रदान करती हैं।

## खबर संक्षेप

### नर्सिंग होम एसोसिएशन प्रतिनिधि मंडल ने की नए सीएमएचओ से भेंट



**भोपाल।** निजी क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा से सौजन्य भेट की। इस दौरान निजी स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा शासन के सहयोग से दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई। प्रतिनिधि मंडल में डॉ अनूप हजेला, डॉ. रणवीर सिंह, डॉ संजय गुप्ता, डॉ. महेश गुप्ता, डॉ. विनोद जैन, डॉ. उमेश शारदा, डॉ. राहुल खरे सहित बड़ी संख्या में निजी चिकित्सकगण शामिल हुए। प्रतिनिधि मंडल से डॉ शर्मा ने कोविड-19 की तैयारियों को लेकर अस्पताल संचालकों से चर्चा की। साथ ही टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग का आह्वान किया गया।

### पंद्रह अगस्त तक मछली पकड़ने पर रोक

**भोपाल।** सोलह जून से 15 अगस्त तक की अवधि तक क्लोज सीजन में नदियों और जलाशयों में किसी भी प्रकार के मछली पकड़ने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया है। छोटे तालाब या अन्य जलस्त्रोत, जिनका किसी नदी से कोई संबंध नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के तहत नहीं लाया गया है, इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। इसके अतिरिक्त, अवैधानिक मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनिमय या परिवहन करना भी प्रतिबंधित है। आदेश का उल्लंघन करने पर एक वर्ष का कारावास या पांच हजार रुपए तक का जुर्माना, दोनों से दंडित किया जा सकता है।

### कुख्यात बदमाश ने डाली दो लाख की अड़ी

**भोपाल।** टीलाजमालपुरा पुलिस ने कुख्यात बदमाश शोएब उर्फ अन्ना पर अड़ीबाजी का प्रकरण दर्ज किया है। आरोप है कि उसने झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर युवक पर दो लाख रुपए की अड़ी डाली है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आरोपी कोहेफिजा थाने में हत्या के प्रयास के प्रकरण में फरार है। पुलिस के अनुसार उबैद (42) करोंद में रहता है और मैकेनिक है। कांग्रेस नगर में आरोपी शोएब उर्फ अन्ना ने उबैद को रोक लिया। उसने कहा कि तुम्हारा कारोबार ठीक चलता है दो लाख रुपए की व्यवस्था कर दो। बात नहीं मानने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी, साथ ही झूठे केस में जेल पहुंचाने की भी धमकी दी।

**जिले के 33 पटवारी, 30 पंचायत सचिवों के हुए थे तबादले**

# हुजूर से दो पटवारी हुए रिलीव चार तबादले रुकवाने में जुटे

पंचायत सचिवों की पैरवी कर रहे जिला पंचायत सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सालों बाद जिले के पटवारी और पंचायत सचिवों के तबादलों के बाद तबादले रुकवाने की कवायद तेज हो गई है। इसी का नतीजा है कि अब तक कुछ ही पटवारी और पंचायत सचिवों को रिलीव किया गया है। हुजूर के पटवारी अरविंद सक्सेना और शैलेष साकेत को रिलीव किया गया है। जबकि दस पटवारियों ने अब तक दस पटवारियों को रिलीव नहीं किया गया है। इसी तरह बैरसिया, कोलार सहित अन्य वृतों के पटवारी भी अपना तबादला निरस्त कराने की जोर आजमाइश कर रहे हैं। रोजाना कलेक्टर के पास ही आधा दर्जन से ज्यादा आवेदन तबादला निरस्त करने के मिल रहे हैं। हुजूर तहसीलदार अनुराग त्रिपाठी का कहना है कि जिन पटवारियों के तबादले हुए हैं, उन्हें रिलीव किया जा रहा है। अब तक दो पटवारियों को रिलीव किया गया है। अन्य पटवारियों की ज्वाइनिंग के साथ ही अन्य को भी रिलीव कर दिया जाएगा, जिससे काम प्रभावित न हो।




### कद्दावर पटवारियों को नहीं हटाया

भोपाल में करीब 190 पटवारी हैं। वहीं, राजस्व निरीक्षकों की संख्या लगभग 35 है। नियमानुसार 3 साल में पटवारी का हल्का बदल देना चाहिए। लेकिन भोपाल में कई तो एक ही हल्के में 8 साल या इससे ज्यादा समय से पदस्थ हैं। वहीं उन्हें तहसील में पदस्थ हुए 5 से 20 साल तक बीत चुके हैं। इस लिस्ट में करीब अस्सी पटवारियों को इधर से उधर किया जाना था, लेकिन ऊपरी पहुंच की वजह से सिर्फ 33 पटवारियों के तबादले किए गए हैं।

### पंचायत सचिव भी कर रहे लॉबिंग

हाल ही में जिले की 222 पंचायतों में पदस्थ पंचायत सचिवों में से 30 पंचायत सचिवों के जिले में ही तबादले किए गए हैं। इन पंचायत सचिवों ने भी अब तक नई जगहों पर ज्वाइन नहीं किया है। इनमें से अधिकतर पंचायत सचिव जिला पंचायत सदस्यों की मदद से अपने तबादले निरस्त कराने में जुटे हैं। हालांकि अब तक किसी का भी तबादला निरस्त नहीं किया गया है।

# नौ पार्षदों के उप निर्वाचन के लिए मतदान 7 जुलाई को

**भोपाल।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग ने 9 नगरीय निकायों में एक-एक पार्षद के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उप निर्वाचन के लिए मतदान 7 जुलाई को होगा। उप निर्वाचन में 8 हजार 823 मतदाता मताधिकार का उपयोग करेंगे। निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 16 जून से शुरू हो चुका है।

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने जानकारी दी कि नगर पालिका परिषद बैरसिया के वार्ड 7 में कुल 1486, नगरपालिका परिषद सिवनी के वार्ड 11 में 1946, नगर परिषद सांवेर के वार्ड 7 में 1386, गौतमपुरा के वार्ड 15 में 758, ककरहटी के वार्ड 13 में 389, बिछिया के वार्ड 13 में 576, खांड के वार्ड 8 में 375, न्यूटन चिखली के वार्ड 4 में 512 और नगरपरिषद भीकनगांव के वार्ड 5 में 1395 कुल मतदाता है।

यहां पर पार्षद पद के लिए उप निर्वाचन होगा। नाम निर्देशन पत्र 23 जून, 2025 तक लिए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 24 जून को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 26 जून है। इसी दिन अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन भी किया जाएगा। मतदान 7 जुलाई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

**सीजीएसटी विभाग ने जीएसटी पखवाड़ा शुरू करने मनाया जीएसटी कॉन्क्लेव**

# भारत में बिना मॉनिटरिंग के कर को एकत्रित करना बहुत कठिन : ज्वॉइंट कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीएसटी को लागू हुए 8 वर्ष होने वाले हैं इसके लिए सीजीएसटी विभाग द्वारा सोमवार से 30 जून तक जीएसटी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसकी शुरुआत में विभाग द्वारा जीएसटी कॉन्क्लेव का आयोजन कार्यालय में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि मुख्य आयुक्त मानस रंजन मोहंती ,प्रमुख आयुक्त एन.पदमश्री, अपीलीय आयुक्त एवं विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में ज्वॉइंट कमिश्नर योगेश यादव एवं जीएसटी वक्ता नवनीत गर्ग ने विचार रखें। मुख्य आयुक्त ने बताया कि भारत में बिना मॉनिटरिंग के कर को एकत्रित करना बहुत कठिन है। उन्होंने कहा कि व्यवसाईयों एवं कर सलाहकारों के सहयोग से ही विभाग कार्य कर पाता है।



### वर्ष 2024 -25 में 1100 पंजीयन की जांच में 282 बोगस पाए गए

योगेश यादव ने बोगस पंजीयन के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2023- 24 में 2649 पंजीयनों की जांच की गई थी जिसमें से 730 बोगस पाए गए थे, वर्ष 2024 -25 में 1100 पंजीयन की जांच की गई जिसमें 282 बोगस पाए गए। इसी कारण सरकार को नए पंजीयन देते समय आधार प्रमाणीकरण इत्यादि की व्यवस्था लाना पड़ी है। साथ ही उन्होंने बताया की व्यवसायी द्वारा किसी उपभोक्ता को की गई बिक्री को भी किसी व्यवसायी को की गई बिक्री दर्शा कर आगत कर का उपयोग किया जाता है जो कि गलत है।

**गंगा नगर झुग्गी बस्ती में हुई वारदात**

# गाली-गलौज करने पर पड़ोसी को चाकू से गोदा, हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित गंगा नगर झुग्गी बस्ती में रविवार रात एक युवक ने पड़ोसी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। सिर, दोनों पैरों व कमर के निचले हिस्से में चाकू के घांव लगने से उसकी हालत गंभीर बनी हुई हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, पड़ोसी अपने बेटे से गाली-गलौज क रह रहा था। आरोपी को लगा कि वह बेटे के माध्यम से उसे गालियां दे रहा है। इसी बात को लेकर उसने पड़ोसी पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार गंगा नगर झुग्गी बस्ती निवासी आर्यन उर्फ अर्जुन मेहरा (30) प्राइवेट काम करता है। रविवार रात करीब 9 बजे वह अपने घर के सामने बैठकर खाना खा रहा था। उसकी पत्नी काजल मेहरा और बेटा भी वहां मौजूद थे। किसी बात को लेकर आर्यन उर्फ अर्जुन अपने बेटे को गालियां देने लगा।

**कोर्ट ने आरोपियों की जमानत निरस्त की**

# वन विहार के विवेचना अधिकारी ने कोर्ट के समक्ष रखा पक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल वन विहार राष्ट्रीय उद्यान शिकार के इरादे से घुसे (दो नाबालिग और एक बालिग) तीनों आरोपियों की जमानत आवेदन सोमवार को कोर्ट ने निरस्त कर दिया। मामले में आरोपी बनाए गए दो नाबालिग को बाल सुधारगृह भेजा गया है, तो वहीं एक अन्य आरोपी को जेल भेज दिया गया।

दरअसल सोमवार को कोर्ट में इस मामले पर वन विहार राष्ट्रीय उद्यान शिकार के इरादे से घुसे तीनों आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई थी, लेकिन वन विहार विवेचना अधिकारी ने कोर्ट में मजबूती से अपना पक्ष रखा। इसके चलते कोर्ट ने याचिका को निरस्त कर दिया। तीनों आरोपी मंडीदीप के रहने वाले थे। इनमें जहां दो नाबालिग हैं, जिनकी उम्र 13 और 16 वर्ष है, जबकि तीसरा युवक 21 वर्ष का था। वन विहार प्रबंधक ने रात के समय सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दी है। साथ ही अला-अधिकारी भी सुरक्षा व्यवस्था में नजर रख रहे है।

## तीसरी आंख



### मंत्री जी.. तबादले में यह नई व्यवस्था क्या है?

इस वक्त तबादले का सीजन चल रहा है। मंगलवार को अंतिम दिन होगा। तकरीबन सभी विभागों ने अपने हिसाब से तबादले कर दिए। किंतु एक निर्माण विभाग में 4-4 महीने में ही तबादले होने से नाखुशी है। कुछ इंजीनियरों को अभी हाल में भोपाल व नर्मदापुरम में पदस्थ किया गया था। किंतु एक नई व्यवस्था आने से उन्हें हटा दिया गया। यह व्यवस्था कौन सी है, अब इसकी जानकारी लोग जुटा रहे हैं। गड़बड़ी तो इस तरह की है कि उसी व्यवस्था के तहत जूनियर को सीनियर बना दिया गया। जबकि सीनियर नई व्यवस्था में फिट नहीं बैठने पर मनमुताबिक जगह पाने मोहताज हैं। एक मंत्री जी ने तो छांट-छांट कर इस तरह से तबादले किए कि हर तरफ उनकी चर्चा हो रही है। पर खुलकर कोई भी बोलने के लिए तैयार नहीं है। अब मंत्री जी से लोग सवाल कर रहे हैं कि साहब यह नई व्यवस्था क्या है? कोई तो बता दें।

### आखिर सिफारिश पर इंजीनियर को फिर से वहीं करना पड़ गया पदस्थ

शहरों में विकास कार्य कराने वाले एक विभाग में पदस्थ एक इंजीनियर के भ्रष्टाचार की शिकायत पीएमओ तक में हुई। पहले प्रदेश में शिकायत होती थी तो कोई कार्रवाई नहीं होती थी, किंतु शिकायत गंभीर किस्म का होने की वजह से इंजीनियर के खिलाफ कार्रवाई करना पड़ गई। उन्हें निलंबित कर दिया गया। इतना सब तो नियम कायदों के तहत हुआ, पर इसके बाद ऐसा कुछ हुआ कि इस पर सवाल खड़े हो गए हैं। दरअसल, संबंधित विभाग के मंत्री जी ने बिना किसी के परवाह किए निलंबन समाप्त कर पदस्थापना का आदेश जारी करवा दिया। जैसे ही यह आदेश विभाग में लोगों तक पहुंची, चारों तरफ चर्चाएं शुरू हो गई। दरअसल, इंजीनियर ने कहना शुरू कर दिया कि जब दम-खम हो तो शिकायत कोई मायने नहीं रखती। इससे मंत्री जी की नेकनीयती पर सवाल उठना शुरू हो गया है।

### तबादले की फाइल किसी तीसरे ने कुछ इस तरह से अटकाई

राज्य स्तर पर होने वाली तबादले की फाइल मंत्रालय में पांचवीं व चौथी मंजिल के बीच अटक गई है। संभवतः इसी लिए उच्च स्तर पर तबादले की सूची अभी भी जारी नहीं हो पाई। मंत्रालय में अब चर्चा शुरू हुई है कि आखिर में यह तीसरा कौन है, जिसने फाइलें रोक दी है। बताते हैं कि पिछले काफी समय से उच्च स्तर पर तबादले की खबर आए दिन हो रही है। अभी कोई देर रात तो कोई दिन में ही तबादले होने की अलग-अलग जानकारी देता रहता है। पर वास्तव में वह फाइल किसी तीसरे ने अटका दी है। हालांकि इस तीसरे की तलाश अभी तक पूरी नहीं हुई है। बताते हैं कि वह मंत्रालय का भी हो सकता है और बाहर का भी। इसे लेकर कई तरह से कयास लगाए जा रहे हैं।

### साहब को उम्मीद है कि ईएनसी नहीं बने तो क्या निगम तो मिल ही जाएगा...

पानी पिलाने वाले विभाग में एक इंजीनियर के सेवानिवृत्त होने के बाद एक साल के लिए फिर से उसी पद संविदा नियुक्ति दे दी गई थी। इस बार फिर से वे इसी जुगाड़ में थे कि वह पद फिर से मिल जाएगा। इसके लिए पूरी ताकत लगाए हुए थे। किंतु पिछले दिनों जब किसी दूसरे का आदेश जारी हो गया तो साहब नाउम्मीद हो गए। हालांकि उन्होंने एक जुगाड़ और बिठा ली है। जल्दी ही कैबिनेट में उनके नाम का प्रस्ताव एक निगम के लिए आने वाला है। इसके लिए भी उन्होंने पूरी ताकत झोंकी हुई है। बताते हैं कि जैसे ही निगम के लिए प्रस्ताव आएगा, वैसे ही सब कुछ ठीक-ठाक हो जाएगा। चूंकि इस निगम का बजट हजारों करोड़ में है। केंद्र की योजना ही करीब 45 हजार करोड़ रुपए से भी ज्यादा का है। ऐसे में साहब का अब उस पद पर नियुक्त होना तय हो गया है।

हरि अग्रहरि

Dr. Juneja's पेट सफा® Divisa www.divisastore.com
Natural Laxative Granules & Tablets
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्या से परेशान है तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स। यह मुंह में चिपकता नहीं। सोने से पहले खाएं और आराम पाएं।


Clinically Tested*
सहायक है:
कब्ज़
गैस
एसिडिटी
Provides Effective Relief
Balances Digestive Health
Ayurvedic Proprietary Medicine
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores
UIN-A01-AY-PB-2025

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930